हनुमानगढ़ जंक्शन
सोमवार 24 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण तृतीया सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 170 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,209.90 | -269.03 |
| निफ्टी | 23,501.10 | -65.90 |
| डॉलर | 83.56 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 31° अधिकतम 41°

# लोकसभा सत्र का आज होगा आगाज

## नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ, स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का होगा चुनाव

**नई दिल्ली.** संसद का सत्र सोमवार यानी 24 जून से शुरू होकर तीन जुलाई तक चलेगा। इसमें नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी साथ ही नए लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव का अहम कार्य पूरा किया जाएगा। सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और सदन के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। केद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 24 जून से 3 जुलाई तक लोकसभा का पहला सत्र होगा जबकि 27 जून से 3 जुलाई तक राज्यसभा का पहला सत्र बुलाया



जाएगा। इस संक्षिप्त सत्र के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी अपनी नई मंत्रिपरिषद का संसद से परिचय भी कराएंगे। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए बुलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आक्रामक विपक्ष द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश की जा सकती है। प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद यह पहला संसद सत्र होगा। बीजेपी इस बार बहुमत के साथ सत्ता में नहीं लौटी है, हालांकि एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त है। एनडीए सरकार के पास लोकसभा में 293 सीटें हैं, जिनमें से बीजेपी के पास 240 सीटें हैं। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया के पास लोकसभा की 233 सीटें हैं।

# जिस अंगुली को पकड़ आगे बढ़े अब उसी को काटना चाहते हैं लोग: वसुंधरा

» **पूर्व सीएम ने तोड़ी चुप्पी, उदयपुर में हुए कार्यक्रम में राजे के बयान से भाजपा में खलबली**



**जयपुर.** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का एक बयान चर्चा में है। उन्होंने कहा 'वफा का वो दौर अलग था जिस समय राजनीति में आगे बढ़ाने वाले व्यक्ति का सम्मान होता था और वह उसका हमेशा साथ देता था। वहीं वर्तमान समय मे ऐसा नहीं होता। आज लोग उसी उंगली को सबसे पहले काटना चाहते हैं जिसको पकड़कर चलना सीखें हैं।' राजे ने यह बात उदयपुर में सुन्दर सिंह भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट के कार्यक्रम के दौरान कही। ऐसा माना जा रहा है कि काफी समय बात पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने चुप्पी तोड़ी है और इशारों-इशारों में बड़ी बात कही है। उनका इशारा उन लोगों की ओर था जिसे उन्होंने कभी राजस्थान की राजनीति में आगे बढ़ाया, लेकिन आज उनकी राजनीति बदल गई है। यह बयान इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन अपेक्षा अनुकूल नहीं रहा। राजे के इस बयान से भाजपा में खलबली मच गई हैं राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि शायद वसुंधरा राजे को उनके कद के अनुरूप जिम्मेदारियों से वंचित रखा जिसका पार्टी को नुकसान हुआ। पिछले दिनों, भाजपा नेता व पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती का वसुंधरा राजे को लेकर बड़ा बयान सामने आया था। जिसमें वसुंधरा राजे को लेकर उन्होंने कहा था कि वे बड़ी लीडर हैं। पता नहीं क्यों वे चुनाव में कहीं नजर नहीं आईं, अगर वो प्रचार के लिए आतीं तो सीटों पर बड़ा फायदा मिलता। वो चुनावों में क्यों नजर नहीं आईं, इसका कारण मुझे नहीं पता, लेकिन उनके आने से फायदा जरूर होता।

### कटारिया ने सम्मान करने से रोका

राजे जिस कार्यक्रम वो पहुंची थीं, वहां पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी मौजूद रहे। इस दौरान कटारिया की मंच पर एक कार्यकर्ता से बहस भी हो गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री का सम्मान करना चाहता था, लेकिन कटारिया ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने कार्यकर्ता को जबरन मंच से उतार दिया है। यह कार्यक्रम जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि और संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया।

# जन-जन तक नहीं पहुंचेंगे अब गांधी के विचार!

## गहलोत सरकार के एक और फैसले पर सख्त हुई भजनलाल सरकार, गांधी वाटिका पर संकट, उपाध्यक्ष और 15 सदस्यों की नियुक्तियां होंगी रद्द

**जयपुर.** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के एक और फैसले को भजनलाल सरकार बदलने जा रही है। महात्मा गांधी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने जयपुर के सेंट्रल पार्क में गांधी वाटिका का निर्माण कराया। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया था जिनमें से 85 करोड़ रुपए खर्च भी कर दिए गए। इस गांधी वाटिका की देख रेख और सार संभाल एक ट्रस्ट बनाया गया। इस ट्रस्ट को कानूनी रूप देने के लिए विधानसभा में बिल पास किया गया। अब मौजूदा सरकार ने गांधी वाटिका ट्रस्ट को खत्म करने का फैसला किया है। सरकार का मानना है कि ट्रस्ट की जरूरत ही नहीं है। गांधी वाटिका की देख रेख सरकार स्वयं कर सकती है। गांधी वाटिका ट्रस्ट का अध्यक्ष मुख्यमंत्री को बनाए रखने का प्रावधान किया जबकि उपाध्यक्ष सहित 15 सदस्यों के पद सृजित किए गए। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दिल्ली के कुमार प्रशांत को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही पद्मभूषण से सम्मानित जयपुर के गांधीवादी डीआर मेहता, पूर्व महाधिवक्ता जी एस बाफना, पूर्व विधायक गोपाल बाहेती, बनारस के सतीश राव, जयपुर के मनीष शर्मा, झुंझुनूं के धर्मवीर कटेवा, डॉ. निजाम, जोधपुर की आशा बोथरा, भरतपुर के ऋषभ कुमार शर्मा, अलवर के ... शेष पेज 9 पर

# जनता क्लिनिक स्वीकृति पर विधायक का स्वागत



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राज्य सरकार से 70 लाख रुपए मंजूर करवा कर जंक्शन की कैनाल कॉलोनी स्थित राजकीय अस्पताल में स्थाई जनता क्लिनिक की स्वीकृति दिलवाने पर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने रविवार को विधायक गणेश राज बंसल का उनके निवास पर माल्यार्पण कर स्वागत किया व उन्हें मिठाई खिलाई। इस मौके पर पार्षद गुरदीप सिंह बराड़, सुनील अमलानी, विक्की बराड़, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक विजय कौशिक, पूर्व पार्षद रामसिंह सिद्धू, समीर प्रभाकर, राजेंद्र पाल सिंह, अशोक कुमार, कालूराम शर्मा, दीपक चौधरी आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कैनाल कॉलोनी में पिछले 50 वर्षों से सरकारी सीएचसी अस्पताल चल रहा था। उसे दूरदर्शन रिले केन्द्र के पास शिफ्ट किया जा रहा था। जनता ने विधायक से मांग की कि यहां पर स्थाई जनता क्लीनिक खोला जाए। विधायक और सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के प्रयासों से राज्य सरकार ने स्थाई जनता क्लिनिक खोलने की मंजूरी दे दी।

# फर्जी पट्टा जारी करने को लेकर नोहर नगरपालिका चेयरमैन को नोटिस

### स्वायत शासन विभाग जयपुर ने मांगा जवाब

तेज | रिपोर्टर. नोहर

स्वायत शासन विभाग, जयपुर ने नगरपालिका अध्यक्ष मोनिका खटोतिया को नोटिस जारी कर पट्टा अनियमितताओं के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। डीएलबी निदेशक सुरेश कुमार ओला की ओर से शुक्रवार को जारी नोटिस में पट्टा विलेख यानी फ्री होल्ड पट्टा भूमि शखा की पट्टा पत्रावलियों को मंगवाकर कार्यवाही नहीं कराने संबंधित प्रकरणों में जवाब मांगा गया है। नोटिस में चार बिंदुओं पर प्रकरण की जांच रिपोर्ट प्रेषित करते हुए सात दिन में जवाब मांगा गया है। ऐसा नहीं किए जाने पर पालिकाध्यक्ष के विरूद्ध नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### नोटिस में चार आरोप

डीएलबी निदेशक ने नोटिस में लिखा है कि नगरपालिका अध्यक्ष पद पर रहते हुए फ्री होल्ड पट्टा क्रमांक 3270 फर्जी जारी किया गया है। इसका डिस्पेच क्रमांक 3270 डिस्पेच रजिस्टर्ड में अंकित नहीं होकर खाली है। इसे पालिकाध्यक्ष के पद का दुरूयोग माना याग है। दूसरा आरोप है कि पालिकाध्यक्ष रहते हुए पट्टा 3270 जो अपने पति पुत्र रामेश्वरलाल के नाम से पंजीकृत पट्टे के संबंधित पत्रावली कार्मिक अमित कुमार से अन्य पत्रावलियों के साथ मंगवाई गई जो आज तक वापस नहीं लौटाई गई है। तीसरे आरोप में पट्टा क्रमांक 3270 का कनिष्ठ अभियंता के भौतिक सत्यापन में संबंधित भूखंड सं या 186 अनुमोदित प्लान के खसरा नं. 40 में मौजूद न रहकर खसरा 41-1 में स्थित है। साथ... शेष पेज 9 पर

# कोयला खनन करने में बाधाएं दूर करे छत्तीसगढ़ सरकार: नागर

### छत्तीसगढ़ के सीएम से मिले राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर



**जयपुर.** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजस्थान को आवंटित कोल ब्लॉक्स पारसा ईस्ट और कांता बासन (पीईकेबी), परसा तथा केंते एक्सटेंषन से कोयला खनन में आ रही बाधाओं को दूर करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के पहले दिन नागर ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान साय ने अवगत कराया कि राजस्थान को आवंटित कोल ब्लॉक पीईकेबी के वित्त वर्ष 2025-26 से आगामी 6 वर्षों के खनन कार्यों के लिए दी जाने वाली 411 हैक्टेयर वन भूमि के लिए दो दिन पूर्व ही ग्रामसभा से आवश्यक सहमति प्राप्त हो गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही को यथाषीघ्र पूर्ण कर इसे उत्पादन निगम को हस्तांतरित करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। नागर ने साय को अवगत कराया कि पीईकेबी के द्वितीय चरण के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने 25 मार्च 2022 को 1136 हैक्टेयर वन भूमि के संबंध में वन मंजूरी प्रदान की गयी थी। उन्होंने बताया ... शेष पेज 9 पर

# असीम मारकंडे होंगे हनुमानगढ़ के नए मुख्य अभियंता

### अमरजीत मेहरड़ा का जयपुर स्थानांतरण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राजस्थान सरकार ने जल संसाधन विभाग के चार चीफ इंजीनियरों का शनिवार को स्थानांतरण कर दिया। जल संसाधन उत्तर हनुमानगढ़ के मुख्य अभियंता अमरजीत मेहरड़ा का जयपुर स्थानांतरण किया गया है। उनकी नियुक्ति जोलन चीफ इंजीनियर के पद पर की गई है। हनुमानगढ़ में असीम मारकंडे को चीफ इंजीनियर के पद पर लगाया गया है। मारकंडे इससे पहले बीकानेर में चीफ इंजीनियर थे। अमरजीत मेहरड़ा को 2021 में हनुमानगढ़ में चीफ इंजीनियर के पद पर लगाया गया था। उस समय हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले में सिंचाई पानी की मांग को लेकर किसान आंदोलन कर रहे थे। मेहरड़ा ने कार्यभार संभालने के बाद किसान आंदोलन समाप्त करवाया और मांग के अनुसार सिंचाई जानी भी दिया। बीबीएमबी के अधिकारियों और पंजाब के अभियंताओं से भी समन्वय स्थानित कर उन्होंने राजस्थान के किसानों के हित में कार्य किया।

# अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा को किया नमन

» **भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य की पुण्यतिथि**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल जंक्शन की ओर से भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई। नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश तंवर, महामंत्री प्रवीण सिंह परमार, राजन अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश तंवर ने कहा कि अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज बलिदान दिवस है। आजादी के बाद संविधान के लागू होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास किया था। तत्कालीन सरकार की इन्हीं मंशाओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ... शेष पेज 9 पर

# केजरीवाल ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

### दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में हैं दिल्ली के सीएम

**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जमानत को लेकर रविवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। केजरीवाल के वकीलों ने इस पर सोमवार यानी 24 जून को सुनवाई की मांग की है। दरअसल, 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट की वेकेशनल बेंच ने ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाए जाने तक जमानत पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनाएंगे। तब तक जमानत पर रोक रहेगी। 20 जून को शाम 8 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी। जज न्याय बिंदु की बेंच ने कहा था कि ईडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सीधे सबूत नहीं हैं। कोर्ट ने केजरीवाल को 1 लाख के बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी थी। लोअर कोर्ट के फैसले के विरोध में ईडी ने 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट... शेष पेज 9 पर

# शहरी विकास की बाधाएं दूर करने के हों प्रयास: भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने ली नगरीय विकास व स्वायत शासन विभाग के अधिकारियों की मीटिंग, राजस्व आय बढ़ाने पर दिया जोर

**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के शहरी निकायों में विकास कार्यों व योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आमजन की जरूरत के अनुसार विकास परियोजनाओं के माध्यम से आधारभूत ढांचे विकसित किए जा रहे हैं। पानी, बिजली, सड़क की सहज उपलब्धता के जरिए संस्थागत रूप से शहरी विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास व आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में उपलब्ध संपत्ति का उपयोग



कर अपनी आय बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने स्वायत्त शासन विभाग को नगरीय विकास कर संग्रहण प्रणाली को बेहतर बनाकर राजस्व आय बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने बैठक में जयपुर विकास प्राधिकरण की पूर्ण एवं प्रगतिरत विकास परियोजनाओं समीक्षा की। शर्मा ने जेडीसी मंजू राजपाल को निर्देशित किया कि सेक्टर रोड़ बनाने के कार्य में तीव्रता लाई जाए। उन्होंने हाईटेक सिटी के निर्माण के लिए जेडीसी को कार्ययोजना तैयार करने, एयरपोर्ट से टोंक रोड एवं आगरा रिंग रोड कनेक्टिविटी व रेलवे स्टेशन से सीकर रोड तक कनेक्टिविटी के लिए एलिवेटेड रोड का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एसएमएस अस्पताल में निर्माणधीन आईपीडी टावर की पार्किंग निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन टी. रविकान्त, आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार इन्द्रजीत सिंह सहित नगरीय विकास व आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### समयसीमा में विकास परियोजनाओं को पूरा करें

सीएम भजनलाल शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत शेष... शेष पेज 9 पर

# नोहर चंद अग्रवाल का निधन



**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ निवासी नोहर चंद अग्रवाल का आज जयपुर में निधन हो गया। लगभग 85 वर्षीय नोहर चंद अग्रवाल हरदिल अजीज एवं बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक थे। वे अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन का समाचार मिलते ही मित्रों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। हनुमानगढ़ के प्रमुख उद्योगपति रहे नोहर चंद अग्रवाल पिछले कई वर्षों से जयपुर में निवास कर रहे थे। नोहर चंद अग्रवाल का अंतिम संस्कार आज 24 जून को चांदपोल मुक्तिधाम, जयपुर में किया जाएगा। उनकी शवयात्रा सोमवार को प्रातः 10 बजे उनके निवास स्थान डी-121, कबीर मार्ग, बनी पार्क जयपुर से चांदपोल मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। तेज परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनकी दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दे।












# बाढ़ प्रबंधन की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक

## नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों: अमित शाह



नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने देश में बाढ़ की समस्या कम करने के लिए व्यापक और दूरगामी नीति तैयार करने के दीर्घकालिक उपायों की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने पिछले साल हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। इसके साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी बैठक के दौरान चर्चा हुई। अमित शाह ने ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की। साथ ही उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट इमेजिज़ के विभिन्न एजेसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का आपदा प्रबंधन "Zero casualty approach" के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए एनडीएमए द्वारा जारी एडवाइज़री को समय पर लागू करने की अपील की। उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों को हर साल 'calibrate' करना चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। शाह ने कहा कि केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। शाह ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए। शाह ने कहा कि उत्तरपूर्व में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को डाइवर्ट करने की व्यवस्था हो, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई व् पर्यटन विकसित हों। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा। अमित शाह ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और पर्यावरण मंत्रालय को आग लगने से पहले ही इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए नियमित रूप से फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ समय-समय पर मॉक ड्रिल करने की ज़रूरत पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने एक ही स्थान पर बार-बार आग लगने की घटनाओं का विश्लेषण करने को भी कहा। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग की घटनाओं से निपटने के लिए विस्तृत मैनुअल तैयार करने को भी कहा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने बिजली गिरने को लेकर मौसम विभाग की चेतावनियों को एसएमएस, टीवी, एफएम रेडियो और अन्य माध्यमों से समय पर जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा विकसित मौसम, वर्षा और बाढ़ चेतावनी संबंधित एप्स को एकीकृत किए जाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, जिससे इनका लाभ लक्षित आबादी तक पहुंच सके। शाह ने निर्देश दिया कि चूंकि बाढ़ सहित किसी भी आपदा के समय समुदाय ही सबसे पहला Responder होता है यानि आपदा से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाता है, इसलिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों में तालमेल होना चाहिए तथा इन्हें एकीकृत किया जाना चाहिए, ताकि इनका अधिकतम प्रभाव हो सके। बैठक के दौरान भारतीय मौसम विभाग, केन्द्रीय जल आयोग और एनडीएमए ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी संबंधित विभागों ने पिछले साल हुई बाढ़ समीक्षा बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने मौजूदा मानसून के लिए की गई अपनी तैयारियों और भविष्य की कार्ययोजना के बारे में भी जानकारी साझा की। बैठक में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय गृह सचिव, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालयों एवं विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य और विभागाध्यक्ष, एनडीआरएफ और आईएमडी के महानिदेशक, एनएचएआई के अध्यक्ष, एनआर एससी और सीडब्ल्यू सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राजगढ़ नगरपालिका ईओ स्वायत शासन विभाग के निदेशक के आदेशों की उड़ा रहा है धज्जियां

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

राजगढ़ नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी सुमेरसिंह श्योराण द्वारा सफेदपोश अपने मनचहेते दलालों के इशारों पर खुलेआम सरकारी आदेशो की धज्जियां उड़ाते हुए नगर पालिका की वित्तीय स्थिति खराब होने पर भी बिना बजट उपलब्धता के लेखाधिकारी और विकास शाखा प्रभारी और सफेदपॉश दलालों से मिली भगत कर लाखो रुपयो के टेंडर जारी कर दिए। इस संदर्भ में पालिका के अनेक पार्षदों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर वरिष्ठ संपादक मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार को बताया कि माह मार्च में डीएलबी डायरेक्टर स्वायत्त शासन विभाग निदेशक सुरेश ओला ने स्पष्ट आदेश जारी किये थे कि राजस्थान की समस्त पालिकाओ द्वारा निकाय क्षेत्र में सभी प्रकृति विकास कार्य,सामग्री आपूर्ति, वाहन किराया, टीपर एवम् ट्रेक्टर मरमत आदि कार्यों के आदेश संवेदक या संस्था को बिना किसी वित्तीय उपलब्धता के जारी नही किए जावे तथा ना ही किसी प्रकार की निविदा, खरीद की जावे। यदि आदेशों की किसी भी कार्मिक या अधिकारी द्वारा अवहेलना कर उक्त प्रकृति का नियम विरुद्ध कार्य किया जायेगा तो उस कार्य के भुगतान, पेनल्टी आदि की देनदारी की संबंधित दोषी की व्यक्तिगत होगी। यह भी बताया कि जबसे ईओ श्योराण ने ज्वाइन किया है तब से खुले आम राजकीय नियमो,आदेशों की खुली अवहेना की जा रही है ।इस महाशय ने तो निवाचन विभाग को भी कुछ नहीं समझा और आदर्श आचार संहिता का उलघन कर अपनी चहेते दलालों को टेंडर, कोटेशन जारी कर भुगतान लेखाधिकारी से मिली भगत कर दिया व ट्रेक्टर और टिप्पर मरमत कार्यो के कार्यादेश होने के उपरांत भी तीनो ने मिलीभगत कर बिना किसी निविदा या कार्यादेश के लाखो रूपयो का भुगतान कर फर्जीवाड़ा किया है ,जो जांच और खोज का विषय है। सूत्रों से पता चला है की नगरपालिका अधिशासी अधिकारी राजगढ़ में ही जमे रहने के लिए अपने साथी छुटभैयानेता एवं सफेद पोश ठेकेदार के साथ ऊंची अप्रोच लगाने में व्यस्त रहते है। आम जन चर्चा में सुनने को आ रहा है कि विकास शाखा प्रभारी एवं लेखाधिकारी का एक चहेता संवेदक तो सारे दिन भर इन दोनो के इर्द गिर्द घूमता रहता है तथा सारी बाहर भीतर की रिपोर्ट देता है। इस ईओ ने तो यहां तक भी नहीं बक्सा कि स्वच्छ भारत अभियान में लगे संविदा कार्मिक को शाखा प्रभारी बना दिया जो स्वयंभू ईओ बना बैठा और विभाग की पत्रावलियों पर खुले आम टिपणी कर अपने हस्ताक्षर करता है इसने भी एक चेला ठेकेदार दलाली के रूप में तैयार कर रखा है।विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार भूमि शाखा का एक पट्टा नियंत्रक चाटुकार जो की सफाई कार्मिक होते हुए भी राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे भवन निर्माण कार्य स्थलों पर जाकर अपने आप को पालिका जेईएन बताकर निर्माण स्वीकृति की मांग करता है स्वीकृति उपलब्ध नहीं हो तो चौथ वसूली गांधी सलाम करता है।

# जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ की कार्यकारिणी की घोषणा

तेज. रिपोर्टर | नोहर



जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ कि नई कार्यकारिणी के चुनाव यहां वार्ड नं. 2 स्थित सामुदायिक भवन में चुनाव अधिकारी हरिशचंद्र शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुये। इन चुनावों में सभी पदो पर नाम वापसी पर लेने के उपरांत सभी पदो पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इस मौके पर राजस्थान फुटबॉल संघ से राजेन्द्र सिंह व जिला ऑलम्पिक सह सचिव हरवीर सिंह पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। इन चुनावों में जिले के सभी क्लबो के पदाधिकारी व पूर्व कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे। निर्विरोध हुये इन चुनावों में जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ के अध्यक्ष पद पर सुनील राव व सचिव पद पर शशिकांत शर्मा का निर्वाचन हुआ। शशिकांत शर्मा लगातार तीसरी बार सचिव बने है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर महेश ढ़िल, जुल्फिकार पठान व गुलफाम खान का निर्वाचन हुआ। संयुक्त सचिव के पद पर विजय तिवाड़ी, राजेश, शमशेर खान, कोषाध्यक्ष पद पर गुलजार अहमद का निर्वाचन हुआ। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मोहम्मद यूनस, पवन सांखी, पारस कुमार व मूलचंद का निर्वाचन हुआ। जिला फुटबॉल संघ के नवनिर्वाचित सचिव शशिकांत शर्मा ने बताया कि उनका मुख्य ध्येय युवा पीढ़ी को फुटबॉल से जोडना है। युवा पीढ़ी जब फुटबॉल से जुड़ेगी तभी फुटबॉल की नई पौध तैयार होगी। इस मौके पर शशिकांत शर्मा ने जिला फुटबॉल संघ द्वारा पूर्व में करवाई प्रतियोगिताओं व आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

# ट्रेलर का डीजल टैंक फटा, मौत: वेल्डिंग करते समय हुआ धमाका, दुकानदार ने दम तोड़ा

जयपुर। वेल्डिंग करते समय एक ट्रेलर का डीजल टैंक फटने से आग लग गई। धमाके के साथ ट्रेलर में भीषण आग लग गई। आग में झुलसने से वेल्डिंग करने वाले दुकानदार की मौत हो गई। वहीं, ट्रेलर ड्राइवर का इलाज चल रहा है। करधनी थाने में मृतक के भतीजे ने लापरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज करवाया है। एएसआई जगदीश प्रसाद ने बताया की मृतक अब्बास हुसैन (45) संजय नगर-बी झोटवाड़ा के रहने वाले थे। वह करीब 4 साल से कनकपुरा कंटेनर डिपो के पास लक्ष्मी नगर में अगवान फेब्रिकेशन एंड रोलिंग शटर के नाम से शॉप करते थे। 13 जून को दोपहर वह परिचित दौलतराम कुमावत के साथ दुकान पर बैठे थे। दोपहर करीब 3 बजे दुकान के बाहर एक ट्रेलर आकर रुका। नीचे उतरकर आए ड्राइवर ने ट्रेलर में वेल्डिंग करने के लिए कहा। दुकानदार अब्बास हुसैन ने ड्राइवर को ट्रेलर की बैटरी के तार और डीजल टैंक का ढक्कन खोलने के बाद बताने के लिए कहा। कुछ देर बाद ट्रेलर ड्राइवर ने बैट्री के तार और डीजल टैंक का ढक्कन खोलना बताया। विश्वास में अब्बास हुसैन ने बिना चैक किए वेल्डिंग करना शुरू कर दिया। वेल्डिंग करते समय अचानक ट्रेलर की बैटरी में आग लग गई। आग डीजल टैंक तक पहुंच गई। जो धमाके साथ फट गया। आग ने ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से दुकानदार अब्बास हुसैन और ट्रेलर ड्राइवर बुरी तरफ झुलस गए। हादसे की सूचना पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर झुलसी हालत में दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। पुलिस ने फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन ट्रेलर जलकर कबाड़ में बदल गया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 17 जून को दुकानदार अब्बास हुसैन की मौत हो गई। घायल ट्रेलर ड्राइवर को इलाज चल रहा है। मृतक के भतीजे मोहम्मद साकिब ने ट्रेलर ड्राइवर की लापरवाही के चलते मौत होने का आरोप लगाते हुए करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

# एएनएम से रेप का मामला: कलक्टर और एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

## कार्मिकों ने दी सामूहिक अवकाश की चेतावनी



तेज. रिपोर्टर | चूरू

सुजानगढ़ थाना क्षेत्र में एएनएम के साथ हुए रेप के मामले को लेकर रविवार की शाम चूरू कलेक्टर पुष्पा सत्यानी और एसपी जय यादव ने सुजानगढ़ थाने में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली। जिला कलेक्टर और एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर निर्देश दिए। डीएसपी दरजाराम ने बताया कि एक डीएसटी टीम सहित सदर थाने की तीन व एक सर्किल पुलिस की टीम आरोपी को पकड़ने के लिए कई जगहों पर दबिश दे रही हैं। वहीं एसपी ने कहा कि पुलिस टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ आरोपी को पकड़ने में लगी हुई है। जल्दी ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा। बैठक में एडीएम मंगलाराम पूनिया, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, एएसपी दिनेश कुमार, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य कर्मियों ने दी सामूहिक अवकाश की चेतावनी**

इधर घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी दुष्कर्म के आरोपी के नहीं पकड़े जाने पर स्वास्थ्यकर्मियों में गुस्सा है। राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष बजरंग वर्मा ने बताया कि अगर सोमवार सुबह तक आरोपी को नहीं पकड़ा गया तो सभी संघ सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। वहीं चूरु जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर घेराव किया जाएगा।

# घर छोड़कर भागी पत्नी: बेटी को भी ले गई साथ, कॉल कर बोली- मुझे ढूंढना मत

**जयपुर।** जयपुर में एक पत्नी के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। वह बेटी को भी अपने साथ ले गई। इसके बाद पति को कॉल कर बोली- दिल्ली आ गई, मुझे ढूंढना मत। बजाज नगर थाने में पीड़ित ने पत्नी-बेटी की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। हेड कॉन्स्टेबल रामवीर ने बताया- दुर्गापुरा बजाज नगर निवासी युवक ने अपनी पत्नी-बेटी की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। 21 जून को वह सुबह अपने काम पर गया था। दोपहर करीब 1 बजे वापस घर आने पर पत्नी और बेटी गायब मिले। मोबाइल स्विच ऑफ आने पर पत्नी-बेटी की आस-पास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की। काफी ढूंढने के बाद भी दोनों का पता नहीं लगा। करीब 2-3 घंटे के बाद अननॉन मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल उठाने पर पत्नी से दो मिनट बात हुई। पत्नी बोली- मैं दिल्ली आ गई। मुझे ढूंढना मत। इतना कहकर कॉल काट दिया। बार-बार प्रयास करने पर मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा। बजाज नगर थाने पहुंचकर शनिवार शाम पीड़ित ने पत्नी-बेटी की गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर गुमशुदा मां-बेटी की तलाश कर रही है।

# भादरा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित



तेज. रिपोर्टर | भादरा

भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् व प्रखर राष्ट्रवादी विचारक परम् पूज्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं ने विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जगदीश गर्ग ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला ओर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। ईस अवसर पर महामंत्री राजकुमार शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, प्रवक्ता प्रदिप गोयल, भागचंद जेवलिया, विमल भानगढीया, दलवीर विजारणीय, भीम सिंह कार्यालय प्रभारी, कन्हैयालाल स्वामी, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुजा पवार, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष भैरों सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 32 व्यापारी जुआ खेलते गिरफ्तार 17 लाख रुपए कैश पकड़े गए

**जयपुर।** जयपुर के जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने देर रात 32 जुआरियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 17 लाख रुपए कैश बरामद किए गए हैं। ये सभी जुआरी मालवीय नगर सेक्टर 11 में निर्माणाधीन बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल पर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली जिस पर एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनियां, सीआई जवाहर सर्किल विनोद सांखला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी जुआरियों को डिटेन कर थाने लेकर आए। सीआई जवाहर सर्किल विनोद सांखला ने बताया- हमें मुखबिर से रात साढ़े 11 बजे जानकारी मिली थी। इस पर टीम को तैयार कर रेड मारी गई। जवाहर सर्किल थाने की पुलिस के साथ-साथ एसीपी मालवीय नगर की टीम मौजूद थी। 15 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने पूरी बिल्डिंग में सर्च अभियान चलाया। सर्च के दौरान पांचवीं मंजिल पर 32 लोग जुआ खेलते हुए मिले। सभी को जवाहर सर्किल थाने लाया गया। पुलिस को मौके पर 17 लाख रुपए भी मिले। जो 500 और 100 के नोटों की गड्डियों में थे। इनसे जुआ खेला जा रहा था। कार्रवाई के बाद पुलिस ने 17 लाख रुपए जब्त कर लिए हैं। सीआई जवाहर सर्किल विनोद सांखला ने बताया- पूछताछ के बाद सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। यह एक जमानती अपराध है। इसलिए थाने से ही इन लोगों को छोड़ दिया गया।

# नशा मुक्ति वार्ड युवाओं को दिला रहा नशे से मुक्ति

## » जिला अस्पताल में चल रहा है वार्ड, सात विशेषज्ञों की टीम दे रही हैं सेवाएं

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुरूप और विधायक जयदीप बिहाणी के प्रयासों से जिला अस्पताल में नशा मुक्ति वार्ड शुरू किया गया है, जो युवाओं के साथ-साथ अन्य लोगों को भी नशे से मुक्ति दिलाने में अहम योगदान दे रहा है। जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशन में पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा व वार्ड प्रभारी डॉ. बृजेश महावत के नेतृत्व में सात मनोरोग विशेषज्ञों की पूरी टीम यहां बेहतरीन सेवाएं दे रही हैं। पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा ने बताया कि जनवरी में विधायक जयदीप बिहाणी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने युवाओं में नशे को लेकर चिंता व्यक्त की। वहीं पूछताछ में सामने आया कि सरकारी स्तर पर कोई नशा मुक्ति केंद्र संचालित नहीं है। ऐसे में उन्होंने तत्काल अलग से वार्ड बनाने, बैड, आवश्यक संसाधन एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित पूरी टीम लगाने के निर्देश दिए। उनके निर्देशों की पालना में ही नशा मुक्ति वार्ड शुरू करते हुए विशेष टीम लगाई गई, जो अब बेहतरीन कार्य कर ही है।चिकित्सक यहां नशा करने वालों को भर्ती करते हैं और उनका उपचार करने के साथ ही नियमित रूप से काउंसलिंग करते हैं। जब शारीरिक व मानसिक रूप से वे नशा छोड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं तब उन्हें परिजनों की देखरेख में छुट्टी दे दी जाती है। केंद्र की टीम इन लोगों से बाद में भी संपर्क में रहती है और उनसे काउंसलिंग जारी रखते हैं ताकि वे फिर से गलत संगत में पड़ नशा शुरू न करें।

**अब तक 157 को मिला उपचार:** सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि जनवरी में शुरू हुए नशा मुक्ति केंद्र में जनवरी में 6, फरवरी में 25, मार्च में 38, अप्रैल में 41, मई में 48 और जून में अब तक 28 लोग भर्ती हो चुके हैं। इनमें अधिकांश युवा हैं। अतिगंभीर मामलों के चलते केवल दो मरीजों को रैफर किया गया है जबकि 157 का सफल उपचार किया जा चुका है। अभी 10 का उपचार जारी है। यहां भर्ती होने के बाद किसी की मृत्यु नहीं हुई है।

**मुझे दिलाई नई जिंदगी:** नशा मुक्ति वार्ड से छुट्टी लेने के बाद अपनी सामान्य जिंदगी जी रहे गांव भादूवाला ढाणी निवासी मनफूल सिंह बताते हैं कि वे पहले पोस्त खाते थे और इसके बाद मेडिकल नशे की लत लग गई। बकौल मनफूल सिंह, 'मेरी हालत दिनों दिन बिगड़ती गई एवं परिवार वाले, दोस्त व रिश्तेदार दूरी बनाने लग गए। मैंने हौसला कर नशा छोड़ने की सोची, लेकिन इतने पैसे नहीं थे कि निजी केंद्र पर इलाज करवा पाता। सामान्य दवाई लेने जिला अस्पताल आया तो यहां एक परिचित ने नशा मुक्ति वार्ड में भर्ती करवा दिया। यहां के चिकित्सकों एवं स्टाफ ने बहुत अच्छा व्यवहार किया और बेहतरीन उपचार किया। आज मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं, नशे से दूर हूं और युवाओं से अपील करता हूं कि वे मन से दृढ़ होकर जिला अस्पताल में भर्ती होकर अपना उपचार करवाएं ताकि जिंदगी बेहतर बन सके।'

**सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने संभाला दूसरा मोर्चा**

एक तरफ जहां जिला अस्पताल की टीम नशा मुक्ति केंद्र संचालित कर युवाओं को नशा मुक्त कर रही है, वहीं जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशों पर सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला की टीम नशा बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इनकी बदौलत मुखर्जी नगर स्थित राजस्थान नशा मुक्ति केंद्र, मुखर्जी नगर स्थित देवगुरु मनोरोग क्लिनिक, कोठा पक्की में संचालित भव्या मनोरोग चिकित्सक, साधुवाली स्थित दिशा साइकेट्रिक क्लिनिक, श्रीराम क्लिनिक, जी ब्लॉक स्थित श्रीराम हॉस्पिटल, सादुलशहर स्थित अमर साइकेट्रिक क्लिनिक का लाइसेंस रद्द करते हुए संचालन बंद करवाया जा चुका है।

# मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित

तेज. रिपोर्टर | नोहर





भाजपा नगर मंडल की ओर से यहां चाचाण धर्मशाला में अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। इस मौके वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतो व विचारों को अपने जीवन में उतारने की बात कही। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीराम गोदारा, संयोजक प्रदुम्न व्यास, सह संयोजक अभिषेक पारीक व वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवाड़ी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश अग्रवाल ,श्रीकृष्ण सोनी नीलम चारण, मालाराम जोशी, नानूराम, विनोद सोनी, पार्षद संतलाल, रतन शक्रवाल, दाताराम जांगिड़,राजकुमार पारीक,श्रवण चारण,सन्नी सारस्वत, किशन लाल जोशी,विजय पाल स्वामी, लोकेश कुमार, विनोद सिखवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इसी प्रकार रावतसर में राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जगदीश सोनी, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, नितेश कुमार डालियां, कुलदीप खिलेरी, सुखराम छींपा, संदीप नाई, दयालाराम छींपा, धनिष्ठर स्वामी, प्रेम सिंह , रामनारायण पंवार, हेमंत पचार, श्रवण, रामकरण, श्याम, कालू राम बुडानिया साहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हक और हकूक के लिए संघर्ष तीखा करने का आह्वान

**» राजस्थान सीड्स कॉरपोरेशन पल्लेदार मजदूर यूनियन सीटू का सम्मेलन सम्पन्न**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़




टाउन स्थित जनशक्ति भवन में राजस्थान सीड्स कॉरपोरेशन पल्लेदार मजदूर यूनियन सीटू का आठवां सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता बसंत सिंह, अरुण व मदन पासवान के तीन सदस्यीय अध्यक्ष मण्डल की ओर से की गई। यूनियन अध्यक्ष बसंत सिंह ने झंडारोहण कर जनता के जनवादी आंदोलनों में शहीद हुए नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मेलन की शुरुआत की। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सीटू जिला महासचिव शेरसिंह शाक्य ने कहा कि देश में मोदी सरकार ने मजदूरों के 44 श्रम कानूनों को चार कोड में तब्दील कर कॉरपोरेट घरानों, देसी-विदेशी कंपनियों को मजदूरों के शोषण करने के लिए खूली छूट दे रखी है। मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा, काम के घंटे, स्थाई रोजगार को खत्म किया जा रहा है। तमाम सार्वजनिक उपक्रमों को पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है। फैक्ट्रियों और कारखानों में में मजदूरों से आठ घंटे की बजाए बारह घंटे काम लिया जा रहा है। इससे साबित होता है कि मोदी सरकार मजदूर विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि देश में पुनः एक बार मोदी सरकार स्थापित हुई है। देश की जनता ने मोदी के अहंकार को तोड़ा है। एनडीए गठबंधन में सरकार बनी है। फिर भी यह कॉरपोरेट नीत सरकार मेहनतकश आवाम और मजदूरों के खिलाफ काम करेगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार की ओर से जो वादे किए गए थे उसमें एक भी पूरा नहीं किया गया। मजदूरों को अपनी समस्याओं को लेकर एकजुट होकर तीखे संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने आने वाले समय में किसानों की कर्ज माफी, फसलों की एमएसपी पर खरीद, मजदूरों के श्रम कानूनों में संशोधन, महिला उत्पीड़न, महंगाई आदि मुद्दों को लेकर संघर्षों को और तीखा करने पर बल दिया। सीटू जिलाध्यक्ष आत्मासिंह ने कहा कि आज के समय में मजदूरों की एकता ही काम करेगी। एकता और संघर्ष के सिवाए मजदूरों के पास कोई रास्ता नहीं है। एकता संघर्ष और समाजवाद के नारे को लेकर सीटू का गठन हुआ था और इसी रास्ते पर चलते हुए एकजुट होकर संघर्ष के पथ पर आगे बढ़ते हुए मजदूरों के हक और हकूक के लिए संघर्षों को तीखा करना होगा। इसके पश्चात सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें बसंत सिंह को अध्यक्ष, ललन सिंह को कोषाध्यक्ष, मिथिलेश को उपाध्यक्ष, बहादुर सिंह चौहान को सचिव, कालूराम, नरेश, राजकुमार को कमेटी सदस्य चुना गया। इस मौके पर संदीप बसोड़, शोपत राम, सुबोध पटेल, भागसिंह, श्रीचंद, जगदीश सहित यूनियन के कई सदस्य मौजूद रहे।

# मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे डॉ. मुखर्जी

**» गांव रोड़ांवाली में हुआ कार्यक्रम**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर रविवार को भाजपा जंक्शन देहात मण्डल अध्यक्ष गोरासिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत रोड़ांवाली में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देहात मण्डल अध्यक्ष गोरासिंह व मण्डल महामंत्री कपिल महला ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी हिन्दुओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया। इस सरकार में वे वित्तमन्त्री बने। इसी समय वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में भारतीय जनसंघ की स्थापना की, इसके पहले अध्यक्ष बने। 1952 के चुनावों में भारतीय जनसंघ (बीजेएस) ने भारत की संसद में मुखर्जी सहित तीन सीटें जीतीं। उन्होंने संसद के भीतर नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया थाञ एक देश एक विधान एक निशान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नारा दिया था। कार्यक्रम में सोशल मीडिया के जिला सहसंयोजक प्रवीण कटारिया, मण्डल महामंत्री कपिल महला, सुभाष सोनी, मण्डल मंत्री महावीर नायक, किसान मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र जांगू, सुनील महला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## केनरा बैंक की धानमंडी ब्रांच में लगी आग

**फर्नीचर, लैपटॉप, प्रिंटर और कुर्सियां जलीं, शॉर्ट सर्किट बना कारण**



**श्रीगंगानगर।** शहर के नई धानमंडी स्थित केनरा बैंक की ब्रांच में रविवार अल सुबह आग लग गई। आग इतनी जबर्दस्त थी कि इसने कुछ ही देर में बैंक में पीछे तक लगी कुर्सियों, मैनेजर केबिन, लैपटॉप, फर्नीचर, प्रिंटर आदि को चपेट में ले लिया। सुबह इस इलाके में गश्त करने वाले चौकीदार ने बैंक से धुआं उठता देखा तो उसे आग लगने का अनुमान हुआ। उसने बैंक के सामने वाले दुकानदार को जानकारी दी। दुकानदार ने केनरा बैंक के मैनेजर को घटना से अवगत करवाया। बैंक के पास ही स्थित पेस्टिसाइड दुकान के संचालक ने बताया कि उन्होंने इस इलाके में सुरक्षा के लिए निजी स्तर पर एक चौकीदार की नियुक्ति की है। रविवार अल सुबह चौकीदार ने बैंक के शटर से धुआं उठता देखा। उसने इसकी सूचना पास की पेस्टिसाइड दुकान के संचालक को दी। दुकान संचालक का मकान दुकान के ऊपर ही बना है। ऐसे में उसने उसी समय घटना की जानकारी बैंक मैनेजर को दी। मौके पर मैनेजर के पहुंचने से पहले ही पड़ोसी दुकानदार ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दे दी। सुबह करीब साढ़े पांच बजे फायर ब्रिगेड पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से बैंक के प्रिंटर, लैपटॉप, पर्दे सहित बड़ी मात्रा में सामान जलकर राख हो गया। शुरुआती तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। फायर ब्रिगेड ने बैंक क शटर खोलने से पहले शीशे तोड़कर करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

## हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की आगामी कार्य योजना पर चर्चा



**श्रीगंगानगर।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की वर्तमान कार्य कारिणी मे विधायक जयदीप बिहाणी जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत है। सोमवार को हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड कि जिला इकाई की चर्चा मीटिंग अध्यक्ष विधायक जयदीप बिहाणी के कार्यालय में हुई। जिसमे अध्यक्ष ने स्काउट एंड गाइड के कार्यो पर चर्चा की उन्होंने कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सानिध्य में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड पूर्ण कृतव्यनिष्ठा के साथ कार्य कर रहा है। रिपु दमन सिंह राज्य संगठन आयुक्त ने जुलाई अगस्त माह मे जिला सम्मेलन करवाने की बात कही । एडवोकेट सुमेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष के अनुसार इस मीटिंग मे श्रीगंगानगर जिले की आगामी कार्य योजना पर चर्चा की गई। इस मीटिंग मे साहिल यादव सहायक राज्य संगठन आयुक्त बीकानेर, दीपक यादव जिला ऑर्गेनाइजर हनुमानगढ़ भी शामिल हुए।

## गायिक अस्मिता जैन का गाना रुद्राष्टकम आज होगा रिलीज

**श्रीगंगानगर।** गंगानगर शहर की उभरती गायिक अस्मिता जैन गाया हुआ रुद्राष्टकम की रिलीज 24 जून को प्रख्यात मीडिया सलाहकार एडगुरु राजकुमार जैन और सौरभ मीडिया की एमडी सौरभ जैन और समाज सेवी विजय गोयल के द्वारा किया जाएगा। अस्मिता ने बताया कि बेहद मधुर आवाज में गाए शिव रुद्राष्टकम को युवा पीढ़ी में लोकप्रिय बनाने के लिए इसे वेस्टर्न और पॉप थीम पर रखा गया है। इसे विशेष रूप से तैयार किया गया है। आज की युवा पीढ़ी धार्मिक भजन और श्लोक आदि सुनना तो पंसद करते हैं, लेकिन उन्हें ज्यादा आकर्षित वेस्टर्न थीम और पॉप म्युजिक करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इसी को आधार बनाकर यह रिलीज किया है। इसकी रिलीजिंग 24 जून, सोमवार को होगी। यू ट्यूब पर हाल में रिलीज हुआ शिव रुउद्राष्टकम ऑडियो और वीडियो दोनो फोर्म में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अन्य प्लेटफॉर्म पर इसके ऑडियो उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि रुद्राष्टकम के वीडियो में तैयार किए गए विजुअल्स में उन्होंने खुद काम किया है। इसके साथ ही इसकी कंपोजिंग भी खुद ही की है। अस्मिता का यह वीडियो मुम्बई में तैयार हो रहा है। इसे लेकर वे बेहद उत्साहित हैं।

# सरदारशहर में बारिश के बाद सड़कों पर भरा पानी

**» वाहन चालक और राहगीर हो रहे परेशान, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा कोई समाधान**

तेज | रिपोर्टर सरदारशहर



बरसात के मौसम में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य रास्तों पर पानी भराव होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बिल्यूबास रामपुरा में तीन दिन पहले हल्की सी बरसात होने के बाद सरदारशहर से साहवा जाने वाली मुख्य सड़क पर बिल्यूबास रामपुरा में पानी भरने के बाद लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बिल्यूबास के ग्रामीण ओम प्रकाश सिहाग और नंदलाल स्वामी ने बताया कि सरदारशहर से साहवा जाने का यह मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से स्कूल के लिए बच्चे निकलते हैं, जिन्हें बारिश के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण मेहरचंद सारण ने बताया कि बैंक, अस्पताल और बाबा रामदेव महाराज मंदिर जाने का मुख्य रास्ता है। इस समस्या को लेकर पीडब्लूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं जिसके चलते एक सप्ताह के बाद मजबूर होकर मुख्य सड़क मुख्य सड़क पर जाम लगाया जाएगा। सरपंच शीशपाल सिहाग ने बताया कि हमने पंचायत समिति की साधारण सभाओं में में पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों के सामने कई बार मुद्दा उठाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। आगामी साधारण सभा के दौरान फिर बैठक में मुद्दा बहुत ही प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

# जाट समाज की 140 प्रतिभाओं का सम्मान

**» जाट महासभा में एकजुट रहने और कुरीतियां त्यागने का दिया संदेश**

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर




अखिल भारतीय आदर्श जाट महासभा की ओर से रविवार को एसएसबी रोड स्थित एक पैलेस में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिले के जाट समाज की 140 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब के अबोहर से विधायक संदीप जाखड़ रहे। विशिष्ट अतिथि सादुलशहर के पूर्व विधायक संतोष सहारण, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप खीचड़, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड़, श्रीविजयनगर नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र लेघा, रायसिंहनगर पंचायत समिति प्रधान सुनीता गोदारा, पदमपुर पंचायत समिति प्रधान हनुमान पूनियां थे। अध्यक्षता नेतेवाला के पूर्व सरपंच हेतराम सहारण ने की। अतिथियों ने जाट समाज के लोगों को एकजुट होकर रहने और कुरीतियां त्यागते हुए शिक्षा की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। जिले के जाट समाज की प्रतिभाओं को शिक्षा, स्पोर्ट्स, सामाजिक गतिविधियों, अंगदान, गोल्ड मैडल हासिल करने और राजकीय सेवाओं में बेहतरीन कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संयोजक कृष्ण नैण व आई.पी.सहारण ने बताया कि इस अवसर पर नवनियुक्त आईएएस दीपक नैण, आरएएस अधिकारी अनुसूया सहारण सहित शिक्षा के क्षेत्र में 17, स्पोर्ट्स में 30, सामाजिक कार्यों के लिए आठ व राजकीय सेवाओं में कार्यरत 90 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनके अलावा समाज के तीन अंगदानियों उर्मिला सहारण पत्नी कृष्ण सहारण, सुलोचना झाझड़िया पत्नी उदयपाल झाझड़िया व आदित्य नैण के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सूरतगढ़ के भाजपा नेता हनुमान मील, तपोवन ट्रस्ट के उदयपाल झाझड़िया, जिला परिषद सदस्य विनोद ताखर, वरियामखेड़ा सरपंच सुधीर भादू, ढ़ीगावाली के पूर्व सरपंच योगेश सहारण, रिटायर्ड आरएएस अधिकारी अजयपाल ज्याणी, रिटायर्ड डीआईजी दिलीप जाखड़, रायसिंहनगर एसडीएम सुभाष चौधरी, सूरतगढ़ एसएचओ सुरेश कस्वां, जोधपुर डिस्कॉम के विजीलेंस अधिकारी सुरजीत श्योराण, भादवांवाली सरपंच सोनू, सादुलशहर की जाट लोक सेवा समिति के सुरेन्द्र भाकर, रायसिंहनगर जाट समाज अध्यक्ष आदराम जांदू सहित कई लोग मौजूद थे।

# अस्पताल में पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश: देखभाल की भी ली जिम्मेदारी

**» अधीक्षक ने कहा- प्रत्येक व्यक्ति को करेंगे पौधारोपण के लिए प्रेरित**

तेज | रिपोर्टर चूरू

गवर्नमेंट डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के वार्ड बॉय ने अस्पताल परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। इमरजेंसी वार्ड में कार्य करने वाले वार्ड बॉय योगी रामनाथ सोनू और एंबुलेंस ड्राइवर ने नई इमरजेंसी, पुरानी इमरजेंसी और पार्क में करीब दस पौधे लगाए हैं। वार्ड बॉय योगी रामनाथ सोनू ने बताया- आए दिन टीवी चैनल और अखबारों में बिगड़ते पर्यावरण संतुलन के समाचार देखता हूं। हर कोई अधिक से अधिक पौधे लगाने की बात कहते हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल से मिली प्रेरणा के चलते अस्पताल में पौधे लगाए गए हैं। वार्ड बॉय योगी रामनाथ सोनू ने बताया- पौधे हर कोई लगा सकता है। मगर जिन पौधों को उसने लगाया है, उनमें पानी डालने से लेकर देखभाल भी वह खुद करेगा। फिलहाल इन पौधों को ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित किया गया है। इसके अलावा इन पौधों की बेसहारा पशुओं से देखभाल भी जाएगी। इस संबंध में अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल ने बताया- वार्ड बॉय ने अस्पताल परिसर में पौधे लगाकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में अस्पताल में सघन पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें अस्पताल से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# भूतपूर्व सैनिक की सौ वर्षीय पत्नी से ठगी: कूटरचित दस्तावेज बनाकर हड़पी करोड़ों की जमीन

तेज | रिपोर्टर चूरू

आपणी योजना के पीछे रहने वाली एक सौ वर्षीय बुजुर्ग महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है। कूटरचित दस्तावेज बनाकर महिला की करोड़ों रुपए की जमीन हड़प ली गई। बुजुर्ग महिला ने अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद कोतवाली थाने में नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। बुजुर्ग महिला का पति भारतीय सेना में सूबेदार मेजर था। मामले की जांच कर रहे कोतवाली थाने के एसआई रामप्रताप ने बताया- आपणी योजना के पीछे रहने वाली सौ वर्षीय केशर देवी ने रिपोर्ट दी कि उसका पति नन्दराम भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद पर नौकरी करता था। उसके पति नन्दराम के नाम नगरपालिका के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों को आवंटन होने के आदेश के तहत एक भूखंड नया बास वन विभाग कार्यालय के पास आवंटित किया गया था। जिसकी लीज डीड भी तैयार की गई। उसके रिश्तेदार लोहसना बड़ा निवासी फूलचंद जाट इस लीजडीड में गवाह था। उसके पति अन्य कार्य से बाहर जाने पर रिश्तेदार फूलचंद को पंजीयन कार्यालय में मूल पट्टा और लीज डीड लाने के लिए कहा, जो उसने कुछ समय बाद ले ली। इसी दौरान पति नन्दराम की अचानक तबीयत खराब हो गई। इलाज के बाद 1988 में उसकी मौत हो गई। उस वक्त बच्चे छोटे थे। इस कारण भूखण्ड के दस्तावेज लेने फूलचंद जाट से भूल गए। अब मेरे बेटे सुरेश कुमार और परिवार वालों ने नगर परिषद से हमारे प्लॉट की एनओसी के लिए आवेदन किया। तब पता चला कि फूलचंद ने हमारे प्लॉट पति नन्दराम से खरीदने की प्रमाणित प्रति पेशकर ऑब्जेशन लिया हुआ है। मेरे पति ने अपने जीवन में इस प्लॉट को कभी बेचान नहीं किया था। फूलचंद ने फर्जी कूटरचित रजिस्ट्री तैयार करवाकर उक्त भूखण्ड को हड़प लिया है। कूटरचित दस्तावेजों पर पति के नकली साइन किए गए हैं। करोड़ों रुपए की जमीन को फूलचंद हड़पना चाहता है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जमीन विवाद को लेकर भाजपा नेता पर हमला

**» पहले पंचायत समिति के आगे झगड़ा, फिर सांगलपुरा में लोहे के सरिये से हमला**

तेज | रिपोर्टर बीकानेर



शनिवार को उपसरपंच प्रतिनिधि सुथार पर हुआ जानलेवा हमला,बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे ट्रॉमा सेंटर, विरोध स्वरूप आज नापासर बाजार पूर्णतया बंद,फैला आक्रोश बीकानेर के जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में शनिवार को दो जनप्रतिनिधियों के बीच हुए झगड़े के बाद रविवार को नापासर कस्बे में माहौल तनावपूर्ण हो गया। झगड़े का कारण नापासर के एक उपसरपंच के प्रतिनिधि और सींथल संरपंच के पुत्र के बीच चल रहा विवाद रहा। जिसके बाद हमला करने वालों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस थाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। गामीणों ने नापासर ग्राम पंचायत के भाजपा नेता रामरतन सुथार पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी की मांग की है। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में सांगलपुरा के पास शनिवार को दो पक्ष आपस में झगड़ लिए थे। इसके बाद उपसरपंच मंजू देवी के पति रामरतन सुथार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि नापासर में स्थित क जमीन पर कब्जा किया हुआ। इस कब्जे को हटाने के लिए स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत को शिकायत की थी। जिसके बाद ग्राम विकास अधिकारी नापासर को 19 जून को कब्जा हटाने के आदेश दिए गए। इस आदेश के विरोध में सींथल सरपंच के पुत्र और पूर्व सरपंच गणेशदान नाराज हो गया। आरोप है कि गणेशदान ने रामरतन सुथार को पहले पंचायत समिति के आगे धमकाया, गाली-गलौच की। रामरतन एक टेक्सी में सवार होकर वहां से निकला तो सांगलपुरा के पास एक कार और एक बोलेरो गाड़ी में सवार लोगों ने उस पर हमला कर दिया। एफआईआर में आरोप है कि विक्रम सिंह नामक युवक ने उसके सिर पर लोहे के सरिये से हमला किया। बाद में गणेशदान ने भी हमला किया। जो रामरतन के हाथ में लगी। रामरतन की ओर से लगे आरोपों के आधार पर पुलिस ने मामला आईपीसी की धारा 341, 323, 307, 506, 143 में दर्ज कर जांच शुरू की है।

### नापासर में विरोध शुरू

उधर रविवार सुबह ग्यारह बजे नापासर के ग्रामीणों ने बाजार बंद रखते हुए नापासर थाना अधिकारी जसवीर को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में लिखा कि आरोपियों की गिरफ्तारी एवं सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा बाजार पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से ऑटो सवार 3 लोग घायल: अस्पताल में कराया भर्ती

**चूरू।** सदर थाना क्षेत्र के एनएच 52 पर ढाढर टोल के पास कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार पति-पत्नी सहित ऑटो ड्राइवर गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर ढाढर टोल की एम्बुलेंस से घायलों को डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया गया, जहां मौजूद डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने घायलों का इलाज किया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में घायल घांघू निवासी शीशपाल (60) ने बताया कि रविवार दोपहर अपनी पत्नी श्याना देवी के साथ ऑटो में गांव खांसोली में किसी गमी में बैठने गया था। जहां बैठकर वापस अपने गांव घांघू लौट रहा था। तभी एनएच 52 पर ढाढर टोल के पास सामने से रॉग साइड आ रही कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो ड्राइवर खारिया निवासी जगदीश (32) भी घायल हो गया। तीनों घायलों को ढाढर टोल की एम्बुलेंस से डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलने पर सदर थाने के एएसआई गिरधारीलाल सैनी भी इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। जहां उन्होंने घायलों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद एएसआई गिरधारीलाल सैनी मौका मुआयना के लिए घटनास्थल पहुंचे। जहां उन्होंने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।



# नवाजुद्दीन के लिए खास हैं अनुराग कश्यप



साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी की जिंदगी बदल दी थी। इस फिल्म के बाद से लोग उन्हें पहचानने लगे थे और यही वह फिल्म थी, जिसके बाद उनके करियर ने करवट ली थी। काम को पहचान मिलने के बावजूद एक चीज ऐसी थी, जिसने नवाज को दुख पहुंचाने का काम किया था। फिल्म के निर्देशक अनुराग कश्यप ने एक साक्षात्कार में बताया था कि फिल्म को कान डायरेक्टर्स फोर्टनाइट में दिखाया जाना था, लेकिन सेलिब्रिटी डिजाइनर नवाज के लुक की वजह से उनका सूट नहीं बनाना चाहते थे।

### नवाज को लगा था बुरा

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक हालिया साक्षात्कार में इस घटना को लेकर बातचीत की है। नवाज ने कहा कि बेशक ऐसी बात से बुरा तो लगेगा ही कि लोग एक अभिनेता के प्रति ऐसा नजरिया रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वक्त के साथ-साथ लोगों ने उनके काम को देखा और तारीफ की। नवाज ने कान फेस्टिवल से परिचित कराने के लिए अनुराग कश्यप को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि कान फेस्टिवल में कई लोगों ने उनके अभिनय को देखा, क्योंकि अनुराग की वे फिल्में, जिनमें उन्होंने काम किया है, उनमें से अधिकतर कान महोत्सव में गई है।

### आपस में ज्यादा बातचीत नहीं करते हैं अनुराग और नवाजुद्दीन

नवाजुद्दीन ने एक दिलचस्प बात बताते हुए कहा कि वो और अनुराग दोस्त नहीं हैं। नवाज ने कहा कि अगर वे दोनों एक साथ भी बैठे होंगे तो शायद कई घंटों तक दोनों के बीच कोई बातचीत भी नहीं होगी। उन्होंने एक किस्सा साझा करते हुए कहा कि वे एक साथ बिना बातचीत किए पांच से छह घंटे तक यात्रा कर चुके हैं। नवाज ने कहा कि अगर दोनों के बीच बातें होगी तो शायद इस तरह की होगी कि चलों कुछ खाया-पीया जाए या फिर माचिस है क्या। हालांकि, नवाजुद्दीन ने यह भी कहा कि उनके दिल में अनुराग के लिए खास जगह है।



# अंडमान-निकोबार में सूर्या 44 की शूटिंग कर रही हैं पूजा हेगड़े

इन दिनों एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी अपकमिंग फिल्म सूर्या 44 की शूटिंग के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हैं। एक सूत्र ने बताया कि पूजा जून की शुरुआत में शूटिंग के लिए अंडमान और निकोबार गई थीं और जुलाई के पहले सप्ताह में उनके वापस लौटने की उम्मीद है। पूजा वहां शेड्यूल का एक बड़ा हिस्सा शूट करेंगी।
एक्ट्रेस फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित सूर्या 44 में मुख्य भूमिका निभाती दिखाई देंगी। पूजा के अलावा फिल्म में जयराम, जोजू जॉर्ज और करुणाकरण भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।
सूत्र ने कहा कि पूजा फिल्म में मुख्य महिला की भूमिका निभा रही हैं जो कहानी को आगे बढ़ाती है और वह इसमें बहुत अलग लुक में भी दिखाई देंगी. फिल्म का साउंडट्रैक पिज्जा, जिगरथंडा, इरुथी सुत्रु, साला खडूस, इरावी, गुलु गुलु और अन्वेशीपिन कंडेथुम जैसी फिल्मों के लिए संगीत देने वाले संतोष नारायणन का है। उन्होंने अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास और दीपिका पादुकोण अभिनीत आगामी फिल्म कल्कि 2898 ई. में भी काम किया है।
सूर्या 44 के अलावा पूजा, शाहिद कपूर के साथ देवा और अहान शेट्टी के साथ सनकी में भी नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने साउथ के एक बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ तीन फिल्मों का करार भी किया है। पूजा ने 2012 में जीवा अभिनीत मैसस्किन की तमिल सुपरहीरो फिल्म मुगामूडी से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने तेलुगु फिल्म ओका लैला कोसम में अभिनय किया। इसके बाद उन्होंने 2014 में सिंधु घाटी सभ्यता पर आधारित ऋतिक रोशन की मोहनजोदाड़ो से बॉलीवुड में डेब्यू किया। 2021 में एक्ट्रेस को फोर्ब्स इंडिया के साउथ सिनेमा में इंस्टाग्राम पर सबसे प्रभावशाली सितारों में सातवें स्थान पर रखा गया था। एक्ट्रेस को पिछली बार सलमान खान अभिनीत किसी का भाई किसी की जान में देखा गया था, जिसमें शहनाज गिल, राघव जुयाल और पलक तिवारी जैसे कलाकार भी थे।



# वेलकम-नो एंट्री फिल्मों से क्यों बाहर हुए अनिल कपूर

बिग बॉस ओटीटी 3 की मेजबानी करने की वजह से अनिल कपूर लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस चर्चित शो को वह सलमान खान की जगह होस्ट करेंगे। हाल ही में इस शो को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान अनिल कपूर ने दो सीक्वल- नो एंट्री 2 और वेलकम 3 से बाहर होने को लेकर भी बात की। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने कहा कि उन्हें इसका कारण नहीं पता। उन्होंने कहा, हाल ही में मुझे दो फिल्मों में रिप्लेस कर दिया गया। अब, इसके पीछे क्या कारण है यह मुझे नहीं पता, लेकिन ऐसी चीजें होती रहती हैं। हम बस अपना काम ईमानदारी और हमें ऐसे ही ईमानदारी के साथ काम करते रहना चाहिए। यही जिंदगी है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म नो एंट्री में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान के किरदारों को काफी ज्यादा पसंद किया गया था। वहीं. इसके सीक्वल में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर को शामिल किया गया है।



# शंघाई फिल्म महोत्सव में शिरकत करेंगे विक्रांत मैसी

विक्रांत मैसी की फिल्म '12वीं फेल' की विशेष स्क्रीनिंग चीन के शंघाई फिल्म महोत्सव में रविवार को होगी। कहा जा रहा है कि समारोह में विक्रांत मैसी भी शामिल होंगे। विक्रांत मैसी की फिल्म '12वीं फेल' की विशेष स्क्रीनिंग चीन के शंघाई फिल्म महोत्सव में होगी। फिल्म में आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन संघर्षों को दिखाया गया है। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित '12वीं फेल' ने विश्व स्तर पर सफलता हासिल की है। अब इसे रविवार को शंघाई फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में दिखाया जाएगा। फिल्म महोत्सव 14 जून से शुरू हुआ है।
मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत फिल्म फेस्टिवल में '12वीं फेल' की स्क्रीनिंग में शामिल होंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके अलावा और कौन फिल्म फेस्टिवल में जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक बयान में कहा गया है, शंघाई फिल्म फेस्टिवल में '12वीं फेल' की स्क्रीनिंग और इसमें विक्रांत मैसी की उपस्थिति फिल्म की सफलता और दुनिया भर में इसके प्रभाव को दिखाती है। हाल ही में फिल्म ने चीन में बड़े पैमाने पर रिलीज के साथ सीमाओं को पार किया, जहां इसे 20 हजार से अधिक स्क्रीनों पर दिखाया गया।

### उपन्यास पर आधारित है '12वीं फेल'

'12वीं फेल' अनुराग पाठक के एक उपन्यास पर आधारित है इसमें विक्रांत चंबल के एक युवा मनोज की भूमिका में हैं, जो एक आईपीएस अधिकारी बनना चाहते हैं। वहीं, अभिनेत्री मेधाआईआरएस अधिकारी श्रद्धा जोशी की भूमिका में हैं, जो मनोज कुमार शर्मा की पत्नी हैं। फिल्म ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है। इस फिल्म की प्रशंसा बॉलीवुड के कई दिग्गज कर चुके हैं।



# कास्टिंग काउच लेकर ईशा का छलका दर्द

ईशा कोप्पिकर कास्टिंग काउच के बारे में बातें करते हुए कहती हैं, कई बार निर्माता-निर्देशक मिलने के लिए बुलाते थे और गलत तरीके से न सिर्फ छूते थे बल्कि हाथों को दबा कर कहते थे हीरो से दोस्ती करनी पड़ेगी। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। ईशा कोप्पिकर ने बॉलीवुड में डेब्यू फिजा फिल्म से किया था। उन्होंने हिंदी फिल्मों के अलावा कई साउथ की फिल्मों में भी काम किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने कास्टिंग काउच को लेकर एक सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने बॉलीवुड के काले सच को एक बार फिर से दुनिया के सामने रखा है।

### टाइपकास्ट का शिकार हुई ईशा

ईशा कोप्पिकर आज भी अपने बोल्ड आइटम नंबर के लिए याद की जाती हैं। उनके चाहने वालों को आज भी इश्क समुंदर और खल्लास जैसे गाने याद हैं। हाल ही एक इंटरव्यू के दौरान जब ईशा से जब पूछा गया कि क्या उन्हें टाइपकास्ट कर दिया गया था। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, सच कहूं तो ऐसा कभी नहीं होता था कि निर्देशक आप से पूछते हों कि आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। अभिनेत्रियां क्या करेंगी ये अक्सर अभिनेता तय करते थे।
ईशा कोप्पिकर ने आगे कहा, आपने मी टू के बारे में सुना है न उसमें सच्चाई है। अगर आपके पास संस्कार हैं तो बॉलीवुड में टिकना मुश्किल है। कई लड़कियों ने तो कास्टिंग काउच के डर से इंडस्ट्री छोड़ दी। लड़कियों से कहा जाता था या तो बात मान लो या हार मान लो। ऐसे बहुत कम लोग हैं जो अभी भी इंडस्ट्री में हैं और उन्होंने हार नहीं मानी है और मैं उनमें से एक हूं।

### निर्देशक गलत तरह से छूते थे

ईशा कोप्पिकर कास्टिंग काउच के बारे में बातें करते हुए कहती हैं, कई बार निर्माता-निर्देशक मिलने के लिए बुलाते थे और गलत तरीके से न सिर्फ छूते थे बल्कि हाथों को दबा कर कहते थे हीरो से दोस्ती करनी पड़ेगी। इतना ही नहीं एक बार एक बड़े हीरो ने मुझसे कहा था कि अकेले मिलने आना। यहां तक कि अपने ड्राइवर को भी साथ नहीं लाना क्योंकि उस समय उनका नाम एक अन्य अभिनेत्री से जुड़ा था। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर बॉलीवुड में टिक कर रहना चाहती हो तो मिलनसार बनकर रहना ही पड़ेगा।



# वेब सीरीज में रॉ एजेंट की भूमिका में नजर आएंगे गुरमीत

गुरमीत चौधरी वेब सीरीज कमांडर करण सक्सेना में नजर आएंगे। इसमें वह रॉ एजेंट की भूमिका में हैं। गुरमीत ने इस सीरीज से आज इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनकी फिटनेस और अंदाज दोनों कमाल हैं। गुरमीत की यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 8 जुलाई से स्ट्रीम होगी। अपनी तस्वीरें साझा करते हुए गुरमीत ने लिखा है, सीरीज कमांडर करण सक्सेना एक समर्पित रॉ एजेंट, देशभक्ति और बलिदान का एक सच्चा उदाहरण हैं। आगे लिखा है, वह अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, भारत के प्रति उनका प्यार और प्रतिबद्धता वाकई प्रेरित करने वाली है। हर दिन वह और उनके साथी रॉ एजेंट बड़े जोखिमों और चुनौतियों का सामना करते हैं।



# मेघना गुलजार की फिल्म से बाहर हुए सिद्धार्थ?

सिद्धार्थ मल्होत्रा फिलहाल अपनी आगामी फिल्मों को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। उन्होंने बीते कुछ वर्षों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। बतौर अभिनेता वह पिछले कुछ वर्षों में तीन यादगार भूमिकाओं में नजर आए हैं। इन सभी भूमिकाओं में वह वर्दी में दिखे हैं। एक बार फिर से मेघना गुलजार की फिल्म में उनके द्वारा वर्दी पहनने की चर्चा है, जिसको लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।

### वर्दी वाली भूमिकाओं से लेना चाहते हैं ब्रेक

सिद्धार्थ पिछले कुछ वर्षों में तीन बार वर्दी में नजर आए हैं। इसकी शुरुआत हुई थी फिल्म शेरशाह से, जिसमें उन्होंने दिवंगत कैप्टन विक्रम बत्रा का किरदार निभाया था। इसके बाद वह मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बने। उन्होंने रोहित की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में वर्दी पहनी और इसके बाद फिल्म योद्धा में भी एक अधिकारी की भूमिका में नजर आए। इसके बाद वह एक बार फिर मेघना गुलजार की फिल्म में वर्दी पहनने वाले हैं। हालांकि, अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने वर्दी वाली भूमिकाओं से ब्रेक लेने का निश्चय किया है।

### बहुमुखी किरदार करना चाहते हैं सिद्धार्थ

सिद्धार्थ और मेघना गुलजार ने इस आगामी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, लेकिन अब कहा जा रहा है कि दोनों फिलहाल इस फिल्म में एक साथ काम नहीं कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता ने इस फिल्म से हाथ पीछे खींच लिया है। रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि वह अपने अभिनय में विविधता लाना चाहते हैं। इस फिल्म में उन्हें एक बार फिर से वर्दी वाला किरदार करना था, इसलिए उन्होंने फिल्म से दूरी बनाने का फैसला किया है। वह दर्शकों को अपनी बहुमुखी अभिनय प्रतिभा दिखाना चाहते हैं। हालांकि, वह मेघना के साथ आगे काम करने को काफी इच्छुक हैं।

### पत्नी कियारा संग फिल्म करने की है अफवाह

बात करें सिद्धार्थ के वर्क फ्रंट की तो वह मुराद खेतानी की अगली फिल्म में एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा अभिनेत्री कृति सैनन के साथ भी उनकी एक फिल्म की चर्चा है। इसके अलावा ये अफवाह भी तेजी से फैल रही है कि वह अपनी पत्नी कियारा आडवाणी के साथ एक रोमांटिक फिल्म भी करने वाले हैं। हालांकि, इस पर दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



# कल्कि 2898 एडी में अपने किरदार पर खुलकर बोले कमल हासन

कल्कि 2898 एडी के प्री रिलीज इवेंट में सितारों का जमावड़ा देखने को मिला। फिल्म की पूरी कास्ट इवेंट में अपनी उपस्थिति से चार चांद लगाती नजर आई वहीं, इसका हिस्सा बने 69 वर्षीय स्टार कमल हासन का भी स्वैग देखते ही बना।
जानकारी हो कि कमल, नाग अश्विन की फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। सुपरस्टार ने साझा किया, मैं लंबे समय से नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तरस रहा था। कमल ने आगे जोड़ा, विचार कुछ ऐसा करने का था जिस पर पहले कभी काम नहीं किया गया हो।



# घर में पालना चाहते हैं तोता, तो रखें वास्तु शास्त्र के नियमों का ध्यान

**वास्तु शास्त्र में घर में सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए विस्तार से बताया है कि कौन सी वस्तु को किस स्थान पर रखना चाहिए। यहां तक वास्तु शास्त्र में पशु-पक्षियों को घर में रखने के नियम बताए गए हैं। वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करने से घर में नकारात्मकता दूर होती है।**

वास्तु शास्त्र में घर में सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए विस्तार से बताया है कि कौन सी वस्तु को किस स्थान पर रखना चाहिए। यहां तक वास्तु शास्त्र में पशु-पक्षियों को घर में रखने के नियम बताए गए हैं। वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करने से घर में नकारात्मकता दूर होती है। कई लोगों को घर में तोता पालना अच्छा लगता है, लेकिन क्या आपको पता है कि यह घर के लिए शुभ है या नहीं।

## वास्तु शास्त्र के अनुसार तोता पालना शुभ या अशुभ


वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर में तोता पालने से सकारात्मकता का माहौल बनता है। यह घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर देता है। तोते का बोलने घर के लिए शुभ माना जाता है।

## तोता को घर में रखनी की दिशा

वास्तु शास्त्र के नियमों को मानें तो तोते को उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ रखा जा सकता है। उत्तर दिशा बुध ग्रह की दिशा होती है। बुद्ध बुद्धि के प्रतीक समझें जाते हैं। ऐसे में इस दिशा में तोते को रखने से बच्चों का पढ़ाई में मन लगा रहेगा। पूर्व दिशा को माना जाता है कि वह सूर्य की दिशा है। सूर्य शक्ति और सफलता के प्रतीक हैं। ऐसे में इस दिशा में तोता रखने से आपके घर में समृद्धि का वास होगा।

पिंजरे में तोता रखना सही या गलत

तोता को पिंजरे में रखने के बाद यह जरूर देखें कि वह खुश तो है। ऐसा माना जाता है कि तोता अगर पिंजरे में रहना पसंद नहीं करता है, तो घर से खुशियां चली जाती हैं। यह आपके घर में नकारात्मकता का माहौल बना देगी।



# कब है कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी शुभ मुहूर्त और महत्व

**चतुर्थी के दिन गणेश जी का पूजन किया जाता है। बप्पा को प्रसन्न करने के लिए यह दिन खास होता है। आय, सुख और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। भगवान गणेश के साथ-साथ इस दिन चंद्रमा की पूजा का भी विधान है। चंद्रमा की पूजा के बिना ये व्रत अधूरा माना जाता है।**

मान्यताओं के अनुसार, आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। हर चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित होती है, इसलिए इस दिन भी विधि-विधान से बप्पा की पूजा की जाती है। साथ ही व्रत भी रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान गणेश की आराधना करने से जीवन में व्याप्त सभी संकट दूर होते हैं। यह चतुर्थी कृष्ण पक्ष में पड़ती है, इसलिए इसे कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है।

## कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी तिथि

पंचांग के अनुसार, इस साल आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि मंगलवार को पड़ रही है। इस तरह कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी 25 जून 2024 को मनाई जाएगी। कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी की तिथि 25 जून 2024 को रात 1.23 से प्रारंभ होगी, जो रात 11.10 तक रहेगी। इस दिन भगवान गणेश की पूजा के लिए शुभ समय सुबह 5.30 से 7.08 तक रहेगा। वहीं, शाम में 5.36 से रात 8.36 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा।

इस तिथि पर भगवान गणेश की विशेष पूजा करने से सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक कष्टों से छुटकारा मिलता है। चतुर्थी तिथि के दिन चंद्र देव की भी पूजा की जाती है। यह महत्वपूर्ण होती है। रात के समय चंद्रमा की पूजा की जाती है और इसके बाद व्रत खोला जाता है। संकष्टी चतुर्थी के दिन चंद्रोदय रात 11.27 पर होगा।

## कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि

- कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए।
- फिर व्रत का संकल्प करें। सूर्य देव को अर्घ्य दें।
- इसके बाद मंदिर की साफ-सफाई करें।
- फिर एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। भगवान को हल्दी और कुमकुम का तिलक लगाएं।
- चावल और फूल चढ़ाएं। घी का दीपक जलाएं।
- बप्पा को मोदक, मिठाई और फल का भोग लगाएं।
- भगवान गणेश के मंत्रों का जाप करें।



# शुक्र ग्रह कमजोर होने पर घट जाती है सुंदरता ऐसे करें मजबूत

**शुक्र ग्रह को सुंदरता का कारक माना जाता है। शुक्र यदि कमजोर हो तो सुंदरता घट जाती है। यदि कुछ उपाय किए जाए जो शुक्र ग्रह को कुंडली में मजबूत किया जा सकता है।**

ज्योतिष शास्त्र में नव ग्रहों का विशेष स्थान दिया गया है। प्रत्येक ग्रह के अपने अलग-अलग कारक होते हैं। साथ ही ग्रहों का जातकों के जीवन में भी अलग-अलग असर पड़ता है। शुक्र ग्रह का भी ज्योतिष में विशेष महत्व बताया गया है। शुक्र कमजोर हो, तो आंखों में परेशानी होने लगती है। साथ ही मधुमेह की बीमारी हो सकती है। शुक्र ग्रह को महिलाओं के लिए काफी शुभ माना गया है। इस ग्रह को महिलाओं की सुंदरता से जोड़कर देखा जाता है। माना जाता है कि जिस महिला की कुंडली में शुक्र शुभ होता है, वे काफी सुंदर होती हैं। वहीं जब शुक्र कमजोर हो तो इसका शरीर पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। यहां आपको बताते हैं शुक्र कमजोर होने के क्या संकेत है और इसे कैसे मजबूत किया जा सकता है।

## शुक्र कमजोर होने के क्या संकेत हैं

- चेहरे पर मुंहासों का अचानक निकलना शुक्र के कमजोर होने का संकेत माना जाता है।
- चेहरे पर इंफेक्शन भी शुक्र कमजोर होने का संकेत है।

## ऐसे मजबूत करें शुक्र ग्रह

- शुक्रवार के दिन सफेद रंग के कपड़े पहनने चाहिए
- सफेद रंग की वस्तुओं का दान करना शुभ होता है
- शुक्र यंत्र को घर में स्थापित करना चाहिए
- सफेद गाय को चारा खिलाने से शुक्र के प्रकोप से मुक्ति मिलती है
- केमिकल वाले परफ्यूम की जगह प्राकृतिक महक वाले इत्र का इस्तेमाल करना चाहिए
- गंदे और फटे-पुराने कपड़े पहनने से शुक्र ग्रह अशुभ फल देता है। ऐसे में इस तरह के कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

# शनिदेव को नाराज कर सकती हैं अनजाने में हुई ये गलतियां

शनिदेव व्यक्ति के अपराधों की सजा महादशा, ढैया या साढ़ेसाती के दौरान देते हैं। शनिदेव की वक्र दृष्टि से वही जातक बच पाता है जिसने निम्नलिखित 8 में से कोई भी कार्य नहीं किया हो। कहते हैं कि शनिदेव की नाराजगी व्यक्ति को एक झटके में बर्बाद कर देती है। यदि आप भी ये 8 गलतियां कर रहे हैं तो सतर्क हो जाएं। शनिदेव डालते हैं इन पर अपनी वक्र दृष्टि :

- यदि आप ब्याज का धंधा करते हैं तो एक ना एक दिन आप पर शनिदेव की वक्र या कहें कि तिरछी दृष्टि पड़ेगी और बर्बादी शुरु हो जाएगी।
- यदि आप अपनी पत्नी के अलावा किसी अन्य महिला से संबंध रखते हैं तो निश्चित ही एक दिन शनिदेव की वक्री दृष्टि पड़ेगी और बर्बादी शुरु हो जाएगी।
- यदि आप नियमित शराब पीते हैं और खासकर मंगलवार, गुरुवार, शनिवार, प्रदोष काल, एकादशी, चतुर्थी, अमावस्या, पूर्णिमा के दिन शराब पीते हैं तो बहुत जल्द आप शनिदेव की दृष्टि की चपेट में आएंगे।
- यदि आप किसी गरीब, सफाईकर्मी, दिव्यांग, विधवा, अबला आदि को सताते हैं या उनका अपमान करते हैं तो आप तैयार रहें शनि का दंड भुगतने के लिए।
- यदि आप धर्म, देवता, गुरु, पिता और मंदिर का अपमान करते हैं या किसी भी रूप में उनका मजाक उड़ाते हैं तो दंडनायक के दंड का इंतजार करें बहुत जल्द वे हिसाब किताब पूरा कर देंगे।
- यदि आप जुआ या सट्टा खेलते हैं तो पांडवों की तरह वनवास भुगतने या कौरवों की तरह नाश होने के लिए तैयार रहें। आपके जीवन में घटना और दुर्घटना के योग बढ़ जाएंगे।
- अप्राकृतिक रूप से संभोग करना, लिव इन रिलेशनशिप में रहना, अवैदिक विवाह करना और पत्नी को सताने वाला बहुत जल्द शनि की क्रूर दृष्टि की चपेट में आ जाता है।
- झूठी गवाही देना, निर्दोष लोगों को सताना, किसी के पीठ पीछे उसके खिलाफ कोई कार्य करना, चाचा-चाची, माता-पिता, सेवकों और गुरु का अपमान करना, ईश्वर के खिलाफ होना, दांतों को गंदा रखना, तहखाने की कैद हवा को मुक्त करना, भैंस या भैसों को मारना, सांप, कुत्ते और कौवों को सताना इन सभी से शनिदेव नराज होकर व्यक्ति के जीवन को खराब कर देते हैं।
- शनिदेव से बचने का इस कलयुग में मात्र एक ही उपाय है हनुमानजी की भक्ति करना।



# भगवान विष्णु की यह शर्त पूरी नहीं कर पाई थीं देवी लक्ष्मी, धारण करना पड़ा था गरीब स्त्री का रूप



**भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी से जुड़ी एक पौराणिक आज भी प्रचलित है, जिसके मुताबिक माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु धरती पर भ्रमण के लिए निकले थे। देवी लक्ष्मी के कारण भगवान विष्णु की आंखों से अश्रु बहने लगे थे। इसके कारण देवी मां को सजा भी भुगतनी पड़ी थी।**

गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है और गुरुवार व्रत कथा का पाठ भी किया जाता है। भगवान विष्णु को पीला रंग प्रिय है। ऐसे में इस दिन पीले वस्त्र पहनने चाहिए। साथ ही भगवान को पीले रंग की मिठाइयों का भोग भी लगाना चाहिए। भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार देवी लक्ष्मी के शर्त न मानने के कारण भगवान विष्णु की आंखों से अश्रु बहने लगे थे।

## भगवान विष्णु ने रखी थी शर्त

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार श्रीहरि पृथ्वी भ्रमण पर निकले थे। तब देवी लक्ष्मी ने उनसे कहा कि वह भी उनके साथ जाना चाहती हैं। तब विष्णु जी ने कहा कि वे केवल एक शर्त पर ही उनके साथ जा सकती हैं। जब लक्ष्मी जी ने शर्त पूछी तो विष्णु जी ने कहा कि पृथ्वी पर चाहे कैसी भी परिस्थिति आए, उन्हें उत्तर दिशा की ओर नहीं देखना है। लक्ष्मी जी ने शर्त स्वीकार कर ली और श्रीहरि के साथ चली गई।

दोनों धरती पर घूम रहे थे, देवी की नजर उत्तर दिशा में पड़ी। वहां इतनी हरियाली थी कि देवी लक्ष्मी बगीचे की ओर चल पड़ीं। उन्होंने वहां से एक फूल तोड़ा और विष्णु जी के पास आ गईं। लक्ष्मी जी को देखते ही विष्णु जी रोने लगे। तब मां लक्ष्मी को विष्णु जी की शर्त याद आई। श्रीहरि ने कहा कि बिना किसी से पूछे किसी भी वस्तु को छूना अपराध माना जाता है। यह सुनकर देवी लक्ष्मी ने अपनी गलती का अहसास किया। उन्होंने माफी मांगी। श्री हरि ने कहा कि केवल बगीचे का माली ही उन्हें माफ कर सकता है। लक्ष्मी जी को माली के घर दासी बनकर रहना होगा। यह सुनकर लक्ष्मी जी तुरंत एक गरीब स्त्री का रूप धारण करके माली के घर चली गईं।

देवी लक्ष्मी ने दिया माली को आशीर्वाद

माली ने देवी लक्ष्मी से कई तरह के काम करवाए। जब माली को पता चला कि वह मां लक्ष्मी हैं, तो वह रोने लगा। उसने देवी लक्ष्मी से कहा कि जो कुछ भी उसने किया, उसके लिए उसे माफ कर दें। तब लक्ष्मी जी ने मुस्कुराते हुए कहा कि जो कुछ हुआ वह भाग्य था। इसमें किसी का दोष नहीं है। लेकिन माली ने लक्ष्मी जी को अपने परिवार का सदस्य माना, इसलिए उन्होंने जीवनभर के लिए उसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। जिसके बाद वे विष्णु लोक लौट आईं।

# टूटती सांसों पर राजनीति करने वालों को सिखाना होगा सबक

डा. रवीन्द्र अरजरिया

सत्ता के नशे की आदत में मदहोश हो चुके लोगों को किसी भी कीमत पर सिंहासन की दरकार होने लगी है। आदर्श, सिध्दान्त और मान्यता के मायने खोने लगे हैं। सरकार बनाने के लिए विरोधी विचारधाराओं के पोषक अब आपस में आलिंगनबध्द हो रहे हैं। पार्टियों के आधारभूत दर्शन से लेकर व्यवहारिक स्वरूप तक में परिवर्तन दिखने लगे हैं। सार्वजनिक मंचों से अतीत का संदर्भ लेकर कडी आलोचना करने वाले अब स्वार्थपूर्ति हेतु एक-दूसरे की शान में कसीदे पढने लगते है ऐसे में पार्टी के पक्ष में मतदान कर चुके लोगों के पास स्वयं को कोसने के अलावा कोई चारा नहीं बचता।

देश के लोकतंत्र की व्यवस्था का स्याह पक्ष प्रारम्भ हो चुका है। विधायिका की नींव में राजनैतिक दलों ने मट्ठा पिलाना शुरू कर दिया है। सत्ता, सिंहासन और सल्तनत के लोलिपों व्दारा न केवल परम्परागत मयार्दायें ही तार-तार की जा रहीं हैं बल्कि स्वार्थपरिता की चरमसीमा पर बैठकर संविधान की आड में षडयंत्रकारी योजनाओं को भी अमली जामा पहनाया जा रहा है। कार्यपालिका के अनेक नौकरशाह निरंतर बेलगाम होते जा रहे हैं। नियम, कानून और अनुशासन की धज्जियां उडाने की होड सी लगी है। सरकार के सामने समस्यायें पैदा करने में महारत पाये वेतनभोगियों व्दारा अपनी मनमानियों, लापरवाहियों और अवैध उगाही पर पर्दा डालने के लिये दलगत कीचड उछालने के नये-नये तरीके सुझाये जा रहे हैं। ऐसे में कार्यपालिका और विधायिका के संयुक्त विशेषज्ञ व्दारा तो न्यायपालिका तक को धाराओं, अनुच्छेदों और व्यवस्थाओं में उलझाकर रख दिया है। उनकी पार्टी के सिपाहसालार अपने दायित्वों की पूर्ति के प्रयासों के स्थान पर समस्याओं का ढीकरा दूसरों के सिर पर फोडने में जुटे हैं। दिल्ली में विकराल होते जल संकट को निपटाने के लिए चिट्ठी-चिट्ठी खेल खेला जा रहा है। समस्या समाधान में देरी के लिए कभी उपराज्यपाल के सिर दोष मढा जाता है तो कभी हरियाणा सरकार को कोसा जाने लगता है। कभी केन्द्र को पहल न करने के लिये कटघरे में खडा किया जाता है तो कभी व्यवस्था के लिए विपक्ष पर अंगुली उठायी जाती है। इतना सब करने वाली आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने पंजाब राज्य की अपनी ही पार्टी की सरकार के साथ मिलकर व्यवहारिक समाधान निकालने में रुचि नहीं दिखाई। सियासी दावपेंचों के मध्य आम आदमी की जिन्दगी दांव पर लगाने वाले नेता धरने पर बैठकर अपने कर्तव्यों की इति मान लेते हैं जबकि हरियाणा सरकार व्दारा आंकडों के साथ दिल्ली की जलापूर्ति का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत किया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर संवैधानिक व्यवस्था के लचीलेपन का फायदा उठाकर इस आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल जेल के अन्दर से दिल्ली की सरकार चला रहे हैं। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब आरोपी के रूप में सलाखों के पीछे पहुंचा व्यक्ति मुख्यमंत्री पद पर आसीन ही नहीं है बल्कि निरंतर दिशा निर्देश भी जारी कर रहा है। राजनैतिक दलों के आपसी रसायन से घातक अम्लराज बनने की स्थिति निर्मित हो चली है जिसका उपयोग आम आवाम पर होना लगभग तय है। दिल्ली में गठबंधन के मंच पर समान विचारधारा का बन्दिस प्रस्तुत करने वाले पंजाब में अलग-अलग ढपली पर अलग-अलग राग अलापते रहे। कहीं प्रशंसा तो कहीं निंदा करने वालों की चालों से अल्पसंख्यक ही सबसे ज्यादा ठगे गये हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि साम्प्रदायिकता का भय दिखाकर वोट लेने वाले अब कौन सी नई चाल चलने वाले हैं। वहीं दिल्ली के जल संकट को लम्बा खींचने हेतु राजनैतिक बयानबाजी करने, विपक्ष की सरकारों को कोसने और केन्द्र को घेरने का क्रमबध्द सिलसिला शुरू हो गया है ताकि नागरिकों को विपक्षी दलों के विरोध में उत्तेजित किया जा सके। बैंगलोर, पूना, मुम्बई जैसे अनेक महानगरों में लम्बे समय से चल रही जल समस्या अब विकराल होती जा रही है मगर वहां की सरकारें अपने स्तर पर समाधान कर रहीं हैं। पानी का परेशानी से जूझ रहे अनेक महानगरों में दसियों कोस दूर से जलापूर्ति हो रही है मगर फिर भी वहां के उत्तरदायी लोगों की स्वीकृति पर बहुमंजिला इमारतों का जंगल निरंतर बढ़ता जा रहा है। औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रहीं हैं। बडे-बडे संस्थान खोले जा रहे हैं। आबादी का घनत्व विस्फोटक स्थिति तक पहुंचता जा रहा है। सैकडों फुट गहरे बोर अब हजार का आंकडा पार करने लगे हैं। नदियां को बालू माफियों ने रेतस्थान बना दिया है। भयावह होती स्थिति की ओर से आंखें बंद करने वाले अनेक उत्तरदायी वेतनभगियों की नजर महीना पूरा होने के बाद केवल बैंक खाते में आने वाली मोटी तनख्वाय, मिलने वाली अन्य सुविधाओं और फर्जी बिलों के भुगतान पर ही टिकी रहती है। कार्यपालिका के ऐसे महारथियों से प्रशिक्षण प्राप्त कर-के विधायिका के अनेक चेहरे स्वयं के लाभ हेतु हमेशा विपक्ष पर दोष मढ? का सत्तासिध्द उपाय ही सुझाते हैं। दायित्वबोध और कर्तव्यबोध के साथ-साथ अब तो राष्ट्रबोध तक अस्तित्वहीन होने की कगार पर पहुंच गया है। स्वार्थवाद के दलदल में आकण्ठ डूबे लोगों के लिए व्यक्तिवाद, परिवारवाद और स्वजनवाद ही सर्वोच्च होता जा रहा है। ईमानदार करदाताओं, अनुशासित नागरिकों और लोकतंत्र की आखिरी पायदान पर खडे लोगों के समर्पण को शारीरिक विलासता पर लुटाने वालों की नैतिकता पूरी तरह से मर चुकी है। टूटती सांसों पर राजनीति करने वालों को सिखाना होगा सबक अन्यथा वे निरीह की लाश पर भी चंदा वसूलने से नहीं चूकेंगे। सत्ता के नशे की आदत में मदहोश हो चुके लोगों को किसी भी कीमत पर सिंहासन की दरकार होने लगी है। आदर्श, सिध्दान्त और मान्यता के मायने खोने लगे हैं। सरकार बनाने के लिए विरोधी विचारधाराओं के पोषक अब आपस में आलिंगनबध्द हो रहे हैं। पार्टियों के आधारभूत दर्शन से लेकर व्यवहारिक स्वरूप तक में परिवर्तन दिखने लगे हैं। सार्वजनिक मंचों से अतीत का संदर्भ लेकर कडी आलोचना करने वाले अब स्वार्थपूर्ति हेतु एक-दूसरे की शान में कसीदे पढने लगते हैं ऐसे में पार्टी के पक्ष में मतदान कर चुके लोगों के पास स्वयं को कोसने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। जनप्रतिनिधि बनने की पात्रता के स्थानीय मापदण्ड अब प्रतिभा, सेवा और समर्पण के हटकर ठेकेदारों की दम पर जागीर, वंश और अधिकार के रूप में परिवर्तित हो चुके हैं। ऐसे में अवसर मिलते ही प्रतीकात्मक विरोध करना नितांत आवश्यक है अन्यथा लोकतंत्र के लबादे में लिपटा चन्द परिवारों का राजदम्भ, अनियंत्रित होकर तानाशाही की परिभाषा बनकर हावी हो जायेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।



## संपादकीय

### कश्मीर में चुनाव की बयार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में थे। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उनका कश्मीर का यह पहला दौरा है। आतंकी हमलों के बीच मोदी का कश्मीर दौरा  काफी अहम माना जा रहा है। उन्होंने अपने भाषण में आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया। पिछले दिनों यहां लगातार चार आतंकी हमले हुए जिन्होंने सुरक्षा बलों और गृह मंत्रालय की चिंता बढ़ा दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में हिचकिचाएंगे नहीं। लोक सभा का चुनाव यहां शांतिपूर्ण हुआ और लोगों ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। जाहिर है इसके कारण मतदान प्रतिशत में भारी इजाफा हुआ। अलगाववादियों और आतंकवादियों को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने एक के बाद एक हमले किए जिनमें तीर्थयात्री भी शामिल थे। वास्तव में आतंकी विश्व जनमत को संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर में सबकुछ सामान्य नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रदेश में लोक सभा के चुनाव हुए। इस चुनाव में लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए जिस उत्साह से घरों से बाहर निकले उससे प्रधानमंत्री मोदी भी उत्साहित हुए। उन्होंने कहा कि सबको बांटने वाले अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। वास्तव में 5 अगस्त, 2019 का ऐतिहासिक दिन कश्मीर और समूचे भारतवासियों के लिए बंदिशों से आजादी का दिन था। अब यहां पर्यटक बेखौफ होकर आ रहे हैं। युवा वर्ग अपने करियर के बारे में जागरूक हो गया है। अनुकूल वातावरण को देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में जब भी विधानसभा के चुनाव होंगे और इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कश्मीर के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नजरिये ह्यइंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियतह्ल को याद करते हुए कहा कि इसे हम हकीकत में बदलते हुए देख रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव जल्द होंगे और लोकप्रिय सरकार का गठन होगा। लेकिन केंद्र सरकार को सतर्क रहना होगा क्योंकि आतंकवादी चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

## चिंतन-मनन


### शाश्वत प्रेम अंतहीन है

प्रेम कितना ही होता जाए, अधूरा ही बना रहता है। वह परमात्मा जैसा है। कितना ही विकसित होता जाए, पूर्ण से पूर्णतर होता जाता है, फिर भी विकास जारी है। जैसे प्रेम का अधूरापन ही उसकी शाश्वतता है। ध्यान रखना कि जो चीज पूरी हो जाती है, वह मर जाती है। पूर्णता मृत्यु है; क्योंकि फिर बचा नहीं कुछ करने को, होने को कुछ बचा नहीं, आगे कोई गति न रही। जो चीज पूर्ण हो गयी, वह मर गयी। मर ही जायेगी, क्योंकि फिर क्या होगा? सिर्फ वही जी सकता है जो शाश्वत रूप से अपूर्ण है, अधूरा है, आधा है। तुम कितना ही भरो, वह अधूरा रहेगा। आधा होना उसका स्वभाव है। तुम कितने ही तृप्त होते जाओ, फिर भी पाओगे कि हर तृप्ति और अतृप्त कर जाती है। जितना पीते हो, उतनी ही प्यास बढ़ती चली जाती है। यह ऐसा जल नहीं है कि पी लो और तृप्त हो जाओ। यह प्यास को और जलाएगा।

इसलिए प्रेमी कभी तृप्त नहीं होता। उसके आनंद का कोई अन्त नहीं है। क्योंकि आनंद का वहीं अन्त हो जाता है, जहां चीजें पूरी हो जाती हैं। कामी तृप्त हो सकता है, प्रेमी नहीं। काम का अन्त है, सीमा है; प्रेमी का कोई अन्त नहीं, कोई सीमा नहीं। प्रेम आदि-अनादि है। वह ठीक परमात्मा के स्वरूप का है। इस जगत में प्रेम परमात्मा का प्रतिनिधि है, समय की धारा में समयातीत का प्रवेश है, मनुष्य की दुनिया में अतिमानवीय किरण का आगमन है। प्रेम प्रतीक है यहां परमात्मा का और उसका स्वभाव परमात्मा जैसा है। परमात्मा कभी पूरा नहीं होगा, नहीं तो समाप्त हो जाएगा। उसकी पूर्णता बड़ी गहन अपूर्णता जैसी है। उपनिषद कहते हैं कि उस पूर्ण से पूर्ण को निकाल लो तो भी वह पूर्ण ही रहता है। उस पूर्ण में और पूर्ण को डाल दो, तो भी वह उतना ही रहता है, जितना था। वह जैसा है, वैसा ही है; उसमें घट-बढ़ नहीं होती।

प्रेम भी जैसा पहले दिन होता है, वैसा ही अंतिम दिन भी होगा। जो चुक जाये, उसे तुम प्रेम ही मत समझना; वह काम वासना रही होगी। जिसका अन्त आ जाये, वह शरीर से सम्बन्धित है। आत्मा से जिस चीज का भी सम्बन्ध है, उसका कोई अन्त नहीं है। शरीर भी मिटता है, मन भी मिटता है; आत्मा तो चलती चली जाती है। वह यात्रा अनन्त है। मंजिल कोई है नहीं, क्योंकि अगर मंजिल हो तो मृत्यु हो जायेगी। तो कबीर कहते हैं : ढाई आखर प्रेम का! वे प्रेम के ढाई अक्षर की तरफ इशारा तो करते ही हैं, गहरा इशारा है प्रेम के आधेपन का। प्रेमी और प्रेयसी के बीच एक अदृश्य धारा है, एक अदृश्य आंदोलन है, एक सेतु है जिससे वे दोनों जुड़ गये हैं और एक हो गये हैं।

# पक्षियों पर भी काल की छाया



मुकेश तिवारी



जिस तेजी से पृथ्वी पर जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है उसी तेजी से वनों का भी विनाश हो रहा है। और वनों के खत्म होने के साथ ही वन्य जीवों की अनेक प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त होती जा रही है । कड़वा सच तो यह है कि 50 वर्ष से भी कम समय में वन्य जीवो की संख्या 69 प्रतिशत तक कम हो गयी। वन्य जीवों के अस्तित्व पर आए संकट का एक अन्य कारण भी है आदमी के अविवेकपूर्ण क्रियाकलाप। जिसमें पैसा कमाने की हवस के चलते वन्य जीवो को निर्ममता से मारकर उनके अंगों का अनेक प्रकार से उपयोग किया जाता है। प्राकृतिक आवासों के विनाश। फैलती सघन कृषि तथा तस्करों का शिकारियो के सम्मिलित प्रहार से परिंदों का अस्तित्व भी संकट में पड़ गया है। पक्षियों के तस्करों व शिकारियों ने देश में पाई जाने वाली तकरीबन 1200 प्रजातियों में से कई के अस्तित्व को मिटा कर रख दिया है । काबिलेगोर बात है कि दुनिया में 8600 पक्षियों की प्रजातियो में से 180 प्रजातियां ऐसी हैं ।जो केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है दुर्भाग्यवश इन पर ही सबसे ज्यादा खतरा मडरा रहा है।

कोयल की कूक, कौओं की कांव कांव, चिड़ियों की चहचहाहट, झींगुरों की झनकार, मेढकों की टर टर जंगली तोतों की नकल करती आवाजें बहुत जल्द ही अतीत का हिस्सा बन सकतीं हैं। दुनिया भर में पाई जाने वाली तोतों की तकरीबन 330 प्रजातियों में से 100 से अधिक की जान संकट में है। सुंदर व खूबसूरत प्रजाति कैरोलिना, परकीत विलुप्त हो गई है। हेसिथमेका व स्कारलेट मैका नामक प्रजातियां खतरे में है।कैरीलिग तोता यात्री कबूतर।क्षुपी मुर्गी तथा पहाड़ी मैना इत्यादि तो बिल्कुल लुप्त हो चुके हैं। कुक्कुट सारस ।गजदंत चोंच। कठफोड़वा। हवाई राजहंस आदि पक्षी प्रजातियां अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है ।मध्य प्रदेश व राजस्थान के जंगलों में पाए जाने वाले खरमोर व भटुक कड़ी अंधा धुंध शिकार की वजह से लाल सूची में आ गए हैं ।मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में खरमोरे अभ्यारण में इन्हें संरक्षित किया जा रहा है ।लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद भी केवल भारत में पाई जाने वाली दुर्लभ पक्षी प्रजाति की संख्या केवल 1500 से भी कम रह गई है ।सोन चिरैया या गोड़ावन विश्व के दुर्लभतम पक्षियों में से एक है। दो दशक पहले तक इनकी संख्या मध्य प्रदेश के करैरा और घाटीगांव क्षेत्र में बहुत थी लेकिन खनन कार्य व वनों के कटने से इस प्रजाति का अस्तित्व समाप्ति की ओर है। हालांकि इस प्रजाति को संरक्षित करने के लिए करेरा और घाटीगांव में अभ्यारण बनाकर इन्हें संरक्षित करने का प्रयास किया गया था लेकिन अथक प्रयासों के बावजूद इनकी संख्या में इजाफा नहीं हो सका।

तमाम सारे पक्षियों की प्रजातियां जो शीतकाल में गर्म क्षेत्रों में प्रवास करती थी अब घटाते वनों और प्राकृतिक आवास के कारण समाप्ति के कगार पर है। दुर्लभ प्रजाति के पक्षी साइबेरियन सारस निरंतर घटती जा रहा रहीं हैं। यही नहीं बंगाल फ्लोरिंकन सफेद कौआ। डोडो व हिमालय क्षेत्र के अनेक परिंदों का अस्तित्व अंधाधुंध शिकार की वजह से मिट गया है। हालात यह है कि सुबह चिड़ियों की चहचहाहट।शाम को कीड़े मकोड़ों के शोर से लेकर रात में सिंहों की दहाड़, सियार, लोमड़ी की आवाजें कम हो रही है।

इसी तरह राष्ट्रीय पक्षी मोर भी अब मांस के लिए बड़ी संख्या में मारा जा रहा है हालात यही रहे तो आने वाली पीढ़ी बहुत सारे वन्य जीवों का दीदार करने से वंचित हो जाएगी।

# यह है कानून का राज : हम कब करेंगे आत्मावलोकन?



स्विट्जरलैंड की एक अदालत ने ब्रिटेन के सबसे अमीर भारतीयों में गिने जाने वाले भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को अपने नौकरों के शोषण के मामले में दोषी करार देते हुए उन्हें चार से साढ़े चार वर्ष तक की कारागार की सजा सुनाई है। स्विस प्रशासन इस परिवार द्वारा अपने नौकरों का शोषण किये जाने पर गत 6 वर्षों से नजर रख रहा था। हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अपने जेनेवा स्थित बंगले में काम करने के लिए भारत से कामगारों को बुलाया और उनका शोषण किया। इस परिवार पर मानव तस्करी के भी आरोप हैं। हिंदुजा परिवार ने अपने नौकरों के पासपोर्ट जब्त कर लिये थे और उन्हें न्यूनतम से भी कम मजदूरी दे रहे थे। साथ ही इन कामगारों के बाहर निकलने व कहीं आने-जाने पर भी हिंदुजा परिवार की ओर से पूरी रोक लगी हुई थी। सरकारी वकील के मुताबिक हिंदुजा परिवार अपने एक कुत्ते पर एक नौकरों से ज्यादा पैसे खर्चकरता था। " मिसाल के तौर पर इस परिवार ने एक नौकरानी जो एक दिन में 18 घंटे काम करती थी उसे तो केवल 7 पाउंड मिलते थे। जबकि स्विस कानून के अनुसार कर्मचारियों को इसके लिए कम से कम 70 पाउंड का भुगतान किया जाना चाहिए था। परन्तु यही परिवार अपने एक कुत्ते के रखरखाव और खाने पर सालाना 10 हजार अमेरिकी डॉलर खर्च करता था। कई नौकरों को बिना छुट्टी के पूरे सप्ताह काम करना होता था। उन्हें वेतन भी स्विस करेंसी यानी फ्रैंक्स में देने के बजाय भारतीय रुपये में दिया जाता था। हालाँकि यह अदालती फैसला आने के एक सप्ताह पहले हिंदुजा परिवार ने भारी रकम चुकाकर तीन पीड़ित कामगारों से अदालत के बाहर समझौता भी किया था। गौर तलब है कि मूल रूप से भारतीय, हिंदुजा परिवार का लगभग 47 बिलियन डॉलर का कारोबारी साम्राज्य है। हिंदुजा समूह का निवेश मुख्यतः कंस्ट्रक्शन,होटल, कपड़े, ऑटोमोबाइल, ऑयल, बैंकिंग और फाइनेंस जैसे क्षेत्र में है। ब्रिटेन में हिंदुजा परिवार की अनेक बहुमूल्य इमारतें भी हैं। जेनेवा के इस अदालती फैसले ने एक बात तो साबित कर ही दी है कि स्विट्जरलैंड में न केवल कानून का राज है बल्कि वहां का कानून इस बात की भी परवाह नहीं करता कि आरोपी कितना अमीर व कितना रसूखदार है। साथ ही यह भी कि शोषित व पीड़ित वर्ग का व्यक्ति कितना ही गरीब व असहाय क्यों न हो मानवाधिकारों का पक्षधर वहां का कानून उसके साथ है।

अब जरा इसी अदालती फैसले के सन्दर्भ में हम अपने देश के वास्तविक हालात का भी आंकलन करें। भारत सरकार द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के अनुच्छेद 24 के अनुसार कारखानों, खदानों एवं जोखिम भरे कार्यों में किसी बालक, जिसकी आयु 14 वर्ष से कम हो, नहीं लगाया जायेगा। हमारे देश में बाल संरक्षण कानून के अतिरिक्त विस्तृत श्रम कानून भी बने हुये हैं। इन कानूनों की पालना व इन्हें लागू करवाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर बाकायदा विभाग हैं,विशेष अदालते हैं। गोया पूरी मशीनरी श्रम व बाल संरक्षण हेतु दिखाई देती है जिनपर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च भी होते हैं। परन्तु इन सब के बावजूद धरातलीय स्थिति क्या है यह कौन नहीं जानता। मुख्य मार्ग के ढाबों से लेकर मंत्रियों सांसदों विधायकों व अधिकारियों के घरों तक में श्रम व बाल संरक्षण कानून की धज्जियाँ उड़ती देखी जा सकती हैं। मजदूरों की तो बात छोड़िये अनेक निजी स्कूल्स तक में अधयापकों व अध्यापिकाओं को वेतन कुछ दिया जाता है तो रजिस्टर में दस्तखत अधिक धनराशि लिखकर कराई जाती है। हद तो यह है कि बंधुआ मजदूरी कानून बने होने के बावजूद अभी भी ठेकेदारी प्रथा के तहत तमाम बंधुआ मजदूर काम करते मिल जायँगे जिन्हें ठेकेदार अपनी मनमानी रकम देकर उनसे 8 से 12 घंटे तक काम करवाता है। ईंट के भट्ठों से लेकर सड़क व भवन निर्माण क्षेत्र में भी ऐसे तमाम मजदूर काम करते देखे जा सकते हैं।

अपने देश में 'कानून का राज 'कितना कायम है यह देखने के लिये आपको दर्जनों ऐसे उदाहरण मिल जायेंगे जबकि किसी जघन्य अपराधी ने सत्ता में आने के बाद अपने ही ऊपर चल रहे आपरधिक मुकददमों को ही वापस ले लिया। यह उदाहरण भी मिलेगा कि सत्ता के करीबी व्यक्ति पर चलने वाला दंगे,फसाद,बलात्कार व हत्या तक का मुकददमा सरकार द्वारा वापस ले लिया गया। कई बार देश के बड़े बड़े कानूनविद यहाँ तक कि अनेक पूर्व न्यायाधीश यह कह चुके हैं कि देश की जेलें आमतौर पर ऐसे गरीब व असहाय लोगों से भरी पड़ी हैं जो आर्थिक रूप से गरीब हैं और लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ पाने में असमर्थ हैं। भारत में अभी पिछले दिनों हुआ बहुचर्चित पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट मामला भी एक बड़ा उदाहरण है जिसमें दो इंजीनियरों को कुचल दिया गया था। इस मामले में नाबालिग चालक ने दावा किया था कि दुर्घटना के समय उसका ड्राइवर कार चला रहा था। लेकिन जांच में उसका यह बयान झूठा निकला। यहाँ भी पैसे और रसूख के बल पर वह अपने ड्राइवर को पैसों के एवज में जेल भेजकर स्वयं को बचाना चाह रहा था परन्तु चूँकि मीडिया ने इस मामले को तूल दे दिया था और कार का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था,उधर कुचले गए दो व्यक्ति भी इंजीनियर थे इसलिये जाँच निष्पक्ष करनी पड़ी और रसूखदारों की साजिश धरी रह गयी। परन्तु उनका यह दुस्साहस स्वयं यह बताता है कि भारत में ऐसा संभव है कि रसूखदार स्वयं को बचने के लिये अपने ड्राइवर या नौकर को आगे कर देते हैं।

याद कीजिये फरवरी 2022 में जब सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने कहा था कि- 'जवाहर लाल नेहरू का भारत ऐसा बन गया है जहां मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लोकसभा में लगभग आधे सांसदों के खिलाफ बलात्कार और हत्या के आरोप लंबित हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि इनमें से कई आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। ' उस समय प्रधानमंत्री ली सीन लूंग द्वारा भारतीय सांसदों को लेकर दिए बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने आपत्ति भी जताई थी। परन्तु क्या हम इस सवाल से बच सकते हैं कि विदेशी सांसदों में भारत के बारे में ऐसी शर्मनाक टिप्पणियों की नौबत ही क्यों आती है? क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश और दुनिया ने यह नहीं देखा कि किस तरह विपक्षी दलों के नेताओं यहाँ तक कि मुख्यमंत्रियों तक को भ्रष्टाचार के मामलों में निशाना बनाते हुये उन्हें जेल भेजा गया,अनेक नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारियां की गयीं। परन्तु जब वही अपराधी सत्ता की शरण में चला गया तो उसे मंत्री या सांसद बनाकर महिमामंडित किया गया? ऐसी सरकार व उसके अंतर्गत चलने वाले शासन प्रशासन से आखिर कानून का राज स्थापित होने की हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? हिंदुजा परिवार को लेकर स्विट्जरलैंड की अदालत से आया फैसला क्या हमें यह सोचने के लिये मजबूर नहीं करता कि अपने देश में कानून का राज स्थापित करने को लेकर आखिर हम कब आत्मावलोकन करेंगे?

-तनवीर जाफरी

## खाना-ए-काबा के चाबीधारक डॉ. सालेह अल-शैबी का निधन



रियाद। खाना-ए-काबा के सादिन यानी मुख्य चाबीधारक और देखभालकर्ता डॉक्टर सालेह अल-शैबी का 79 वर्ष की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। उनका इंतकाल मक्का में हुआ। डॉ सालेह अल-शैबी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और उन्होंने धर्म और इतिहास पर अनेक पुस्तकें लिखीं जो प्रकाशित भी हुईं। डॉ. सालेह बिन ज़ैनुल आबिदीन अल-शैबी काबा के 109वें सादिन यानी देखभालकर्ता थे। जानकारी अनुसार डॉ सालेह ज़ैनुल आबिदीन अल शैबी का इंतकाल मक्का में शनिवार को हो गया। वो 79 वर्ष के थे। डाक्टर सालेह अल-शैबी खाना-ए-काबा के सादिन (मुख्य चाबीधारक) थे। वो खाना-ए-काबा के अंदर मेंटेनेंस के कामों की जिम्मेदारी भी संभालते थे। डॉक्टर सालेह अल-शैबी साल 2013 से खाना-ए-काबा के 109वें सादिन के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे। डॉक्टर सालेह का जन्म सन 1945 में मक्का में हुआ था। उन्हें इस्लामिक शोधकार्य के लिए पीएचडी उपाधि प्रदान की गई थी। डॉ सालेह मक्का की उम्मुल कुरा युनिवर्सिटी में बतौर प्रोफेसर अपनी खिदमात दीं और वहीं से वो सेवानिवृत्त भी हुए। इस्लामिक इतिहास और अकीदे पर डॉ सालेह ने करीब एक दर्जन पुस्तकों का लेखन किया। डॉ सालेह अल-शैबी जैसी दुनियां की एक महान हस्ति का शनिवार को मक्का में देहांत हो गया। उनकी आखिरी रसूमात दूसरे दिन रविवार को अदा की गईं।

## इजरायल ने किए ताबड़तोड़ धमाके, 42 फिलिस्तीनियों की मौत



गाजा। गाजा में लगातार इजरायली हमले हो रहे हैं। हजारों लोगों की जान जा चुकी है। बीते रोज शहर के अलग अलग इलाकों में धमाके हुए हैं जिसमें 42 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई इजरायली युद्धक विमानों ने अल-शती शरणार्थी शिविर पर हमला किया जिसमें लगभग 18 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। नागरिक सुरक्षा दल अभी भी शव और घायलों को मलबे से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। शिविर खंडहर में बदल गया है। इजरायली सेना ने गाजा में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर राएद साद को निशाना बनाया। अभी तक, उसकी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हमास के संचालन के प्रमुख के रूप में पहचाने जाने वाले साद के बारे में माना जाता है कि वह मार्च में इजरायली छापे के दौरान गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल में था, लेकिन उस समय वह वहां नहीं मिला। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में कहा कि गुरुवार तक इजरायली सैन्य अभियानों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 37,431 हो गई है, जबकि 85,653 अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों के अल-शती शरणार्थी शिविर पर हमले में सात घर नष्ट हो गए। हमास ने एक प्रेस बयान में कहा कि एक अन्य घटना में शनिवार को गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फाह में घरों पर इजरायली हवाई हमलों के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 24 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि उसके युद्धक विमानों ने गाजा शहर में हमास के दो सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया।

## घरों पर टपकने लगे चीनी रॉकेट के टुकड़े, लोगों में मची अफरा तफरी

बीजिंग। चीन और फ्रांस ने मिलकर संयुक्त रूप से लॉन्च किए गए उपग्रह ले जाने वाले लॉन्ग मार्च 2-सी रॉकेट में विस्फोट हो गया। इसका एक हिस्सा पृथ्वी पर एक आवासीय क्षेत्र में गिर गया। इससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर तक लोगों को लगा कि आसमान से कोई चीज धरती पर गिरी है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें रॉकेट एक आबादी वाले इलाके में गिरता हुआ दिखाई दे रहा है।



यान का हिस्सा गिरने से लोगों में दहशत फैल गई और वे बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) को दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च -2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। जानकारी के अनुसार, स्पेस वेरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) नामक उपग्रह के साथ अंतरिक्ष यान ने 22 जून (स्थानीय समय) को सुबह 3.00 बजे ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद रॉकेट का एक हिस्सा वापस धरती पर गिर गया। धरती पर रॉकेट का जो हिस्सा गिरा, उसे बूस्टर कहा जाता है। हालांकि, चीनी अधिकारियों ने मिशन को सफल घोषित करते हुए पुष्टि की कि उपग्रह अब तक का सबसे शक्तिशाली उपग्रह है और सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुंच गया है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, उपग्रह का मिशन गामा-किरण विस्फोट सहित खगोलीय घटनाओं का अध्ययन करना है। यह चीन और फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया पहला खगोल विज्ञान उपग्रह है, जो अंतरिक्ष और चंद्र अन्वेषण में चीन की बढ़ती ताकत को दिखाता है।

## घनी दाढ़ी....के बाद इस देश में हिजाब पर लगा प्रतिबंध

दुशांबे। मध्य एशियाई देश ताजिकिस्तान ने 19 जून को संसद के ऊपरी सदन द्वारा विधेयक को मंजूरी देने के बाद हिजाब प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विधेयक संसद के ऊपरी सदन मजलिसी मिल्ली के 18वें सत्र के दौरान पारित किया गया, जिसकी अध्यक्षता इसके प्रमुख रुस्तम इमोमाली ने की। अपने विधेयक में, मिल्ली ने दो सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी त्यौहारों - ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा के लिए विदेशी परिधान और बच्चों के जश्न पर प्रतिबंध लगा दिया। इन मुस्लिम त्यौहारों को ईदगरदक के नाम से जाना जाता है, जिसके दौरान बच्चे लोगों को बधाई देने के लिए अपनी गलियों में घरों में जाते हैं। 8 मई को, देश की संसद के निचले सदन मजलिसी नमोयंदगोन ने विधेयक को मंजूरी दे दी। यह पारंपरिक परिधानों, विशेष रूप से हिजाब, जो एक इस्लामी सिर का दुपट्टा है, पर लक्षित है। यह घटनाक्रम मजलिसी नमोयंदगोन द्वारा प्रशासनिक उल्लंघन संहिता में संशोधन को मंजूरी दिए जाने के बाद हुआ है। नए संशोधनों के अनुसार, कानून का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, सांसदों ने अपराधियों के लिए जुर्माना लगाया है, जो व्यक्तियों के लिए 7,920 सोमोनी से लेकर कानूनी संस्थाओं के लिए 39,500 सोमोनी तक है। इसके अलावा, सरकारी अधिकारियों और धार्मिक अधिकारियों पर दोषसिद्धि होने पर क्रमशः 54,000 सोमोनी से लेकर 57,600 सोमोनी तक का जुर्माना लगाया जाता है।



चीन ने जियांग उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से एक लांग मार्च 2 सी रोकेट दागा।

## शहबाज शरीफ ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान

इस्लामाबाद,। पाकिस्तान में तालिबान प्रायोजित आतंकियों के पैर जमाने के बीच पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि आतंकवाद से लड़ना सभी संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। एनएपी की बैठक को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि प्रांतों को भी देश में आतंकवाद से निपटने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। यह शीर्ष समिति देश से आतंकवाद को खत्म करने के उपायों के कार्यान्वयन की देखरेख करने वाली सर्वोच्च संस्था है। पाकिस्तान पीएम शरीफ ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमारा सामूहिक कर्तव्य और देश की सभी संस्थाओं का प्राथमिक दायित्व है। यह आपके और मेरे बारे में नहीं, बल्कि हमारे बारे में है। हमें इसे मिलकर खत्म करना होगा। 16 दिसंबर, 2014 को पेशावर स्कूल हमले के मद्देनजर आतंकवाद को खत्म करने के लिए 20 सूत्री एनएपी एजेंडा सरकार द्वारा अपनाया गया था और विपक्षी दलों द्वारा अनुमोदित किया था। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान पिछले ढाई दशकों से आतंकवाद का सामना कर रहा है और अपराध, मादक पदार्थ, तस्करी, उग्रवाद और धार्मिक आतंकवाद की संलिप्तता के कारण इससे निपटना जटिल है। शीर्ष समिति की बैठक ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान ने हाल में आतंकवादी कृत्यों में बढ़ोतरी का सामना किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में 2023 के दौरान 789 आतंकवादी हमलों और आतंक-रोधी अभियानों में 1,524 मौतें हुईं और 1,463 लोग घायल हो गए।



# बिना हाथ लगाए ताइवान को दबोच सकता है चीन

### -अमेरिका के थिंक टेंक ने चेताया, बढ़ी टेंशन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** वाशिंगटन के थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों के बीच कायम समुद्री सीमा में तनाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है क्योंकि चीन ताइवान के खिलाफ क्वारंटाइन स्ट्रेटिजी अपना रहा है जिसके तहत ताइवान को अलग-थलग करने की रणनीतिक कोशिश साफ सामने है। चीन अमेरिका से सीधे सीधे टकराव को अवॉइड करते हुए ताइवान पर प्रेशर बड़ा रहा है। अमेरिका हमेशा से ताइवान का पक्ष लेता रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं कि चीन के साथ ताइवान के आर्थिक संबंधों के चलते चीन के इन कदमों से इंटरनेशनल रिलेशन्स और वैश्विक व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। इस रणनीति से चीन ताइवान को दुनिया से पूरी तरह काटेगा नहीं बल्कि ताइवान के समुद्री और हवाई कॉमर्स पर कंट्रोल करने लग सकता है। खान पान और दवा जैसी जूररी आवश्यकताएं ताइवान को मिलती रहेंगी जिससे चीन यह दावा कर सकेगा कि किसी तरह की कोई परेशानी है ही नहीं। मगर वह कुछ खास सेगमेंट की सप्लाई रोकेगा जैसे कि ताइवान को अमेरिकी हथियारों की शिपमेंट। वैसे जानकार मानते हैं कि चीन की इस रणनीति से ताइवान को अपनी स्वतंत्रता की आधिकारिक घोषणा करनी पड़ सकती है जिसका चीन हमेशा से जबरदस्त विरोध करता आया है।ताइवान की स्वतंत्रता के कट्टर समर्थकों के लिए बाकायदा दंड का ऐलान किया है। यहां तक कि 'विशेष रूप से गंभीर' मामलों के लिए मौत की सजा को शामिल करने की घोषणा तक कर दी थी और इस बारे में करने के बारे में एक नोटिस जारी किया था। ताइवान ने इस बीच कहा कि बीजिंग का 'पूरे ताइवान पर कोई कानूनी अधिकार क्षेत्र नहीं है' और उसके नियमों का 'हमारे लोगों को मानने के लिए कोई जबरदस्ती नहीं है।

## यूक्रेन के हमलों से ज़ापोरीज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र खतरे में, रुस कर सकता है बड़ी कार्रवाई




**मॉस्को (एजेंसी)।** रुस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब अपने परिणाम की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। दरअसल यूक्रेन ने ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं, जिससे रुस खासा नाराज है और आशंका जाहिर की है कि इससे उसके परमाणु ऊर्जा संयंत्र को खतरा हो सकता है। इसके बाद रुस बड़ी कार्रवाई करने की स्थिति में आ गया है।

जानकारी अनुसार यूकेन के ड्रोन हमलों से परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। ज़ापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के गृह नगर एनरगोडार पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने हाल ही में ड्रोन हमले किए था। इन हमलों से परमाणु सुविधा की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंताएं खड़ी हो गई हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ड्रोन हमलों के चलते अनेक जगह की बिजली गुल हो गई थी। जेडएनपीपी के निदेशक यूरी चेर्निचुक का इस संबंध में कहना है कि शुक्रवार को रेडुगा सबस्टेशन पर ड्रोन हमले हुए जिस कारण जेडएनपीपी के कई डिवीजनों में बिजली चली गई, प्रभावित क्षेत्रों में प्रिंटिंग हाउस, पीने के पानी की आपूर्ति करने वाले पंप स्टेशन और उत्पादन और तकनीकी उपकरण प्रबंधन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह हमला स्टेशन के संचालन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर सीधा किया गया है। ऐसे में हमला जेडएनपीपी की सुरक्षा प्रभावित करता है।

## भविष्यवाणी: पहले भीषण गर्मी से लोग मरेंगे फिर बाढ़ बढ़ाएगी मुश्किलें

**पेरिस (एजेंसी)।** मशहूर भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस ने 2024 को लेकर अपनी भविष्यवाणी में चेतावनी दी थी कि इस साल धरती पर जलवायु परिवर्तन का कहर टूटेगा। इसमें कहा गया है कि सूखी धरती और अधिक झुलस जाएगी और जब यह नजर आने लगेगा तो एक भयंकर बाढ़ आएगी। नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी ग्रीनहाउस प्रभाव के कारण बढ़ते वैश्विक तापमान और गर्मी की लहर का संकेत हो सकता है। जिस तरह से धरती का तापमान इस समय तेजी से बढ़ रहा है, यह नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी के बेहद करीब जाता दिखाई दे रहा है। बीते महीने को ही देखें तो इसने अब तक के सबसे गर्म मई होने का रिकॉर्ड बना लिया है। मई महीने में औसत वैश्विक तापमान 12.97 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था,



जो 1991-2020 के औसत से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। वहीं, 1850-1900 के पूर्व औद्योगित औसत से तुलना करें तो यह 1.52 डिग्री सेल्सियस गर्म रहा था। जुलाई 2023 के बाद से यह महीना लगातार 11वां महीना था, जो पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित 1.5 डिग्री से ज्यादा गर्म रहा।

हालात ये हैं कि भारत समेत पूरी दुनिया में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान 1000 से ज्यादा मौतें हों या दक्षिण एशिया से लेकर दक्षिण पूर्व एशिया तक चल रही खतरनाक हीटवेव, इन सबके पीछे धरती का लगातार बढ़ता तापमान जिम्मेदार है। यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के अनुसार, मई 2024 अब तक रिकॉर्ड इतिहास में सबसे गर्म मई दर्ज की गई है।

सिर्फ यही नहीं, यह लगातार 12वां महीना रहा है जब पृथ्वी का तापमान रिकॉर्ड रूप से उच्च दर्ज हुआ है। जून 2023 के बाद से हर महीनी रिकॉर्ड स्तर पर सबसे गर्म रहा है। भयंकर पड़ रही गर्मी ने एक बार फिर मशहूर भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस की उस भविष्यवाणी की चर्चा तेज कर दी है, जो उन्होंने साल 2024 के लिए की थी।

## अमेरिका में बाढ़ से घर छोड़ने को मजबूर लोग, कई क्षेत्र भीषण गर्मी झेल रहे



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के आयोवा राज्य में लगातार हो रही बारिश से आई बाढ़ ने लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। वहीं अमेरिका के ज्यादातर हिस्से अब भी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। आयोवा के रॉक वैली में सुबह सायरन बजने लगे और लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया। लोगों को बताया कि क्षेत्र की नदी 'रॉक' में बारिश के कारण जलस्तर बढ़ गया है और तटों को तोड़ते पानी शहर में घुस रहा है।

मेयर केविन वान ओटरलू ने कहा कि एक सरकारी हेलीकॉप्टर मदद के लिए आ रहा था लेकिन यह देखा गया कि नावें जलमग्न इलाकों में निवासियों तक पहुंचने में सक्षम हैं तो उसे वापस बुला लिया। उन्होंने कहा कि कल रात डेढ़ घंटे में चार इंच बारिश हुई। गवर्नर किम रेनॉल्ड्स ने उत्तरी आयोवा के 21 काउंटी के लिए आपदा की घोषणा की है, जिसमें सिउक्स काउंटी भी शामिल है और रॉक वैली भी।

स्थानीय शेरिफ ने ड्रोन से लिए वीडियो पोस्ट किए जिसमें सड़क दिखाई नहीं दे रही, केवल छतें और पेड़ों की चोटियां पानी से ऊपर दिखाई दे रही हैं। अमेरिका के कई हिस्सों में तेज गर्मी और उमस के हालात भी बने हुए हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि करीब डेढ़ करोड़ लोग ऐसे स्थानों पर हैं जहां 'गर्मी की चेतावनी' जारी की गई है वहीं नौ करोड़ लोग ऐसे स्थान पर हैं जहां के लिए गर्मी की थोड़ी कम स्तर की चेतावनी जारी की गई है। देश भर में लाखों लोगों का जीवन तेज गर्मी के कारण अस्त-व्यस्त हो गया है।

# इजरायली सेना की दरिंदगी, घायल को बोनट पर बांधकर शहर में घुमाया

**जेनिन (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध खत्म नहीं हो रहा है और यह युद्ध क्रूरता की हदें पार कर रहा है। इजरायली रक्षा बलों की दरिंदगी और हैवानियत लगातार दुनिया के सामने आ रही हैं। इजरायली सैन्य बलों ने पहले राहत शिविरों में सो रहे मासूमों पर बम बरसाकर उन्हें मौत की नींद सुला दिया और तबाही मचाई।

अब एक और घटना ने आईडीएफ के दावों की पोल खोल दी है। शनिवार को अपने कब्जे वाले पश्चिमी तट के शहर जेनिन में इजरायली रक्षा बलों ने एक घायल फिलिस्तीनी व्यक्ति को जीप के बोनट पर बांधकर शहर में घुमाया। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। और लोग इजराइल सेना की क्रूरता की निंदा कर रहे हैं। घटना सामने आने के बाद इजरायल ने मामले में जांच शुरू करने का आदेश दिया है।



इजरायली रक्षा बलों की दरिंदगी दिखा रहे इस वीडियो में दिख रहा है कि एक फिलिस्तीनी युवक मुजाहिद आज़मी है, उसे एक जीप के बोनट पर बांधकर घुमाते हुए देखा जा सकता है। जीप दो एंबुलेंस को पार करते हुए आगे बढ़ते दिखाई दे रही है। उधर, इज़रायली सेना ने कहा कि उसके सैन्य बलों पर गोलीबारी की गई और दोनों ओर से गोलीबारी हुई, जिसमें एक संदिग्ध घायल हो गया और उसे पकड़ लिया। सैनिकों ने सैन्य प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। बयान में कहा गया है कि घटना के वीडियो में दिख रहे बलों का आचरण इजरायली सेना के मूल्यों के अनुरूप नहीं है और इस घटना की जांच की जाएगी तथा उससे निपटा जाएगा। सेना ने बताया कि व्यक्ति को उपचार के लिए चिकित्सकों के पास भेजा है।

उधर, आज़मी के परिवार के मुताबिक छापेमारी के दौरान यह घटना हुई। उनका कहना है कि आजमी की गिरफ्तारी के लिए इजरायली सेना बड़ी संख्या में जबरन उनके घर में घुस गई। गोलीबारी के दौरान वह घायल हो गए। जब परिवार ने एम्बुलेंस की मांग की तो सेना जबरन उसे जीप के बोनट पर बांधकर अपने साथ ले गई।

## महिला को रास नहीं आया बिना काम पैसा, कंपनी पर लगाया केस, 20 साल तक दिया वेतन

पेरिस। दुनिया में कोई कंपनी बिना काम के वेतन नहीं दे सकती। फिर भी कोई कंपनी बिना काम किए अपने कर्मचारी को सैलरी दे, तो ये खुसकिस्मती ही कही जाएगी। लेकिन यहां सबकुछ उल्टा है। एक महिला ने केस इसलिए लगाया कि उसे बिना काम के 20 साल तक वेतन क्यों दिया गया। फ्रांसीसी महिला ने दूरसंचार दिग्गज कंपनी ऑरेंज पर हैरान कर देने वाला मुकदमा दायर किया है। दरअसल महिला ने कंपनी पर आरोप लगाया कि कंपनी ने उसे कोई काम नहीं दिया। इस दौरान कंपनी उसे सैलरी देती रही। लॉरेंस वैन वासेनहोवे का दावा है कि विकलांगता के कारण ट्रांसफर का अनुरोध करने के बाद कंपनी ने उसे प्रभावी रूप से किसी भी प्लान में शामिल करना बंद कर दिया। आंशिक पक्षाघात और मिर्गी से पीड़ित वासेनहोवे को कथित तौर पर 1993 में ऑरेंज के पूर्ववर्ती फ्रांस टेलीकॉम द्वारा काम पर रखा गया था। वह आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हैं। शुरुआत में, उन्होंने अपनी सीमाओं के अनुरूप भूमिकाएं निभाईं, सचिव और मानव संसाधन के रूप में काम किया।

# ब्रिटेन पीएम की कंजर्वेटिव पार्टी के अधिकारी पर लगा सट्टेबाजी का आरोप

### -ऋषि सुनक सहयोगियों पर लगे आरोपों के बारे में सुनकर हुए दुखी

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के एक अधिकारी पर सट्टेबाजी का आरोप लगा है। आरोप है कि अधिकारी ने आम चुनाव की तारीख का ऐलान होने से पहले ही उस पर सट्टा लगा दिया था, ब्रिटेन का जुआ आयोग इस बात की जांच कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन के जुआ आयोग ने पहले ही दो कंजर्वेटिव चुनाव उम्मीदवारों और पार्टी के अभियान निदेशक पर चार जुलाई के चुनाव की तिथि पर सट्टा लगाने के आरोप की जांच शुरू कर दी है।

अधिकारी का नाम निक मेसन बताया जा रहा है जो कंजर्वेटिव पार्टी में मुख्य डेटा अधिकारी है। मेसन ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रिपोर्ट में मेसन के प्रवक्ता के हवाले से कहा कि उन्होंने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है। बताया जा रहा है मेसन अपने ऊपर आरोप लगने के बाद छुट्टी पर चले गए हैं।

घोटाले को लेकर बढ़ते आरोपों ने पीएम सुनक के विरोध दल लेबर पार्टी को उनपर हमला करने का मौका मिल गया है। वहीं, आम चुनाव में पहले से जनमत सर्वेक्षणों में पिछड़ रही सुनक की पार्टी को ये नया झटका लगा है। सुनक ने कहा कि वह अपने पार्टी सहयोगियों के खिलाफ आरोपों के बारे में सुनकर दुखी और उनसे नाराज हैं। वहीं, घोटाले में नामित कंजर्वेटिव उम्मीदवारों में से एक, क्रेग विलियम्स ने पहले ही इस गलती के लिए माफी मांग ली है और पार्टी के अभियान निदेशक टोनी ली ने छुट्टी ले ली है। दूसरी ओर सुनक के आवास मंत्री माइकल गोव ने एक साक्षात्कार में सट्टेबाजी के आरोपों की तुलना पार्टीगेट घोटाले से की। उन्होंने कहा कि यह सबसे अधिक नुकसानदायक है। गोव 14 सालों तक सांसद रहने के बाद इस चुनाव से हट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टीगेट के समय पार्टी को नुकसान हुआ था और यहां भी यह नुकसानदायक है।



# टी20 विश्वकप : भारतीय टीम सुपर आठ के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने उतरेगी

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** भारतीय टीम सोमवार को टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ के तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक सुपरआठ में अपने दोनो ही मुकाबले जीते हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम ने पहले अफगानिस्तान और फिर बांग्लादेश को हराया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले मैच में बांग्लादेश को हराया था पर दूसरे मैच में उसे अफगानिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसका मनोबल गिरा है।

अफगानिस्तान से हारने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया की सेमीफाइनल की राह भी कठिन हो गयी है। उसे सेमीफाइनल में पहुंचनले के लिए भारतीय टीम के खिलाफ जीत के साथ ही ये भी उम्मीद करनी होगी कि अफगानिस्तान टीम बांग्लादेश से हार जाए। भारतीय टीम में इस मैच के लिए बदलाव की उम्मीद नहीं है कयोंकि अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे भी फार्म में आते दिख रहे हैं। वहीं गेंदबाजी में स्पिनर कुलदीप यादव जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में यहां की स्पिन लेती पच पर उनका सामना करना ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए बेहद कठिन रहेगा। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी पर कंगारु टीम की संभावनाओं को भी कम नहीं माना जा सकता क्योंकि वह इस मैच में जीत के लिए पूरा जोर लगा देगी।

ऑस्ट्रेलिया को हालांकि इस मैच में अपनी बल्लेबाजी ठीक करनी होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ उसके बल्लेबाज विफल रहे थे हालांकि



गेंदबाजों का प्रदर्शन ठीक था। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों को स्पिनर एडम जम्पा और तेज गेंदबाज पैट कमिंस से सावधान रहना होगा। जम्पा एक शानदार स्पिनर हैं और यहां की पिच पर उन्हें सहायता भी मिलेगी। वहीं कमिंस ने पिछले दो मैच में लगातार हैट्रिक लेकर दिखाया है कि वह अभी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में शामिल हैं।

### टीम

**भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया-** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

# नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए मूत्र के नमूने नहीं दिए थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल (एडीडीपी) ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा कि यह आपके लिए औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थाई रूप से निलंबित हैं। पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

## पंत की गिलक्रिस्ट के साथ तुलना.... अभी ठीक नहीं, पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना

**सेंट लूसिया (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन अगर पंत अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है, तब वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है। स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी पंत विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है। पंत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं, लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं।

स्मिथ ने कहा, पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वे बेहतरीन फॉर्म में नाराज आ रहे है। वह बेहद कुशल खिलाड़ी है। वह आक्रामक है, वह खतरनाक खिलाड़ी है। गिलक्रिस्ट की तरह पंत ने भी दिखा दिया है कि वह प्रत्येक प्रारूप में किसी भी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। टी20 विश्व कप में उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जा रहा है और उन्होंने अभी तक इस फैसले को सही साबित किया है। स्मिथ ने कहा, 'वह किसी भी खिलाड़ी का अच्छी तरह से साथ निभा सकते हैं फिर चाहे वह कोहली हो या रोहित शर्मा। उन्होंने कहा, 'वह पहली गेंद को ही हिट कर सकता है और गेंद को सीमा रेखा के पास पहुंचा सकता है। उसके पास रन बनाने के अन्य विकल्प भी हैं। पंत ने टीम में केएल राहुल जैसे अच्छे खिलाड़ी की जगह ली है। केएल राहुल विश्व स्तरीय क्रिकेटर है और उसकी जगह लेना मायने रखता है। 26 वर्षीय क्रिकेटर की गिलक्रिस्ट से तुलना करने के लिए हालांकि अभी इंतजार करना होगा। स्मिथ ने कहा, 'गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए पंत अभी काफी रास्ता तय करना होगा। दोनों एक तरह के ही क्रिकेटर हैं जो टेस्ट क्रिकेट में निचले क्रम और सीमित ओवरों की क्रिकेट में ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए उसमें और गिलक्रिस्ट में समानता है।

# टी20 विश्व कप सुपरआठ : अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया

**– गुरबाज, जादरान ने लगाये अर्धशतक, गुलबदीन ने लिए चार विकेट**

**किंग्सटन (एजेंसी)।** रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान के अर्धशतकों के बाद गुलबदीन नाईब की घातक गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी टी20 विश्व कप सुपरआठ में सबसे बड़ा उलटफेर किया है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 6 विकेट पर 148 रन बनाये। इसके बाद 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम 127 रनों पर ही आउट हो गयी।




लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम अफगान गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती दिखी। तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने ऑस्ट्रेलायई टीम को शुरुआती झटके दिये जिससे टीम संभल नहीं पायी। इसके बाद गुलबदीन नाईब ने चार विकेट लेकर कंगारुओं को दबाव में ला दिया। गुलबदीन ने 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट लिए। गुलबदीन ने मार्कस स्टोइनिस और अर्धशतक जमाकर खेल रहे ग्लेन मैक्सवेल को आउट किया। इसके बाद टिम डेविड और फिर पैट कमिंस को भी पेवेलियन भेज दिया। केवल मैक्सवेल की कुछ हद तक टिक पाये और उन्होंने 35 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्के जमाते हुए 59 रन बनाये पर अपनी टीम को हारी से नहीं बचा पाये। इस मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम ने गुरबाज और जादरान की शतकीय साझेदारी से अच्छी शुरुआत की। गुरबाज ने 60 और जादरान ने 51 रन बनाये। इसके बाद के बल्लेबाजों ने टीम का स्कोर 148 रन तक पहुंचाया।

## जाफर ने मीम शेयर कर ऑस्ट्रेलिया का मजाक उड़ाया

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व ओपनर वसीम जाफर ने अफगानिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद कंगारुओं का मजाक उड़ाया है। जाफर ने इस मैच को लेकर एक मीम शेयर किया है। जाफर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से लगातार एक से बढ़कर एक मीम शेयर किये हैं। जाफर ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें आईसीसी में ऑस्ट्रेलिया ने कैसे अफगानिस्तान को हराया था इसको लेकर बात है और साथ ही इसके जवाब में टी20 विश्व कप में अफगान टीम की जीत की भी चर्चा है।

## जब गेंद निकालने स्टेज के नीचे घुसे विराट



एंटीगुआ । आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारत और बांग्लादेश के बीच हुए सुपरआठ के दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 50 रनों से हरा दिया। इस मैच में एक ऐसा भी वाकया देखने को मिला जिससे दर्शक भी हैरान हो गये। इस मैच में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली गेंद निकालने के लिए स्टेज के नीचे घुस गए। विराट ने इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 3 छक्के और 1 चौका लगाकर 28 गेंदों पर 37 रन बनाए और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं इस मैच में बांग्लादेश की बल्लेबाजी के दौरान उसके बल्लेबाज रिशाद हुसैन ने एक छक्का लगाया और गेंद सीमा रेखा से बाहर रखे एक छोटे स्टेज के नीचे घुस गई पर तब सभी हैरत में पड़ गये जब विराट गेंद निकालने के लिए स्टेज के नीचे घुस गए। उन्होंने गेंद निकाली तब जाकर मैच वापस शुरू हुआ। इसका एक वीडियो भी आया है, इसमें विराट स्टेज के नीचे घुसते दिख रहे हैं।

## हम बहुत स्मार्ट हैं, हम बल्ले और गेंद से अच्छे रहे : रोहित शर्मा

खेल डैस्क । टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई है। टीम इंडिया का सेमीफाइनल लगभग तय हो गया है। लेकिन उन्हें इसे पक्का करने के लिए गुयाना के मैदान पर उतरना ही होगा। क्या कोई उन्हें रोक सकता है? यह टूर्नामेंट के आगे बढ़ने पर हमें पता चल जाएगा। वहीं, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ अहम जीत दर्ज करने के बाद अपने खिलाड़ियों की तारीफ की है। रोहित ने साफ शब्दों मे कहा कि सभी खिलाड़ियों का मिला जुला प्रदर्शन ही उन्हें आगे लेकर जा रहा है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद बल्लेबाजी में आक्रमण रुख अपनाने पर कहा कि मैं लंबे समय से इस बारे में बात कर रहा हूं। हमें मैदान पर जाकर अपना काम करना होगा। आज सब कुछ ध्यान में रखते हुए हमने परिस्थितियों के अनुरूप ढलकर वास्तव में अच्छा खेला। यहां थोड़ा हवा का प्रभाव है, कुल मिलाकर हम बहुत स्मार्ट हैं, कुल मिलाकर हम बल्ले और गेंद से अच्छे थे। सभी 8 बल्लेबाजों को अपनी भूमिका निभानी होगी, चाहे वह कुछ भी हो। हमने देखा



कि एक खिलाड़ी ने 50 रन बनाए और अब हम 197 रन तक पहुंचे। रोहित ने कहा कि टी20 में मुझे नहीं लगता कि हमें अर्द्धशतक और शतक बनाने की जरूरत है, मायने यह रखता है कि आप गेंदबाजों पर कितना दबाव डालते हैं। शुरू से ही सभी बल्लेबाज इसी तरह खेले। टीम में काफी अनुभव है। वहीं, हार्दिकि के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा कि मैंने पिछले गेम में भी कहा था, उसकी अच्छी बल्लेबाजी हमें अच्छी स्थिति में लाती है। हम शीर्ष 5, 6 के बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम जानते हैं कि हार्दिक क्या करने में सक्षम है। वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, अगर वह ऐसा करना जारी रखता है तो यह हमें अच्छी स्थिति में पहुंचा देगा। उत्साह और अगर हम गेंदबाज के साथ कुछ चर्चा करते हैं और जब वह सामने आता है, तो यह अच्छा है।

# मैं ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करता हूं : कुलदीप यादव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्रोस आइलेट -कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट ले लिए हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।

कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिए लैंग्थ काफी मायने रखती है। इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है। इसके लिए काफी आक्रामक होना पड़ा है। मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी20 विश्व कप में भी। अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं।

उन्होंने कहा कि जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिए और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब वह आप पर हमले की कोशिश करें तो आपके पास रणनीति होनी चाहिए। ऐसे में विकेट लेने की संभावना अधिक होती है।

कुलदीप ने संकेत दिया कि उन्हें वेस्टइंडीज में टीम संयोजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका में नहीं खेला। मैं वहां 12वां खिलाड़ी था और ड्रिंक्स लेकर जा रहा



था। यह खेलने जैसा ही था। मैंने वहां गेंदबाजी नहीं की लेकिन करना चाहता था। उन्होंने कहा कि वहां विकेट आस्ट्रेलिया की तरह था। मैंने यहां 2017 में टी20 और वनडे में पदार्पण किया और मुझे हालात का पता था। स्पिनर के लिए यहां गेंदबाजी करना अच्छा अनुभव है।

## नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

नई दिल्ली । भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों में शामिल सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। सुमिन ने स्वयं कहा कि उन्होंने पुरुष एकल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है। नागल अब दूसरी बार ओलंपिक खेलेंगे। उन्होंने इससे पहले टोक्यो ओलंपिक में भी भाग लिया था। नागल ने सोशल मीडिया पर लिखा, ' मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है. क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है.' नागल ने कहा, 'टोक्यो ओलंपिक के बाद अब पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना मेरा लक्ष्य था। अब मेरा लक्ष्य सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।' वहीं अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने कहा कि इससे पहले जब खिलाड़ियों की रैंकिंग पर विचार किया गया था तब नागल वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची में थे पर अब उन्होंने क्वालीफाई कर लिया है। .वहीं भारत के ही रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी पुरुष युगल स्पर्धा में शामिल होंगे। बोपन्ना को शीर्ष 10 खिलाड़ियों में होने के कारण अपना जोड़ीदार तय करने का अधिकार मिला हुआ था और इसके लिए उन्होंने बालाजी का नाम आगे रखा। जिससे एआईटीए ने मान लिया।

# भारत से मुकाबले के लिए तैयार हैं : मार्श

**– दबाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है ऑस्ट्रेलिया**

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने माना है कि भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में उनकी टीम पर जीत हासिल करने का दबाव रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपने दूसरे सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान ने उलटफेर का शिकार बनाया था पर मार्श ने कहा कि उनकी टीम इस हार से उबरकर भारत के खिलाफ



अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेगी। साथ ही कहा कि उनकी टीम को दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना आता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अगर भारत के खिलाफ सुपर आठ में हारती है तो वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया को इस मैच में भारत के खिलाफ जीत हासिल करने के साथ ही अपना नेट रन रेट भी बेहतर बनाए रखना होगा। मार्श ने कहा कि यह अहम मैच है और इसमें हमें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर हमारी इस टीम के इतिहास को देखें तो हमारे खिलाड़ी दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से इस कठिन मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए चीजें अब स्पष्ट हैं। हमें अपने पर भरोसा रखना होगा। हमारे पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और मेरा मानना है कि हम सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं। हमें सब कुछ भूलकर आगे बढ़ना होगा तभी टीम को सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ टीम ने कुछ ज्यादा ही रन दे दिये थे। वहीं दिन भी उनके लिए अच्छा नहीं रहा। हार में वह टॉस की भूमिका को नहीं मानते। टीम की हार का कारण खराब प्रदर्शन रहा।

## अश्विन ने गंभीर की तारीफ करते हुए उन्हें एक फाइटर बताया

नई दिल्ली । अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बनने जा रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि गंभीर एक फाइटर हैं पर उन्हें गलत समझा गया है। इसके अलावा वह मेरे लिए प्रेरणास्रोत भी रहे हैं क्योंकि टेस्ट करियर के शुरुआती दिनों में मुझे उनसे काफी सहायता मिली। भारतीय टीम के नये मुख्य को की दौड़ में गंभीर अभी सबसे आगे हैं। वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्वकप से समाप्त हो रहा है। गंभीर का हाल ही में बीसीसीआई समिति ने साक्षात्कार भी लिया था। ऐसे में गंभीर के कोच बनने की अटकलों को देखते हुए अश्विन ने गंभीर की प्रशंसा करते हुए साल 2012 की एक घटना को याद किया। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली श्रृंखला खेल रहा था। तब गंभीर ने मुझे मेरे करियर की शुरुआत में बहुत आत्मविश्वास दिया। मुझे जबकि ऐसी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, गंभीर को बहुत गलत समझा जाता है। यह सब धारणा है कि वह बेहद सख्त हैं पर । हममें से कई लोगों के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम अपने दिमाग में किसी एक को हीरो बना देते हैं और अन्य लोगों को भूल जाते हैं। गंभीर एक प्रतियोगी है। जीतने की उसकी इच्छा और भूख अविश्वसनीय है। मेरे मन में उसके लिए बहुत सम्मान है।

## कमिंग टी20 विश्वकप में दो बार हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बने

सेंट विंसेंट। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने इस टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरी बार हैट्रिक लेकर एक नया रिकार्ड बनाया है। कमिंस टी-20 विश्व कप के दो मैचों में लगातार हैट्रिक लेने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बने हैं। कमिंस ने सुपर आठ के पहले मैच में बांग्लादेश और दूसरे मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक लगायी है। कमिंस ने अफगानिस्तान के खिलाफ 18वें ओवर की अंतिम गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की शुरुआती दो गेंदों में उन्होंने करीम जनत और गुलबदीन नईब के विकेट लेकर अपनी हैट्रिक पूरी की। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ भी कमिंस ने इसी प्रकार 17 ओवर की अंतिम दो गेंदों और 18 ओवर की पहली गेंद पर विकेट लिया था। .टीम 20 विश्व कप की पहली हैट्रिक साल 2007 में खेले गए शुरुआती सत्र में ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट ली ने बांग्लादेश के खिलाफ लगायी थी। इसके बाद दूसरी हैट्रिक 14 साल बाद कर्टिस कैम्फर ने 2021 में नीदरलैंड्स के खिलाफ लगायी ली। उस सत्र में वानिंदु हसरंगा और कागिसो रबाडा ने भी ये कारनाम किया था जबकि 2022 सत्र में कार्तिक मेयप्पन और जोश लिटिल ने हैट्रिक ली थी।



# सूर्यकुमार को मिला बैस्ट फील्डर का मैडल, विव रिचड्र्स ने पंत को देखकर दी बड़ी मुस्कान

**नॉर्थ साउंड (एंटीगुआ) (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप सुपर-8 मैच में बांग्लादेश पर भारत की 50 रनों की जीत के बाद वेस्टइंडीज के महान सर विवियन रिचड्र्स ने सूर्यकुमार यादव को बेस्ट फील्डर का मेडल दिया। एंटीगुआ में सूर्यकुमार ने लिटन दास को आउट करने के लिए दौड़ते हुए कैच लिया था। इसको लेकर टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में फील्डिंग कोच टी दिलीप ने घोषणा की कि यह पुरस्कार वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी द्वारा दिया जाएगा, जिनके नाम पर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम का नाम रखा गया है।

दिलीप ने बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में कहा कि आज हमारे पास एक सच्ची किंवदंती है, जिसका नाम मैदान पर निडर खेल और बेजोड़ करिश्मा का पर्याय है। हर मायने में गेमचेंजर, जिसने हर मायने में दिखाया; महानता के लिए प्रयास करने का क्या मतलब है। यह कोई और नहीं बल्कि सर विवियन रिचड्र्स हैं।

सूर्यकुमार को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक पदक प्रदान करने के बाद रिचड्र्स ने हंसते हुए कहा कि मैं केवल यह कह सकता हूं कि अगर विंडीज टीम विश्व कप में अपना काम पूरा नहीं कर पाई तो मैं आपके कमरे में वापस आ जाऊंगा। रिचड्र्स ने दुर्घटना के बाद वापसी के लिए ऋषभ पंत की भी सराहना की और कहा कि पंत तुम जिस दौर से गुजर चुके हो उसके बाद तुम्हें वापस आते देखना बहुत अच्छा है। हमें महान प्रतिभा की कमी महसूस होगी और वास्तव में तुम भविष्य में क्या पेश कर सकते हो। विंडीज दिग्गज ने टूर्नामेंट में अब तक भारत के प्रदर्शन की सराहना करते हुए समापन किया।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शान्तो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने हार्दिक पांड्या के 50, विराट के 37, ऋषभ पंत के 36, शिवम दुबे के 34 रनों की बदौलत 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम 8 विकेट गंवाकर 146 रन बनाने में ही सफल रही और 50 रनों से मुकाबला गंवा दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 3, बुमराह और अर्शदीप ने 2-2 विकेट लिए।



# श्रीगंगानगर जिला भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर




श्रीगंगानगर जिला भाजपा ने आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय में किया । कार्यक्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी ने बताया की जिला कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपना उद्बोधन देते हुए श्रीगंगानगर भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने कहा की डॉ मुखर्जी राष्ट्र की एकता के परिचायक थे । डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से ही राजनीति में प्रवेश किया था । डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। डॉ मुखर्जी धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे। उनका कहना था कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब सांस्कृतिक रूप से एक हैं। उनका कथन था कि हम सब एक रक्त, एक भाषा, एक संस्कृति और एक ही विरासत वाले लोग है। परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अलग ही रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। इसके बावजूद लोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता ही रहा। राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण ही डॉ मुखर्जी ने नेहरू मन्त्रिमण्डल से त्यागपत्र दे दिया और अक्टूबर 1951 में एक नई पार्टी भारतीय जनसंघ बनायी जो उस समय विरोधी पक्ष के रूप में देश का सबसे बड़ा दल था। वे अन्त समय तक भारत की एकता के लिए प्रयत्नशील रहे। श्रीगंगानगर जिला भाजपा द्वारा 25 जून 2024 को काला दिवस भी मनाया जाएगा।

ज्ञात रहे कि इस दिन कांग्रेस ने आपातकाल लागू कर भारत के प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन किया था । इस कार्यक्रम का संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष और पूर्व जिला प्रमुख सीताराम मौर्य को बनाया गया है । आज के इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रदीप धेरड़ एडवोकेट पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम मौर्य जिला उपाध्यक्ष श्याम धारीवाल व रतन गणेशगढ़िया जिला मंत्री राजेन्द्र छाबड़ा जिला कोषाध्यक्ष हनुमान गोयल मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर गौड़ व सुशील अरोड़ा रिंकू सिंह राकेश कुमार हेमंत कालिया कृष्ण कुमार गुल्लू राजेश आहूजा क्रांति चुघ अरविंद स्वामी राजन सिंह सूद विकेश यादव अजय जुनेजा व शिवप्रकाश तेहरपुरिया सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टेम्पो ड्राइवर पर चाकू से हमला कर भागे, मुखबिरी के शक में शराब माफिया नाराज था, पुलिस जांच में जुटी

जोधपुर। शहर के बनाड़ थाने के रमजान का हत्था के पास बाइक सवार दो युवकों ने एक मैजिक गाड़ी रुकाने के बाद ड्राइवर पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर घायल हुए ड्राइवर को महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया। वहीं हमलावर दोनों बदमाश घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गए। खोखरिया में सांसी बस्ती निवासी मूमल सांसी ने बताया कि उसका भाई पिंटू पुत्र सूरजाराम सांसी सवारी गाड़ी चलाता है। वह शाम को सवारी लेकर बनाड़ रोड से निकल रहा था तभी रमजान का हत्था के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक नजर आए। एक युवक ने हाथ से इशारा करके गाड़ी रुकवाई। सवारी समझकर ड्राइवर पिंटू नें टेम्पो रोक दिया। इतने में ही दोनों युवक उससे झगड़े पर उतारू हो गए। वे मारपीट करने लगे और एक युवक ने चाकू निकाला और पिंटू पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जो उसकी पीठ व गर्दन के पास लगे। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। बाद में घायल पिंटू को एमडीएम हॉस्पिटल ले जाया गया। थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने गुरुवार को बस्ती के पास दो जगहों से अवैध शराब जब्त की थी। अवैध शराब बेचने वालों को अंदेशा है कि पिंटू ने ही पुलिस को सूचना देकर शराब जब्त करवाई थी। इसी के चलते उस पर हमला किया गया है।

## सीकर में नाबालिग का शव मिला, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**सीकर**। सीकर के दांतारामगढ़ क्षेत्र में बीती शाम मोटलावास और सज्जनपुरा गांव के बीच सड़क किनारे लड़की का शव मिलने के मामले में मृतका की पहचान हो चुकी है। मृतका नाबालिग है जिसका नावां इलाके से किडनैप हुआ था। फिलहाल परिजनों की मांग है कि जब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक वह शव का पोस्टमॉर्टम नहीं करवाएंगे। जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की नावां के ग्रामीण क्षेत्र की रहने वाली है। जो शुक्रवार को घर से दूध लेने के लिए निकली थी। लेकिन काफी देर बाद घर पर नहीं लौटी। परिजनों ने सिंगरावट निवासी राकेश सैन पर किडनैप का आरोप लगाया। परिजनों ने नावां थाने में मामला भी दर्ज करवाया था। परिजनों का आरोप है कि नावां पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। फिलहाल नागौर पुलिस के कई अधिकारी दांतारामगढ़ में मौजूद है। जो परिजनों से समझाइश कर रहे हैं। शव के गले से चुन्नी भी मिली थी। मौके से एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य जुटाए थे। मामले में परिजनों की मांग है कि जबतक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं करती है तब तक वह शव नहीं लेंगे। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नाबालिग मृतका का भाई मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया है। जिसे 45 मिनट बाद समझाइश करके नीचे उतारा।

## राजगढ़ राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**सादुलपुर**। राजगढ़ शहर में राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है। बीए भाग प्रथम (सेमेस्टर) सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया से आवेदन किया जा सकता है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा जारी निर्देशानुसार राजकीय कन्या महाविद्यालय की कक्षा बी ए भाग प्रथम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन किए जाने की अंतिम तिथि 26 जून है। महाविद्यालय में मात्र 900-00 रूपये फीस में अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य जाता है। छात्राओं को छात्रवृति तथा ओबीसी बीपीएल, एससी, एसटी छात्राओं के समाज कल्याण छात्रवृति, मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाती है आगामी प्रक्रिया के चरण इस प्रकार होंगे। मैरिट एवम प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश सूची का प्रकाशन।

## बीमा क्लेम लेने के लिए रची थी साजिश, आरोपी ट्रक मालिक गिरफ्तार

सादुलपुर। ऑनलाइन गेम तथा जुआ सट्टा परिवारों और समाज की बर्बादी का कारण बन रहा है। इस ऑनलाइन सट्टे के कारण ही राजगढ़ थाना क्षेत्र में हत्याकांड को अन्जाम दिया गया है, जिसका खुलासा 22 जून को किया है। राजगढ़ सादुलपुर में 8 जून को खेमाना रोड बाई पास के निकट हाईवे पर एक ट्रक में जली हुई लाश मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की तथा बाद में मृतक के भाई बरवाला (हरियाणा) निवासी ने राजगढ़ थाने में इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाया था। राजगढ़ पुलिस ने अनुसंधान करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ इस घटना का खुलासा कर दिया गया है। मृतक हरियाणा के बरवाला गांव का दिनेश उर्फ देशी मेघवाल था। उसकी हत्या गांव के ही राजेश जाट ने की बताते हैं। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी राजेश ने दिनेश उर्फ देशी को अपने ट्रक पर मजदूरी के बहाने रखा और उसे अपने साथ ले आया। 6 जून के रात्रि को वह रवाना हुए तथा आरोपी ने रास्ते में दिनेश को शराब पिलाई। ज्यादा शराब पीने के कारण नशे में ही मृतक ट्रक में सो गया था। 7 जून को तडक़े सवेरे राजेश अपने ट्रक को लेकर राजगढ़ पहुंचा जहां उसने हिसार बाईपास के पास एक साइड में ट्रक को खड़ा कर दिया। ट्रक के केबिन में दिनेश शराब के नशे में गहन निद्रा में था। उस दौरान राजेश ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी और केबिन को बाहर से लॉक कर दिया। इस हत्या का कारण यह बताया गया है कि ऑनलाइन सट्टा खेल कर राजेश जाट लाखों लाखों रुपए का कर्जदार हो गया और लोग भुगतान के लिए तकाजा करने लगे। इस प्रकार की स्थिति में उसने अपने पड़ोस में हुई ऐसी ही घटना से प्रेरित होकर बीमा कंपनी से क्लेम लेने के लिए यह साजिश रची। उसकी साजिश यह रही कि दिनेश जलकर मर जाएगा। उसके स्थान पर आरोपी राजेश अपने आप को मरा हुआ दिखाकर बीमा कंपनी से क्लेम ले लेगा और अपना कर्ज उतार देगा।

## योगादिवस मनाया गया

**सादुलपुर**। बीआरजेडी पब्लिक स्कूल, भोरुग्राम ने 21 जून को विद्यालय प्रार्थना स्थल पर योग दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार के सदस्य स्वेता शर्मा, उषा गोस्वामी, हिना ख्यालिया, विकेश सिंह, मदीना, मुकेश, सुनीता, महेंद्र, NCC प्रभारी सौरभ शर्मा ने योग गुरु ठाकुर सिंह ने सानिध्य में एनसीसी केडिट्स व विद्यार्थियों ने योग का अभ्यास किया, विद्यालय के उप प्राचार्य अनिल मुदगल ने योग का जीवन में उपयोग की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए इसे दैनिक जीवन का आवश्यक अंग बनाने का संदेश दिया।

### प्रथम पेज का शेष...

### जन-जन तक...

सवाई सिंह, बांसवाड़ा के रमेश पंड्या, महाराष्ट्र के मनोज ठाकरे और भारत दोसी ट्रस्ट में सदस्य बनाया गया। विधानसभा में बिल लाकर सरकार इस ट्रस्ट को खत्म करने वाली है। ट्रस्ट की तमाम नियुक्तियां की रद्द की जाने वाली है।

### फर्जी पट्टा जारी...

ही रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी स्थित भूखंड सं या 186 योजना मानचित्र में अनुमोदित होने के कारण उक्त भूखंड का पट्टा विलेख तकनीकी दृष्टि से नियमानुसार स्वामित्व, वाद-विवाद आदि की जांच कर जारी किया जाना चाहिए था। परंतु कथित रूप से ऐसा नहीं किया गया। चौथे बिंदू में पालिकाध्यक्ष पर अध्यक्ष पद पर रहते लगभग 185 पत्रावलियां हस्ताक्षर के लिए करीब एक साल से अधिक समय से विचाराधीन होने के बावजूद निस्तारण नहीं करने पर पद के दुरूपयोग का आरोप लगाया गया है।

जांच में अनियमितता

डीएलबी उप निदेशक विनोद पुरोहित ने जांच रिपोर्ट में पूरे प्रकरण में विस्तृत रिपोर्ट जारी करते हुए उपरोक्त प्रकरण में पट्टा जारी करते समय पालिकाध्यक्ष मोनिका खटोतिया पर पर्याप्त एहतियात नहीं बरतने, स्वयं के पति के नाम से जारी पट्टे को विधिवत डिस्पेच नहीं करने पर संदेह जताया गया है। वहीं पालिकाध्यक्ष पर पर्याप्त पत्राचार के बावजूद 185 पत्रावलियों को आवास पर लंबित रखने पर पद व कर्तव्य के दुरूपयोग व अनियमितता की श्रेणी में माना है।

### कोयला खनन करने...

कि वित्त वर्ष 2024-25 की 18 एमटीपीए की उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए जुलाई 2024 की शुरूआत तक उपलब्ध करवाई गई 33.97 हैक्टेयर भूमि के साथ ही 74.13 हैक्टेयर अतिरिक्त भूमि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को सौंपना आवश्यक है। साथ ही, वित्त वर्ष 2025-26 से अगले 6 वर्षों के खनन कार्यों के लिए उत्पादन निगम ने 411 हैक्टेयर वन भूमि के लिए आवेदन किया हुआ है। निगम की थर्मल इकाइयों की कोयले की मांग को पूरा करने तथा बाहरी स्त्रोतों पर कोयले की आपूर्ति की निर्भरता को कम करने के लिए भूमि को चरणबद्ध रूप से सौंपना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार के आने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों तथा छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से पीईकेबी ब्लॉक से 33.97 हैक्टेयर भूमि से कोयले का खनन प्रारंभ हो पाया है। वर्तमान में इस ब्लॉक से प्रतिदिन 9 रैक प्राप्त हो रही है। इससे राजस्थान के कोयले की समस्या दूर हुई है।

### खनन कार्य शुरू करने की अनुमति

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि आवंटित अन्य कोल ब्लॉक परसा में वृक्षों एवं भूमि हस्तांतरण को छोड़कर 221 हैक्टेयर क्षेत्र में खनन कार्य शुरू करने से संबंधित अन्य सभी आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां केन्द्र एवं राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा जारी की जा चुकी हैं। उन्होंने आग्रह किया कि दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उत्पादन निगम को भूमि का हस्तांतरण तथा वन विभाग से अनुमति छत्तीसगढ़ सरकार के स्तर पर लंबित है। उन्होंने इस दिशा में भी छत्तीसगढ़ सरकार से जल्द सहयोग का आग्रह किया। इस कोल ब्लॉक से प्रतिदिन तीन रैक तक प्राप्त हो सकेगी।

नागर ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि केंते एक्सटेंषन कोल ब्लॉक में खनन कार्य शुरू करने के लिए वहां की सरकार के स्तर पर लंबित वैधानिक स्वीकृतियां प्रदान करने के कार्य को शीघ्र गति प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि यह कोल ब्लॉक प्रति दिन 5 रैक कोल ब्लॉक की मांग को पूरा करने में सक्षम होगा। नागर ने इस ब्लॉक के लिए आवश्यक जनसुनवाई शीघ्र आयोजित करने का आग्रह किया।

### केजरीवाल ने...

में याचिका लगाई। जस्टिस सुधीर जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की बेंच में ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा-लोअर कोर्ट का फैसला सही नहीं है। हमें दलीलें रखने का पूरा समय नहीं मिला।

### अखंड भारत के...

अपना पद त्याग दिया और देश की प्रतिष्ठा एवं अखंडता के लिए कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए एक व्यापक आंदोलन शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रेरणास्त्रोत हैं। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष नरेश पुरोहित, सागर शर्मा, सौरभ अरोड़ा, जितेन्द्र तेजवानी, मंत्री अशोक शर्मा, राकेश गोयल, प्रवक्ता नवीन बाकोलिया, मोहन चंगोई, विशम्भर सिंह, नितिन तिवाड़ी, आनंद राठौड़, हर्षवर्द्धन सिंह, अमित शर्मा, ध्रुव गोदारा, प्रवीण बिश्नोई, वीरेन्द्र बिश्नोई, चैनाराम चौधरी, विष्णु बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

### समयसीमा में...

बनाए जाने वाले आवासों के लिए केन्द्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर स्वीकृति जारी करवाएं। उन्होंने प्रदेश में चल रही केन्द्र व राज्य सरकार की संयुक्त वित्त पोषित परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए राज्य सरकार के अंशदान को निश्चित समय से जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, चल रहे विकास कार्यों का भी समय-समय पर सत्यापन कराया जाए। उन्होंने प्रतिदिन विकास कार्यों की रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अमृत 2.0 योजना के रिव्यू करने के लिए नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव को निर्देश दिए।

### प्रदेश में जल्द शुरू होगी प्रधानमंत्री ई-बस सेवा

शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस योजना के तहत राजस्थान के 8 शहरों (जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर और बीकानेर) में कुल 500 ई-बसों को चलाने की योजना को जल्द मूर्तरूप देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत राज्य सरकार के पिछले 6 माह के कार्यकाल में 30 हजार 408 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 13 हजार 175 आवास पूर्ण हो चुके हैं। जिनके लिए 217.75 करोड़ रुपए की अनुदान राशि वितरित की गई है। इस योजना से जरूरतमंद की पक्की छत का सपना पूरा हो रहा है। श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत प्रदेश में कुल 2 करोड़ 56 लाख 86 हजार 708 जरूरतमंद लोग लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्रदेश में जनवरी 2024 से अब तक 33 हजार लोगों को लोन मिल चुका है।

### विकास कार्यों से नगरीय निकायों में आधारभूत ढांचा हो रहा मजबूत

राज्य सरकार निरंतर प्रदेश के नगरीय निकायों में आमजन की सुविधाओं के विस्तार के लिए योजनाओं एवं विकास कार्यों को तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के 106 नगरीय निकायों में 223 करोड़ रुपए की लागत से 1470 टीपीडी क्षमता के सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना की जाएगी। भरतपुर शहर में 135.40 टीपीडी क्षमता का सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जाएगा। प्रदेश के 27 नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट का निर्माण करवाया जाएगा।

# जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक-जाली बिलों से टैक्स क्रेडिट लेने वाले व्यापारियों/व्यवसाइयों की नकेल कसी-छात्रों किसानों रेल यात्रियों को तोहफा

## जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक-पेट्रोल डीजल को जीएसटी दायरे में लाने का मामला लटका-आम आदमी निराश

गोंदिया - भारत में हैट्रिक 3.0 सरकार के शपथ ग्रहण के दिन से ही पूरे भारत की नजरे जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक व पूर्ण बजट 2024 पर लगी हुई है क्योंकि सत्ताधारी पार्टी अपनी 3.0 सरकार आने के 100 दिनों का विजन बनाया हुआ है, उसमें भारत के हर आम और खास नागरिकों के लिए कुछ खास तोहफे होंगे ऐसी उम्मीद लगा बैठे हैं, जिसमें मेरा मानना है कि दो बातों की हसरतें सभी को लंबे समय से है,(1)पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए ताकि उसके रेट कम हो जाए और यह व्यवस्था बनी रहेगी (2)आयकर टैक्स छूट के स्लैब में बढ़ोतरी। अब दिनांक 22 जून 2024 को जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक में पेट्रोल डीजल मामले को तो एजेंडे में ही नहीं लिया गया, जिसपर आम आदमी को निराशा हुई है। अब देखना है पूर्ण बजट जुलाई 2024 में इनकम टैक्स स्लैब में वृद्धि होती है या नहीं इसपर टैक्स पेयरों की नज़रें लगी हुई है। फिर भी कुल मिलाकर जीएसटी काउंसिल की बैठक में कुछ रहतें जरूर दी गई है, परंतु मेरा मानना है कि यह ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर होगी, उसमें भी शर्तें लगाई गई है, जैसे छात्रावासको जीएसटी से बाहर तो किया गया है परंतु छात्रों को तीन माह तक वहां रहना होगा राशि 20 हजार तक होगी, ऐसे ही अन्य राहतों की चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। चूंकि पेट्रोल डीजल को जीएसटी दायरे में लाने का मामला लटका है, व आम आदमी निराशा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक, जाली बिलों से टैक्स क्रेडिट लेनें वाले व्यापारियों /व्यवसाइयों की नकेल कसी, छात्रों किसानों रेल यात्रियों को तोहफा मिला। साथियों बात अगर हम शनिवार दिनांक 22 जून 2024 को देर शाम संपन्न हुई 53 वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक के नतीजे की करें तो, बैठक की अध्यक्षता के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री ने इसकी जानकारी दी और अहम फैसलों के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि, सोलर कूकर पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने को मंजूरी दे दी गई है। देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लागू। वहीं, जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा फेक इनवॉइस पर रोक लगाने के लिए चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लागू किया जाएगा। नई सरकार के गठन के बाद जीएसटी काउंसिल की पहली बैठक हुई है। बैठक के बाद केंद्रीय वित्त ने बताया कि आज जीएसटी काउंसिल की मीटिंग के अलावा राज्यों के वित्त मंत्री के साथ प्री बजट कंसल्टेशन किया गया। वहीं, मीटिंग के निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी परिषद ने कर अधिकारियों के अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष अपील दायर करने के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए एक करोड़ रुपये और उच्चतम न्यायालय के लिए दो करोड़ रुपये की सीमा की सिफारिश की है।जीएसटी से जुड़ी लिटिगेशन को कम करने के लिए कदम उठाया गया है। जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिसों पर ब्याज और जुर्माना, जिसमें धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामले शामिल नहीं हैं, वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए धारा 73 के तहत जारी किए गए सभी नोटिसों के लिए, परिषद ने उन डिमांड नोटिसों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है, जो तामील हो चुकी है।वहीं, छोटे टैक्स पेयर को फ़ायदा देने के लिए जीएसटीआर 4 फाइल करने कि समय सीमा को जून 30 किया गया है जीएसटीआर1 में बदलाव करने कि सुविधा दी गई है जीएसटीआर1ए के नाम से नया फॉर्म लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक आधार बेस्ड रजिस्ट्रेशन को पूरे देश में लागू करने का फैसला हुआ है। पायलट प्रोजेक्ट




में सफलता मिलने के बाद यह लागू किया जा रहा है। हालांकि पूरे देश भर में चरणबद्ध तरीके़ किया जाएगा। इसके अलावा वित्त मंत्री ने कहा, जीएसटी परिषद ने सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर की सिफारिश की है. वहीं, कार्टन पर 12 परसेंट जीएसटी लगाने की सिफारिश की गई है। इससे हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के सेब उत्पादकों को फायदा मिलेगास्प्रिंकलर और सोलर कुकर पर 12 फीसदी जीएसटी की परिषद द्वारा सिफारिश की गई है। वित्त मंत्री ने बड़ी तादाद में जीएसटी नोटिस भेजने पर सफाई दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि सेंट्रल जीएसटी विभाग ने सिर्फ 1.96प्रतिशत टैक्सपेयर्स को हो नोटिस भेजा जो सिर्फ 1 लाख 14 हजार के करीब है। जबकि राज्य सरकारों के जीएसटी विभाग ने 14 लाख से ज्यादा जीएसटी नोटिस भेजे हैं. इसलिए केंद्र सरकार पर जीएसटी नोटिस भेजने का आरोप सरासर गलत है.ये 2 परसेंट से भी कम है। देश में कुल 50.80 लाख जीएसटी पेयर्स हैं। बिहार के डिप्टी चीफ मिनिस्टर को रेट रेशनलिएशन का अध्यक्ष बनाया गया है।जीएसटी परिषद् ने रेलवे की ओर से आम लोगों को दी जाने सेवाओं पर बड़ा फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट लेने के अलावे डॉरमेट्री, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम और बैट्री ऑपरेटेड वाहनों के इस्तेमाल जैसी सुविधाओं को जीएसटी से बाहर कर दिया गया है। अब ऐसी सुविधाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी अब जीएसटी नहीं देना होगा। किसी खास समाज की ओर से चलाए जा रहे हॉस्टल पर भी जीएसटी देय नहीं होगा अगर कोई व्यक्ति वहां 90 दिन लगातार रहते हैं।जीएसटी काउंसिल ने दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए फर्टिलाइजर पर जीएसटी कम करने का अनुरोध जीओएम को भेजा है। वर्तमान में इस पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है और यह क्षेत्र लंबे समय से फर्टिलाइजर पर जीएसटी से छूट की मांग कर रहा है बता दें कि सितंबर 2021 और जून 2022 में हुई 45वीं और 47वीं बैठक में जीएसटी काउंसिल ने फर्टिलाइजर पर टैक्स को और कम करने की संभावना पर चर्चा की थी।इस समय उर्वरकों पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जाता है, जबकि सल्फ्यूरिक एसिड और अमोनिया जैसे कच्चे माल पर 18 प्रतिशत की उच्च जीएसटी दर है। उन्होंने कहा कि उर्वरकों पर जीएसटी दर कम करने का प्रस्ताव मंत्रिसमूह (जीओएम) को भेज दिया गया है। सितंबर 2021 और जून 2022 में आयोजित 45वीं और 47वीं बैठकों में उर्वरकों पर कर में कमी का मुद्दा जीएसटी परिषद के सामने रखा गया था. हालांकि, उस समय परिषद ने दरों में किसी भी बदलाव की सिफारिश नहीं की थी। बैठक में सभी तरह के कार्टन बॉक्स पर जीएसटी को घटाने की सिफारिश की गई है। वर्तमान में इन पर लगने वाला टैक्स 18 प्रतिशत है। लेकिन बैठक में इसे घटाकर 12 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई।

साथियों बात अगर हम जीएसटी काउंसिल की बैठक की सिफारिश को शॉर्ट में समझने की करें तो (1) काउंसिल ने सभी सोलर कुकर पर 12 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित करने की सिफारिश की है, चाहे इसमें एकल या दोहरी ऊर्जा स्त्रोत हो (2) भारतीय रेलवे द्वारा आम आदमी को प्रदान की जाने वाली सेवाएं, प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम, वेटिंग रूम, क्लाकरूम सेवाओं, बैटरी चालित कार सेवाओं को जीएसटी से छूट दी जा रही है (3) शैक्षणिक संस्थानों के बाहर के छात्रों के लिए छात्रावासों को भी छूट दी जा रही है।आवास सेवाओं की आपूर्ति का मूल्य प्रति व्यक्ति प्रति माह 20, हजार रुपये तक है. ये सेवाएं न्यूनतम 90 दिनों की निरंतर अवधि के लिए आपूर्ति की जाती हैं। (4) काउंसिल नेमिल्क कैनस पर एक समान 12 फीसदी की दर निर्धारित करने की सिफारिश की है।काउंसिल ने सभी कार्टन बॉक्स पर 12 फीसदी की दर निर्धारित की है। फायर स्प्रिंकलर सहित सभी प्रकार के स्प्रिंकलर पर 12 फीसदी की दर लागू होगी। सभी सोलर कुकर पर 12 फीसदी जीएसटी दर लागू होगी (5) जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित जीओएम अगली बैठक में स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा. दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित ग्रुप ऑफ मिनिस्टर कीअध्यक्षता बिहार के उपमुख्यमंत्री करेंगे। साथियों बात अगर हम आम आदमी के पेट्रोल डीजल को जीएसटी दायरे में आने की उम्मीद की करें तो बजट से पहले जीएसटी से जुड़े अहम मुद्दों पर परिषद पर चर्चा हुई इसके अलावा कारोबारियों के लिए कंप, उम्?मीद की जा रही थी कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में शामिल किया जा सकता है, क्योंकि लोकसभा चुनाव के रिजल्ट आने से पहले ऐसी खबर आई थी कि मोदी सरकार बनती है तो पेट्रोल-डीजल को जीएसटी दायरे में शामिल किए जाने का काम, नई सरकार के 100 दिन के एजेंडे के तहत आ सकता था वित्त मंत्री ने कहा कि बाकी एजेंडे पर चर्चा के लिए काउंसिल की अगली बैठक अगस्त में आयोजित करने का फैसला लिया गया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक-जाली बिलों से टैक्स क्रेडिट लेने वाले व्यापारियों/व्यवसाइयों की नकेल कसी-छात्रों किसानों रेल यात्रियों को तोहफा।जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक-पेट्रोल डीजल कोजीएसटी दायरे में लाने का मामला लटका-आम आदमी निराश हैट्रिक 3.0 में पहली व जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक में पेट्रोल डीजल को जीएसटी दायरे में लाने को एजेंडे में नहीं लेने से आम आदमी निराश।

**संकलनकर्ता लेखक कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

# राज्यपाल से करा दिया गलतियों वाले संविधान पार्क का उद्घाटन

**» स्तंभ पर लिखा गलत संविधान, विरोध के बाद गलत जानकारी सफेद पट्टी से छुपाई**

तेज | रिपोर्टर जयपुर



राजस्थान यूनिवर्सिटी में बने संविधान पार्क में ही गलत संविधान लिखा गया है। 4 दिन पहले राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान पार्क का उद्घाटन किया था। गलत संविधान लिखने को लेकर छात्र नेताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी में 3 करोड़ रुपए की लागत से संविधान पार्क का निर्माण किया गया था। यहां स्तंभ पर संविधान के 22 भागों को लिखा गया है। इसमें बड़ी गड़बड़ी सामने आई है।

**ये है गड़बड़ी:** संविधान स्तंभ पर संविधान के भाग 17 में (343-351) ऑफिशियल लैंग्वेज ऑफ यूनियन ऑफ स्टेट है, जबकि संविधान के भाग 18 में (352-360) में आपातकालीन उपबंध का उल्लेख किया गया है। लेकिन यूनिवर्सिटी के संविधान पार्क में भाग 17 में ही आपातकालीन उपबंध लिख दिया गया है। इसको लेकर राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रों ने विरोध शुरू कर दिया है। छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने बताया- संविधान को गलत लिखकर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने संविधान का अपमान किया है। देश के करोड़ों नागरिकों की भावना के साथ भी खिलवाड़ किया है। ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। रेवाड़ ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने राज्यपाल से गलती वाले संविधान पार्क का उद्घाटन करा दिया, जबकि उद्घाटन से पहले संविधान पार्क को अच्छे से देखना चाहिए था। न जाने किस आपाधापी में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने राज्यपाल से भी इतनी बड़ी भूल करा दी। इसे जल्द से जल्द ठीक किया जाना चाहिए। राजस्थान यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट के एचओडी प्रोफेसर श्याम मोहन अग्रवाल ने कहा- संविधान के भाग 17 में आपातकालीन उपबंध नहीं आता है। अगर राजस्थान यूनिवर्सिटी में बनी संविधान पार्क में इस तरह की कोई गलती हुई है तो उसमें सुधार किया जाएगा। कई बार कुछ तकनीकी खामी हो जाती है। शायद इसी वजह से गलती हुई होगी।

### उद्घाटन के चार दिन बाद सामने आई गड़बड़ी

19 जून को राजस्थान यूनिवर्सिटी में राज्यपाल कलराज मिश्र ने 3 करोड़ रुपए की लागत से बने संविधान पार्क का उद्घाटन किया था। इस दौरान राज्यपाल के साथ डिप्टी सीएम उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा भी मौजूद थीं। उस समय किसी भी जनप्रतिनिधि और छात्र की इस पर नजर नहीं गई। अब चार दिन बाद संविधान पार्क की बनावट में हुई गड़बड़ी को लेकर विवाद शुरू हो गया है।

# शिक्षा के प्रति समर्पित हो कर कर्मयोगी बनोगे तो सफलता निश्चित है: न्यायाधीश आर्य



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

महर्षि दयानन्द सरस्वती बालिका छात्रावास श्री डूंगरगढ़ में स्वर्गीय गंगाराम महिया पुत्र स्वर्गीय पन्नाराम जी महिया अभयसिंहपूरा की स्मृति में उनके पुत्र किशनाराम हेमाराम एवं पौत्र भंवरलाल, आदूराम, हनुमान महिया ने एक कमरा मय बरामदा निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर माननीय जिला न्यायाधीश मदन गोपाल आर्य ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत एवं पूर्ण मनोयोग से शिक्षा के प्रति समर्पित होकर कर्मयोगी बनोगे तो सफलता निश्चय ही मिलेगी। पूर्व जिला प्रमुख मेघाराम महिया ने समाज की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु छात्रावास मैनेजमेंट एवं दानदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस संस्था में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। संस्था के मंत्री सुशील सेरडिया ने छात्रावास परिसर की प्रगति रिपोर्ट एवं प्रस्तावित कार्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच लक्ष्मणराम खिलेरी, सहीराम आर्य, कोडाराम भादू, गुरूजी प्रभूराम बाना, हरिराम नेण, प्रेम प्रकाश महिया, मुखराम, कानाराम महिया सहित छात्रावास में अध्ययनरत छात्र उपस्थित रहे। छात्रावास के विकास में सदैव प्रयत्नशील छात्रावास मृदुभाषी अधीक्षक श्रवण कुमार भाम्भू ने दानदाता परिवार एवं सभी का आभार प्रकट किया।

## कबीर दास जी के अवतार दिवस पर किया शानदार आयोजन



**श्रीगंगानगर।** जिला धानक सभा के अध्यक्ष कश्मीरी लाल इंदौरा जी के नेतृत्व में संत कबीर दास जी के जन्मोत्सव पर ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इंदौरा ने बताया कि संत कबीर दास जी के अवतार दिवस की पूर्व संध्या पर जिला धानक सभा के मुख्य प्रांगण में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य सत्संगी सूरजभान सोलंकी जी ने संत कबीर दास जी के भजनों से भक्तो के हाव भाव को भक्ति भाव में रंग दिया और वही जागरण की शुरुआत जिला धानक सभा के अध्यक्ष कश्मीरी लाल इंदौरा ने पूजा अर्चना कर जागरण का शुभारंभ किया।इंदौरा ने बताया कि आज सुबह स्थानीय बीरबल चौक पर मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई गई और साथ ही स्थानीय इंद्रा चौक पर भव्य लंगर का आयोजन किया गया।इस मौके पर कश्मीरी लाल इंदौरा, सुशील तंवर, राजकुमार सोलंकी, विजय सोलंकी, रतन इंदौरा, कृष्ण मौर्य, सुनील ढिलोड, हिमांशु खन्ना, भानाराम इंदौरा, सूरजभान सोलंकी, विशाल सोलंकी, नंदलाल नागर, तोतराम सोलंकी, गुलजारी बॉस, जतिन इंदौरा, अभिषेक इंदौरा, अनिकेत इंदौरा,वंश इटकान, मयंक इटकान समेत अनेकों युवा साथी मौजूद रहे।

## सर्वसम्मति से अमर सिंह बने अध्यक्ष



**चूरू. जगदीश सोनी।** बहुजन समाज की छुपी हुई कला व लेखन के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने व उनकी कलाओं को निखारने के लिए मंच प्रदान करने हेतु रविवार को अम्बेडकर भवन झुन्झुनूं में राज्य समन्वयक सम्पत बारूपाल की अध्यक्षता में बहुजन साहित्य एकेडमी की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सदन की सर्वसम्मति से अमर सिंह धीरज बहादुरवास को अध्यक्ष मनोनित किया गया। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह बहादुरवास, उपाध्यक्ष दयानंद सिंह मीना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद बरवड़, रतनलाल चेतीवाल, बद्रीप्रसाद चौपड़ा, जगदीश प्रसाद महरिया, ओमनारायण, जिला समन्वयक सुरेन्द्र मीणा, धर्मपाल शिला, महासचिव तनसुख जांगीड़, सचिव सज्जन कटारिया, राधेश्याम चिराणिया, संगठन सचिव ओमप्रकाश मीणा, संयुक्त सचिव ओमप्रकाश सेवदा, महिला मंत्री सुलोचना चौपड़ा, सीमा लोहिया, अंजना खारड़िया, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप रसोड़ा, प्रवक्ता मोतीलाल डिग्रवाल, सोहनलाल बाकोलिया, मिडिया प्रभारी शिशराम बारूपाल, विनोद लोहिया, संरक्षक महावीर प्रसाद सानेल, दिलावर बाबु कव्वाल, गंगाराम गोरा आदि को मनोनित किया गया है।

## मार्शल आर्ट में खिलाड़ियों ने येलो व ब्लैक बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की




**चूरू।** पंखा रोड स्थित मार्शल आर्ट क्लब में खिलाड़ियों ने ताइक्कांडो व कराटे ब्लैक बेल्ट परीक्षा व येलो बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ कोच कविंद्र राठौर ने बताया कराटे में पलक, साधना, भूमिका शर्मा ने येलो बेल्ट ताइक्कांडो में कनिष्क ढूंकिया, युवराज दाधीच, जागृति राठौर, नरेंद्र पारीक, हर्षित कस्वा, अयांश, यूवल चौधरी, परीक्षित व प्रशांत गेट ने येलो बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा अंशु तिलोतिया, अनु बलानिया, अमित कुमार ने ब्लैक बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में सत्र (2024-25) के कक्षा प्रथम में प्रवेशित छात्रों हेतु विद्यालय में को प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नव प्रवेशित छात्र एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे नव प्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर एवं विद्याप्रवेश बुकलेट और गिफ्ट टोकन देकर स्वागत किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने अभिभावकों एवं छात्रों को केन्द्रीय विद्यालय संगठन की अध्ययन प्रणाली एवं छात्रों हेतु संचालित विभिन्न पाठ्य सहगामी गतिविधियों से अवगत कराया। प्रधानाध्यापक मनीष कुमार शर्मा ने प्राथमिक विभाग की शिक्षा प्रणाली एवं छात्रहित योजनाओं से सभी को अवगत कराया कार्यक्रम का संचालन कौशल नरवाल ने किया छात्रों एवं अभिभावकों ने विद्यालय के कक्षा कक्षों एवं विभिन्न विभागों जैसे पुस्तकालय, संगीत कक्ष आदि का भ्रमण किया एवं सेल्फी पॉइंट पर फोटो भी ली। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद बच्चों को शर्ट व निक्कर सूट वितरित



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

भारतीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य विकास समिति श्रीगंगानगर के तत्वावधान में गुरूनानक बस्ती व रविदास नगर के 51 जरूरतमंद बच्चों को शर्ट व निक्कर सूट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि जगीरचन्द फरमा, विजय कुमार उपवेजा, रामदास बंसल थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राम सिंह सोढा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीराम सेतिया, साहित्यकार मदन अरोड़ा, इन्दूभूषण चावला, सुनील चावला, रेणु बाला, चन्द्रकांता थी। बच्चों के अभिभावकगण का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने रामसिंह सोढा को जन्मदिवस की बधाईयां दी। रामसिंह सोढा ने कहा कि श्रीगंगानगर मेरी कर्मभूमि है यहां पर मेरे परिवार ने काफी समय बिताया है। यहां पर आकर मुझे खुशी महसूस होती है। जुलाई माह में समिति द्वारा पौधारोपण, प्रतिभा सम्मान समारोह, स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम किए जाएंगें। जगीरचन्द फरमा ने रामसिंह सोढा के जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी तथा छोटे बच्चे सूट पाकर काफी खुश नजर आए। उन्होंने सभी सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद दिया। समिति बच्चों की शिक्षा एवं संस्कारों के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए समिति शिक्षा के साथ बालक के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में विशेष प्रयास कर रही है। मनीराम सेतिया ने कविता के माध्यम से समिति अध्यक्ष रामसिंह सोढा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला व छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से बच्चों में स्टेशनरी व अन्य कार्यक्रम चला रहे हैं। आपने बाल साहित्य के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी कि बाल साहित्य पढ़ने से बालक का चहुंमुखी विकास होता है। मदन अरोड़ा ने बच्चों में अच्छी पुस्तकें पढने् की आदत बचपन से ही विकसित करें। पुस्तकें बच्चों के मन-मस्तिष्क, दिल पर सीधा प्रभाव डालती हैं। यह बच्चों के सोचने विचारने की शक्ति बढ़ाने में भी सहायक है। वहीं किताबें पढने् से बच्चों में रचनात्मकता, सृजनात्मकता पैदा होती है। कुछ नया करने की ललक, उमंग, उत्साह पैदा होता है। किताबों से मनन, चिन्तन, मंथन करने की शक्ति तो बढ़ती ही है साथ ही वे बच्चों को सुसंस्कृत, संस्कारवान, धर्मशास्त्री भी बनाती हैं।

## घर में घुसे चोर को लोगों ने पकड़ा

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर के सादुलशहर इलाके के गांव मन्नीवाली में चोरी के इरादे से एक घर में घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर ली। चोर को लोगों ने लात घूसों से पीटा। इस दौरान चोर के घर में घुसने के पीछे उसके इरादे सहित कई जानकारियां जुटाई और बाद में उसे सादुलशहर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। हालांकि इस संबंध में रविवार शाम 4 बजे तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। सादुलशहर के एक युवक ने रविवार सुबह करीब 3 बजे गांव मन्नीवाली के चिमनलाल के घर में प्रवेश करने का प्रयास किया। उसका इरादा घर में रखा मोबाइल चुराने का था। इसी दौरान परिवार के लोगों की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। आरोपी युवक ने भागने की कोशिश की। इस दौरान लोगों ने इसे पकड़कर जमकर पीटा। कुछ लोगों ने बेल्ट और मुक्कों से उसकी पिटाई की। बाद में इन लोगों ने आरोपी को सादुलशहर थाने भिजवा दिया।

# नोखा में 'मिशन हरित नोखा' की हुई शुरूआत, 1 हजार पौधे लगाए जाएंगे



**नोखा।** पेड़-पौधे हमारे प्राणदाता हैं और इनकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य को लेकर सेवानिवृत्त फौजी सुरजाराम सियोल की एक हजार पौधे लगाने की मुहिम 'मिशन हरित नोखा' में रविवार को बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। मिशन की शुरुआत नोखा के स्वर्गीय जेठाराम डूडी स्टेडियम में 151 पौधे लगाकर की गई। इस अवसर पर ग्लोरियस एकेडमी में डिफेंस की तैयारी करने वाले युवाओं ने पौधों के लालन-पालन और संरक्षण का संकल्प लिया। युवाओं ने प्रतिज्ञा की कि जिस तरह हमारे बुजुर्गों ने हमारे लिए पौधे लगाए, उसी प्रकार हम भी आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। रिटायर्ड फौजी सुरजाराम सियोल ने कहा, ÷प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। जितने अधिक पौधे लगेंगे, हमारी धरती उतनी ही सुंदर और हरी-भरी होगी। सियोल ने बताया कि एकेडमी ने इस अवसर पर 1000 पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया है। शुरुआत में 151 पौधे लगाए गए हैं और आगे वर्षा ऋतु में 1000 पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में संगीत कलाकार अनिल नागौरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल सारण, भाजपा कार्यकर्ता मनीराम जागीड़, सुभाष यादव, जालूराम जाखड़, श्याम राठौड़, मानाराम मास्टर, गणेशाराम फौजी, जगराम फौजी, हरपाल विश्नोई, डॉ. बीरमाराम, रूपाराम फौजी, और ग्लोरियस डिफेंस एकेडमी के युवा, नोखा के अन्य गणमान्य लोग, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। ग्लोरियस डिफेंस एकेडमी में सेना, नौसेना, वायुसेना, अर्द्धसैनिक बल और विभिन्न सुरक्षा बलों की तैयारी करवाई जाती है। एकेडमी की तैयारी से अब तक 151 से अधिक सुरक्षा प्रहरी विभिन्न बलों में भर्ती होकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कर रहे हैं। 'मिशन हरित नोखा' के तहत पौधारोपण अभियान न केवल पर्यावरण को समृद्ध करेगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरी-भरी और स्वस्थ धरती का उपहार भी देगा।

# समाजसेवी श्याम सोनी का किया स्वागत



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

स्वर्णकार समाज मित्र मंडल के तत्वाधान में दुर्गा भवन में समाजसेवी श्याम सोनी का भव्य स्वागत किया गया। उक्त समारोह में समाज के 75 वर्ष में प्रवेश कर चुके वरिष्ठ पत्रकार एवम इससे अधिक उम्र दराज के स्वर्णकार समाज के नागरिकों का सम्मान किया गया। आज सम्मानित होने वाले डॉक्टर मोतीलाल, गिनीलाल तोशावाड़, एडवोकेट अनंतराम सोनी, शिव भगवान कड़ेल, चिरंजी लाल छपरवाल, पूर्णमल, सत्यनारायण, रामगोपाल,भगवान ढल्ला, विशंभर, शुभकरण छपरवाल, श्योप्रसाद, गोपाल ढल्ला, नाथूराम, चिरंजी लाल, मोहन आदि का शाल, माला, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अस्वस्थ चल रहे जीवनराम, झाबरमल सोनी का घर पर जाकर सम्मान किया गया। समाज सेवी श्याम जी सोनी, श्रीराधे श्याम, राम बल्लभ रोडा, पारसमल सोनी, पाली मंच आसीन रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रमेश सोनी ने किया। इस अवसर पर लेखराज कुकरा, चंदू सणखत, रामनिवास सोनी, मैघराज सोनी, कमल कुमार, भानु प्रकाश, प्रेम प्रकाश, दशरथ ढल्ला, नवीन, देबू कुलथिया, हुक्मीचंद जी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हारे का सहारा नाम से समाज सेवी श्याम सोनी दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति, कोरोना में बीमार मरीजों की तन, मन, धन से सेवा कर रहे हैं। कोतवाली सीआई मुकुट बिहारी मीणा का स्वर्णकार समाज मित्र मंडल द्वारा सम्मानित किया गया।

# 1200 किलो डोडा पोस्त जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**» चित्तौड़गढ़ से तस्करी कर ले जा रहे थे पंजाब**



**चूरू।** डीएसटी और जयपुर के चित्रकूट थाने की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रविवार को एक कंटेनर से 1200 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने कंटेनर में सवार एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया है। चूरू एसपी जय यादव के निर्देश पर चूरू डीएसटी ने जयपुर में जाकर यह कार्रवाई की है। चूरू डीएसटी इंचार्ज एसआई वीरेन्द्र सिंह ने बताया- मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना पर चित्रकूट थाना जयपुर की टीम बनाई गई। जिसमें तस्कर के चूरू जिले की तरफ आने की सूचना मिली। जिस पर चूरू एसपी के निर्देश पर डीएसटी टीम को भी तैयार किया गया। डीएसटी इंचार्ज वीरेन्द्र सिंह ने बताया- जयपुर की टीम के साथ कंटेनर में चित्तौड़गढ़ से 12 सौ किलो डोडा पोस्त भरकर लाते हुए पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया। पुलिस ने कंटेनर में सवार सुरेवाला उकलाना हिसार हरियाणा निवासी बिन्द्र सिंह (33) को गिरफ्तार कर लिया, जबकि धरपकड़ के दौरान गुरमीत सिंह फरार हो गया। डीएसटी इंचार्ज वीरेन्द्र सिंह ने बताया- पुलिस ने डोडा पोस्त और कंटेनर जब्त कर लिया। उन्होंने बताया- उक्त तस्कर यह डोडा पोस्त चित्तौड़गढ़ से अजमेर, जयपुर, शाहपुरा, नारनौल, महेन्द्रगढ़, ठाण, अम्बाला से होते हुए पंजाब ले जा रहे थे। कार्रवाई करने वाली टीम में डीएसटी इंचार्ज एसआई वीरेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार, मोहरपाल सिंह, प्रमोद कुमार, अजय कुमार, भीम, धर्मेन्द्र और मुकेश कुमार आदि शामिल थे।



# सुभाषचन्द्र हत्याकांडः थाने आगे कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठी मृतक की पत्नी की तीसरे दिन बिगड़ी तबीयत

तेज. रिपोर्टर| फेफाना/चारणवासी



फेफाना थाना के आगे तीन दिनों से पति की हत्याकांड सहित कई मांगों को लेकर धरने पर बैठी गुडिया निवासी मृतक सुभाषचन्द्र नायक की पत्नी रोशनी की तबीयत खराब होने से थानाधिकारी विजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टीम फेफाना के सरकारी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सक न होने से नोहर ले जाया गया। जहां इलाज जारी है। बताते चलें कि मृतक की पत्नी के बयान पर पुलिस ने ससुर रामजीलाल (70) पुत्र लिछ्मण राम नायक निवासी 14 जेएसएन (गुडिया) व देवर सूबे सिंह व ननदोई श्रीचंद पर मारपीट कर हत्या के करने का मामला दर्ज करवाया था। 30 मई को पुलिस ने रामजीलाल व सूबे सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिए गए। लेकिन मृतक की पत्नी रोशनी ने पुलिस कार्रवाई से असंतुष्टाता व्यक्त करते हुए बताया कि चार लोगों ने 25 मई की रात भर सुभाषचन्द्र को पीटा,जिसे घायल व्यवस्था में 26 मई सुबह अस्पताल से पहले थाना लेकर आए जहां उपस्थित एएसआई इंद्राज सिंह सहित ने घायल को लेकर आए सहयोगी युवकों को हवालात में डालकर घायल को डेढ घंटे सड़क पर तड़फता छोड़े रखा व देरी से अस्पताल ले जाने से चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। परिजनों का आरोप है कि समय पर एएसआई अस्पताल ले जाता तो सुभाष बच जाता। इसलिए मृतक की पत्नी रोशनी, बेटे सत्यवीर-सुनिल, महेश राठोड़, संजय मेघवाल, शंकर सहित लोग इलाज में देरी करने वाले तमाम पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपए सहायता व मृतक की पत्नी के बयान अनुसार चारों को आरोपी मानते हुए अन्य अधिकारी से अनुसंधान करवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। वहीं बिते दिन नोहर में आए एसपी विकास सांगवान ने फोन पर धरने पर आने का आश्वासन दिया। लेकिन अपने महकमे के खिलाफ 21 किमी दूर फेफाना चल रहे धरने पर आकर पीड़ा सुनना उचित नहीं समझा जिसे लेकर धरनार्थियों में आक्रोश है। मामले की पत्रावली मानवाधिकार, आईजी बीकानेर-एसपी को भेजी गई है।

# 9 केएनएन में चोरी करने आए तीन युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी





चक 9 केएनएन (रतनपुरा) में बीती रात ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ी चोरी की घटना होने से बच गई। बताते चलें कि बीती रात 9 बचे किसान खेत से घर जाते समय बाइक सवार तीन युवक मोबाइल छिन्न कर भागे। घटना की सूचना पर चक के सोसायटी अध्यक्ष सुभाष कड़वासरा, पंस सदस्य रमेश बेनिवाल,माकपा नेता मंगेज चौधरी, रामेश्वर सहारण सहित ने चोरों को पकड़ कर फेफाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर एएसआई अशोक कुमार ने पहुंचकर तीनों को गिरफ्तार किए। पुलिस ने ग्राम सेवा सहकारी समिति रतनपुरा के अध्यक्ष सुभाष कड़वासरा की रिपोर्ट पर हरपाल (रामसरा) नोहर, सत्कार व जसवीर मंडेर (हरियाणा) के खिलाफ अनेक धारों में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिए। मामले की जांच एएसआई अशोक कुमार को सौंपी गई है। वहीं दर्ज मामले में चक 9 केएनएन मे ंही 7 मई 2023 की कृष्ण सहारण के घर से 1 लाख रुपए नगदी, सोना दस - चांदी 20 तोला और राम कैलाश सहारण के घर से 1 लाख रुपए, सोना 5 व चांदी 10 दस तोला चोरी की घटना का उल्लेख किया गया है। थानाधिकारी विजेन्द्र शर्मा ने बताया कि तीनों युवकों को आज न्यायालय में पेश किए जाएंगे। अन्य चोरी की घटनाओं को लेकर गंभीरता से पूछताछ की जाएगी।

## रतनपुरा में रक्तदान शिविर आयोजित 118 यूनिट रक्त संग्रहित



**तेज रिपोर्टर. चारणवासी।** गांव रतनपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में रविवार को युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। मोनू देदड़, मांगीलाल शर्मा, विजय खालिया, मदन गोपाल झोरड़, राजेन्द्र खालिया, प्रदीप शर्मा सहित के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में भटनेर ब्लड बैंक हनुमानगढ़ की टीम ने 118 यूनिट रक्त संग्रह किया। टीम द्वारा रक्तदाताओं को चाबी-छल्ला व प्रशंसा -पत्र देकर सम्मानित किए गए। वहीं दात्री ब्लड स्टेम सेल डोनर रजिस्ट्री टीम (चेन्नई) द्वारा विभिन्न रोगों के लगभग 50 सैंपल लिए गए। टीम प्रभारी ने ब्लड कैंसर और थैलेसीमिया जैसे पीड़ितों को नया जीवनदान दिलवाने में सहयोगी बनने का आश्वासन देते हुए बताया कि ब्लड कैंसर और थैलीसीमिया का ईलाज संभव है 18 - 50 साल तक हर इंसान शरीर का टेस्ट जरूर करवाकर रोग रहित रहा जा सकता है।

## 35एसटीजी के बस स्टैंड पर हवन व धार्मिक अनुष्ठान



**तेज रिपोर्टर. डींगवाला।** ग्राम 35एसटीजी बस स्टैंड पर रविवार को आमजन की सुख समृद्धि के लिए हवन एवम धार्मिक अनुष्ठान हुआ। राज कुमार चौहान ने बताया कि ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से हनुमानगढ़ सुरतगढ़ फोर लाइन मार्ग पर राहगिरो के लिए मीठे चावल और ठंडे पानी की सेवा कार्य किया। छबील पर ठंडा मीठा जल एवं जलजीरा पिलाकर आमजन का गल तर किया। इस पुनीत कार्य में ग्राम के सेवादार राज कुमार चौहान, मोंटी कुमार, सुशील कुमार, संदीप कुमार हरपाल सिंह, सरजीत सिंह, पं.सतपाल सिंह, लीलाधर सहारण, लेखराम, रामचंद्र कुमार बारवासा, मदन लाल सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## यात्रियों के खान-पान सेवाओं के व्यापक निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश

**तेज रिपोर्टर. जैतो।** रेल मंत्रालय ने एतवार को कहा कि रेलवे बोर्ड ने खानपान सेवाओं के सभी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक निरीक्षण अभियान चलाने का निर्देश दिया है। यह अभियान 23 से 29 जून तक चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य खानपान सेवाओं में कमियों की पहचान करना और उन्हें सुधारना है, जिससे रेल यात्रियों की सेवा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित किया जा सके। इसी कड़ी में आज वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी द्वारा गाड़ी संख्या 12331 (हिमगिरी एक्सप्रेस) में ÷रेल नीर व खानपान उत्पाद उचित दर पर बेचा जा रहा है या नहीं÷ इसकी गहन जाँच की गई। हिमगिरी एक्सप्रेस में सभी वातानुकुलित एवं स्लीपर कोचों के रेल यात्रियों से वार्तालाप करने पर 11 रेल यात्रियों ने बताया कि खानपान उत्पाद तय शुल्क से अधिक शुल्क लिया गया। हिमगिरी एक्सप्रेस के पैंट्री कार में 102 पानी की बोतलें ऐसी पाई गई जो रेलवे द्वारा निषिद्ध (अनएप्रूव्ड ब्रांड) है, इन पानी की सभी बोतलों को आवश्यक कार्यवाही हेतु जब्त कर लिया गया। रसोई और पैंट्री कार की साफ-सफाई के साथ-साथ खान-पान की गुणवत्ता व मात्रा की जाँच की गई।

## 30 जून को मनाया जाएगा पोलियो दिवस, बच्चों को पिलाई जायेगी दो बूंद

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 30 जून को पोलियो दिवस मनाया जाएगा। बीसीएमओ डॉ.मनोज अरोड़ा के अनुसार चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवा विभाग के तत्वाधान में भारत को पोलियो मुक्त बनाने के उद्देश्य से जीरो से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दो बूंद पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी।ब्लॉक में भी निर्धारित पोलियो बूथ बनाकर एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह पोलियो दिवस अगले रविवार 30 जून को मनाया जाएगा।

## टोपरियां राधा कृष्ण गौशाला सत्संग 28 से 5 जुलाई तक चलेंगी

**तेज रिपोर्टर. चारणवासी।** गांव टोपरियां की राधा कृष्ण गौशाला में 28 जून से लेकर 5 जुलाई तक दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। गांव में गौ भगतों द्वारा घर घर पीले चावल और कार्ड बांटे जा रहे है। गौशाला के अध्यक्ष साहबराम सहारण का कहना है कि दुर्लभ सत्संग का प्रवचन कर्ता स्वामी विजयानंद गिरि महाराज ऋषिकेश द्वारा प्रवचन सुनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गांव में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

# डॉ.अंबेडकर नवयुवक संघ ग्राम इकाई 19एसपीडी के सीताराम बने अध्यक्ष

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



बाबा साहेब डॉ.अंबेडकर नवयुवक संघ शाखा 19एसपीडी की कार्यकारिणी का पुनर्गठन रविवार को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। डॉ.अंबेडकर नवयुग संघ पीलीबंगा ब्लॉकाध्यक्ष के निर्देशन में गठित इस ग्राम इकाई का मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.सुशील बौद्ध, सहायक निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद बेलाण, चुनाव पर्यवेक्षक व पीठासीन अधिकारी रामेश्वर भाटी की उपस्थिति में सर्व समिति से अध्यक्ष सीताराम, उपाध्यक्ष रोहिताश कुमार, महासचिव अमरचंद, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव राधाराम सुढा, सहसचिव शंकरलाल व संरक्षक राम सिंह कालवा को बनाया गया। चुनाव अधिकारियों ने समस्त इकाई पदाधिकारियो को शपथ दिलाई। अतिथियों ने सामाजिक बुराइयों को त्याग करने में समाज को जागृत करने व शिक्षा से वंचित बच्चों को अधिकाधिक प्रयास कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और समाज हित में सभी साथियों को मिलजुल कर सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को माला पहनकर बधाई दी और मिठाई खिलाई। इस मौके पर रामकुमार हेमंत कुमार, कुलदीप सिंह, रामकुमार सियाग व गोपीराम आदि मौजूद थे। यह जानकारी डा.अंबेडकर नवयुवक संघ महासचिव निर्मल प्रकाश लुगरिया ने दी।

# शीतल जल सेवा का हुआ शुभारंभ

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



श्री सनातन धर्म महावीर ने डॉ. अर्जन सिंह कॉलोनी में सुविधाओं के लिए आरक्षित भूखंड पर शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम हनुमान चालीसा पाठ एवं मेहमानों के तिलक लगाने के बाद प्रसाद वितरण हुआ। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रानी गोठवाल ने ऐसे सामाजिक कार्यों में आमजन का जुड़ाव आवश्यक होने की बात कही। मौके पर नाथूराम गोदारा, कांतिलाल सिंगला, लक्ष्मण दास बंसल, ओमप्रकाश चुघ, धर्मपाल बाघला, तेजी बाजीगर सहित वार्ड वासी एवं ट्रस्ट सदस्य मौजूद रहे। संस्था के सुभाष छिपा, शिव शंकर बंसल का विशेष योगदान रहा। महेश गुप्ता ने सभी का आभार जताते हुए इस शीतल जल व्यवस्था को निरंतर जारी रखने में सहयोग देने का आग्रह किया।

# वेतन विसंगति कमेटियों की लाभप्रद सिफारशें शीघ्र लागू करने की मांग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ पीलीबंगा ने वेतन विसंगति पर विचार करने वाली समितियां की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर उनकी लाभ प्रद सिफारिशों को लागू करने की मांग राज्य सरकार से की है। महासंघ ब्लॉकाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि कर्मचारियों की वेतन संगतियों पर विचार करने हेतु 3 अगस्त 2017 को डीसी सामन्त कमेटी का गठन पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किया गया उसने 5 अगस्त 2019 को अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी परन्तु सरकार की ओर से अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और 5 अगस्त 2019 को एक ओर वेतन विसंगति परीक्षण समिति का गठन सेवानिवृत आईएएस खेमराज चौधरी को अध्यक्षता में किया गया। इस कमेटी ने भी 30 दिसम्बर 2022 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। राज्य सरकार ने इन समितियों की रिपोर्ट को ठन्डे बस्ते के हवाले कर दिया और इनकी सिफारिशों पर कोई ध्यान नहीं दिया और न ही कोई कार्रवाई ही की। बंसल ने बताया कि इससे कर्मचारियों में रोष है,अब चूंकि नई सरकार के छः माह पूरे चुके है, चुनाव आचार संहिता भी खत्म हो चुकी है ऐसे में कर्मचारियो को उम्मीद है कि सरकार इन समितियों की रिपोर्ट का अध्ययन कर उनकी लाभ प्रद सिफारिशों को कर्मचारियों के लिए लागू करेगी।

# शिक्षा मंत्री से की चक दो पीबीएन के विद्यालय को क्रमोन्नत करने की मांग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

चक दो पीबीएन के विद्यालय को क्रमोनित करने की मांग की है।सरपंच जगतार सिंह बराड़ के अनुसार इस संबंध में पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची द्वारा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को लिखें ज्ञापन में बताया कि पीलीबंगा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डबली बास चुगता का चक दो पीबीएन एक वृहद आबादी वाला क्षेत्र है तथा इस गांव के आसपास कोई भी उच्च प्राथमिक अथवा उच्च माध्यमिक विद्यालय नहीं होने से बच्चों को प्राथमिक शिक्षा अध्ययन के बाद उच्च शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है एवं उच्चतर कक्षा के विद्यालय नही होने से उच्च शिक्षा के अभाव में बालिका शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में बताया कि इस क्षेत्र की अधिकांश आबादी एससी एवम श्रमिक परिवार वर्ग से होने के कारण शिक्षा के लिए राजकीय विद्यालय पर ही आश्रित हैं एवं बच्चों को शिक्षा के लिए दूर दराज के क्षेत्र मे भेजने में असमर्थ होने की दशा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय दो पीबीएन को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोनित करने का आग्रह किया गया है।

# भाजपा देहात मंडल डबली राठान ने मुखर्जी की पुण्यतिथि पर याद किया

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



भाजपा देहात मंडल डबली राठान ने रविवार को जनयघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनको याद किया। ग्राम नूरपुरा में आयोजित यह कार्यक्रम संयोजक बजरंग लाल गोदारा के आवास पर हुआ।मंडल अध्यक्ष जगतार सिंह बराड़ ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 'अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पावन बलिदान दिवस पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे उनसे प्रेरणा लेते हुए कभी भी अपने लक्ष्य से विमुख नहीं होना चाहिए। बकौल बराड़ 'एक प्रधान, एक विधान और एक निशान' विचार के पुरोधा श्रद्धेय मुखर्जी ने कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किया। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उन्हें अपने प्राण त्यागने पड़े। मां भारती की सेवा के लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। इस मौके पर मंडल महामंत्री राजेंद्र वर्मा, जसकरण सिंह, हरफूल राम भांभू, मंडल मंत्री सतपाल सिंह, विनोद कुमार, बनवारी लाल, वीरू राम, चंद्रभान, मदन लाल सेवटा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम समापन पर केंद्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने एवं नरेंद्र मोदी को लगातार प्रधानमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी।

# मलवाणी में भाकिसं की इकाई का गठन

तेज. रिपोर्टर| चारणवासी



भारतीय किसान संघ शाखा मलवानी का ग्राम इकाई का सम्मेलन में संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र सिहाग ने कहा कि संघ जो गैर राजनीतिक संगठन है इस संगठन का मुख्य उद्देश्य राजनीति से दूर रहकर हर वर्ग की आवाज को बुलंद कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ किसानों को उन्नत खेती, सरकार की किसानों के प्रति योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रति जागृत कर किसानों को उसका फायदा दिलवाना है सम्मेलन में फेफाना उप तहसील के महामंत्री दयाराम ने कहा कि किसानों को समस्याओं और हक लेने के लिए एकजुट होना होगा। संघ की गांव-गांव में इकाई गठित हो जिसके क्रम में काम शुरू हो गया है। पूर्व सरपंच हीरालाल भूंकल, पूर्व उप सरपंच ओमप्रकाश पूनियां, प्रांतीय सदस्य जनेश्वर पूनिया,वेदपाल मलवानी आदि ने संबोधित किया। मंच संचालन वेदपाल ने किया

**मलवाणी इकाई का किया गठनः** संघ की मलवाणी इकाई का गठन करते हुए अध्यक्ष कुंभाराम चाहर, मंत्री जगदीश प्रसाद, युवा प्रमुख मनीराम, जैविक प्रमुख जनेश्वर पूनियां व बनवारी लाल, ओमप्रकाश, हीरालाल और ओपी पूनियां को सदस्य मनोनीत किए गए। सभी मेंबर्स ने मौके पर पद की शपथ ली। सभी सदस्यों ने संघ की तरफ से मिली जिम्मेदारी बखूबी निभाने के लिए आश्वस्त किए।

# बार-बार परीक्षा रद्द कर सरकार कर रही है परीक्षार्थियों का आर्थिक उत्पीड़नः शैलजा

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नव निर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बार-बार परीक्षाएं रद कर सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। सरकार परीक्षार्थियों का मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से उत्पीड़न कर रही है। सरकार अपनी गलती को छुपाने के बजाए गलती पर गलती कर रही है। सरकार को परीक्षार्थियों के हक में कोई कदम उठाकर उनके साथ न्याय करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि न्याय की जंग में वे परीक्षार्थियों के साथ खड़ी हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी शैलजा ने कहा कि 23 जून को नीट पी की परीक्षा आयोजित की जानी थी पर परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था नेशनल ब्यूरो आफ एग्जामिनेशन की ओर से 22 जून को इस परीक्षा को रद्द करने की सूचना जारी की गई जबकि परीक्षार्थी एक दिन पहले पहले ही अपने अपने परीक्षा केंद्र वाले शहर में पहुंच गए थे। इससे पूर्व यूजीसी नेट परीक्षा को भी रद्द कर दिया गया था। एक के बाद एक परीक्षा के पेपर लीक हो रहे है और सरकार है कि हाथ पर हाथ रखे बैठी है, सांप निकलने के बाद लकीर पीटने से युवाओं का भला होने वाला नहीं है युवा देश के भविष्य है और सरकार देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही। परीक्षार्थी पहले ही परीक्षा के रद होने को लेकर मानसिक तनाव में है ऊपर से फिर परीक्षा रद्द कर दी गई। सरकार को पता है कि उसकी अनदेखी के चलते युवा अपने भविष्य के लिए सड़कों पर उतर कर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब सरकार पर चारों ओर से भारी दबाव बना तो एनटीए के खिलाफ 47 दिन बाद कार्रवाई करते हुए एनटीए के डीजी को हटा दिया गया। नीट यूजी में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 परीक्षार्थियों की छह सेंटर पर रविवार को दुबारा परीक्षा होनी थी, जब सरकार की ओर से तैयारी नहीं थी तो पुनः परीक्षा की तिथि क्यों घोषित की गई, पूरी तैयारी के बाद ही परीक्षा की तिथि तय की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अब परीक्षार्थियों को सरकार के बजाए अदालत पर भरोसा है, परीक्षार्थियों की ओर से कोर्ट में 46 याचिका दर्ज हो चुकी है।

# ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर बैठक का आयोजन

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

पिछले 10 सालों से कर्मचारियों की मांगों पर सरकार ने कोई भी कार्य नहीं किया, ना ही समाधान किया। कर्मचारी विधानसभा चुनाव से पहले अपनी मांगों के समाधान करवाने के लिए सरकार से बार-बार आग्रह कर रहे हैं, लेकिन सरकार कर्मचारियों को धमकाने का कार्य कर रही है, जिससे - कर्मचारियों में भारी रोष है। उक्त बातें राज्य प्रधान सुरेश राठी ने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले बिजली कर्मचारियों की यूनियन ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) की राज्य कार्यकारिणी मीटिंग संघ रोहतक भवन में आयोजित मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए कही। मंच का संचालन महासचिव नरेश कुमार ने किया। यूनियन के चेयरमैन देवेन्द्र हुड्डा व राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने संबोधित करते हुए बताया कि मनोहर लाल खट्टर पूर्व सीएम ने सरेआम कर्मचारियों को धमकी देते हुए कहा था कि सभी को देख लूंगा, इस बयान से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त हुआ। कर्मचारियों की मांगों पर काम करने की जाए उनकी आवाज को ही दबाया जा रहा है। महंगाई इतनी बढ़ गई है कि आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। लोकसभा चुनाव में लोगों ने दिखा दिया है किसान, कर्मचारी, दुकानदार, मजदूर हर वर्ग दुखी है। हरियाणा सरकार ने जल्द मांगों पर प्रतिनिधियों से वार्ता करके समाधान नहीं किया तो यूनियन व संघ मिलकर सरकार के खिलाफ हर गांव व शहरों में जनता के सामने अपने मुद्दे रखते हुए नुक्कड़ सभा जनसभा करेंगे। जुलाई महीने में बड़े प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। कर्मचारियों की मांगों समय रहते कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, नई भर्ती जो की गई है हजारों कर्मचारी प्रभावित होंगे, सरकार को सुप्रीम कोर्ट जाकर केस की पैरवी करनी चाहिए, सभी डिपार्टमेंट में हजारों पद खाली हैं, स्थाई भर्ती की जाए, हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग किया जाए, इससे किसी को कोई फायदा होने की बजाय शोषण बढ़ रहा है व कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा बंद हो गई है, उसे शुरू किया जाए। इस मौके पर शब्बीर अहमद, सुदामपाल, राजेन्द्र राणा, सुरेंद्र यादव, लोकेश कुमार, संदीप खेदड़, जगमिंदर सिंह पूनिया, सोमपाल रावल, सतीश जांगड़ा, सतीश मान, दलीप सोनी, सूबे सिंह कादियान, सामून खान, धर्मबीर भाटी, धर्मराज कुंडू, बाबूलाल, संजीव, विकास, दहिया, रविंद्र दलाल, संजय सैनी, सुखदेव सिंह राज्य प्रेस सचिव सहित सभी यूनिटों, सर्किल के राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# नशा मुक्त अभियान को लेकर यूआरएमपी चिकित्सक संघ द्वारा बैठक आयोजित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



युवा पीढ़ी नशे की लत से ग्रस्त है ऐसे में देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करना थोड़ा मुश्किल सा लगता है। इसी कड़ी में युवाओं को नशे के चंगुल से निकालने के लिए व इस प्रवृति से बचाने के लिए जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के हर गांव में एक अभियान चलाया जाएगा। यूआरएमपी चिकित्सक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह भाटी व जिला अध्यक्ष देवीलाल वर्मा के तत्वावधान में रविवार को अरोड़ वंश धर्मशाला में यूआरएमपी चिकित्सक संघ हनुमानगढ़ व सभी उपखंड क्षेत्र के यूआरएमपी संघ सदस्यों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही जिला में व्यापक अभियान चलाने के बारे में यूआरएमपी चिकित्सकों को दिशा-निर्देश दिए। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह भाटी कहा कि युवा पीढ़ी तेजी के साथ नशे की लत का शिकार हो रही है। घर से नशे के लिए अपेक्षित धन नहीं मिलने के कारण युवा वर्ग चोरी जैसे अपराध को अंजाम दे रहा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपराधी बनने से बचाने के लिए क्षेत्र में नशे से संबंधित सामग्री बेच रहे अवैध कारोबारियों पर नकेल कसना जरूरी है। इस अभियान में हमें जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिले को नशा मुक्त बनाने के अभियान में सहयोग देना होगा तभी हम युवाओं एवं समाज को नशा मुक्त बना सकते हैं। वही संघ के प्रवक्ता महेन्द्र कुमार कल्याणा ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता हैं। नशे का आदी होना आसान है लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशे के कारण व्यक्ति का सामाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते है जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नई शुरुआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें। इस अभिशाप को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है तो वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। वही इस बैठक में पहुंचे हुए सभी यूआरएमपी चिकित्सक संघ के सदस्यों को नशा मुक्त अभियान के तहत शपथ ग्रहण करवाई गई कि अपने शहर या ग्रामीण क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चला कर युवा एवं समाज को नशा मुक्त अभियान के तहत नशे से दूर रहने का संदेश देंगे वह जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई की अभियान को सफल बनाएंगे। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष- विजय अरोड़ा (हनुमानगढ़ जंक्शन व टाउन) महावीर स्वामी, संगरिया बलविंदर सिंह, टिब्बी सुखदेव सिंह ,रावतसर रामचंद्र, पीलीबंगा देवीलाल शर्मा, नोहर हंसराज गोदारा, भादरा बलवान वर्मा, उपस्थित रहे।

## तपी दोपहरी सास सी

**लगे हाथ**



रूपसिंह राजपुरी
मो. 99283-31870

पूरी दुनिया गर्मी से त्राहिमाम कर उठी है। अमेरिका में भी रिकार्ड गर्मी पड़ रही है। अरब देशों का बुरा हाल है। हमारा राजस्थान तो खैर इसका आदी है। इलाके के दिवंगत कवि चन्द्र सिंह बिरकाली को बचपन से पढ़ते आये हैं। मरुधरा के शुष्क मौसम पर उन्होंने लू और बादली के उनमान से दो पुस्तकें लिखी है जिनमें क्षेत्र की गर्मी के दिनों की परेशानियां और बरसात के बेसब्री से इंतजार की उत्कंठा है।

**'नहीं नदी-नाला अठे नहिं सरवर सरसाय।**
**एक आसरो बादली मरु सूकी मत जाय।'**

और वे आगे लिखते हैं-

**'आठूं पोर उडीकतां बीतै दिन ज्यूं मास।**
**दरसन दे अब बादली मुरधर नै मत तास'**

एक फिल्मी गाना भी सुना ही होगा 'एक बरस के मौसम चार। पतझड़ सावन बसन्त बहार। पाचवां मौसम प्यार का, इंतजार का।' लगता है गाने के गीतकार को भारतीय जलवायु का पूरा ज्ञान नही है यहां तो ऋतुओं का भंडार है। उसे चार का पता था चार गिना दी ।आती सर्दी और जाती गर्मी की रुत को कैसे भुलाया जा सकता है जब दिन में उमस और आधी रात को चारपाई खींचकर बरामदे में ले जानी पड़ती है। वैसे यहां तो हर दिन प्यार का होता है इंतजार का होता है। गर्मी आये और तेवर दिखाये तब सर्दी का इंतजार महबूबा सा करते हैं। सर्दी में धूजणी छूटती है तो गर्मी के इंतजार में गीत गाते हैं ।सूखा पड़ जाये तो बरसात का और अतिवृष्टि होने लगे तो सूखे का। साथ में कहते रहते हैं लू न चलेगी तो खरबूजे तरबूज और अंगूर कैसे मीठे होंगे। शीत लहर न चली तो किन्नू रसीले नहीं होंगे नहरों में पानी कहां से आयेगा? फ़िल्म का गाना है सो प्यार को ज्यादा महत्व देना था। फ़िल्म वालों को सर्दी गर्मी दुख नहीं देती वे गर्मी में एसी लगाकर सोते हैं या उन प्रदेशों में चले जाते हैं जहां उन दिनों बर्फ पड़ती है। हम तो गर्मी में माउंट आबू नहीं जा पाते। सर्दी तो उनके लिये उत्सव ही होती है, अलसुबह तक पार्टियों में खूब खाना पीना नाचना और हीटर वाले कमरे में सोकर दोपहर को जागना। यह तो देश के आम आदमी अथवा किसान वर्ग के हिस्से आता है कि वह मौसम के भरोसे भविष्य का निर्धारण करे। किसान हर मौसम से प्यार करते हैं पौष माघ की सर्द रातों में जब रजाई से उंगली भी बाहर निकल जाये तो लगता है किसी ने काट ली तब खेत में जाकर पानी लगाना और लू के थपेड़ों के बीच सावनी के लिये हल जोतना किसी तपस्या से कम नहीं। नहरबंदी भी उन्हीं दिनों होती है जब पानी की सर्वाधिक आवश्यकता होती है। मौसम अपने रंग बड़ी बेरहमी से दिखाता है जिन दिनों राजस्थान में लोग बूंद बूंद को तरसते हैं उन दिनों बिहार में बाढ़ से तबाही मची होती है। वहां की गंडक, गंगा, बागमती, सोन, कर्मनाशा, घाघरा सरयू,महानंदा आदि नदियां गांवों और फसलों को मटियामेट कर जाती हैं। कोसी नदी तो बिहार का शोक कहलाती है। सरकार अगर नदियों को जोड़ने की बात को धरातल पर उतार दे तो बंगाल बिहार का बाढ़ का पानी मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजरात आ जाये तब प्रोजेक्ट पर लगा पैसा कुछ ही सालों में पूरा हो जायेगा। न बाढ़ से नुकसान होगा न सूखे और अकाल का नामोनीशान रहेगा। लेकिन यह सपना सच नहीं हो रहा। कहने वाले कहते हैं जनता के साथ साथ नेता और अफसर भी बाढ़ का इंतजार करते हैं क्योंकि बाद में मुआवजा बंटता है जिसे फेमिन या राहत कार्य तो कागजों में कहते हैं आम व्यंग्य की भाषा में उसे तीसरी फसल कहा जाता है मुआवजा बांटते समय सफेदपोश ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। तब असली हकदार रह जाये तो रह जाये पार्टी कार्यकर्ता और सरकारी अमला घाटे में नहीं रहता।

भू जल हमारे इलाके में खारा है जहां मीठा है वहां से लगभग दोहन कर लिया धरती की कोख खाली है। ऐसे में सावन का इंतजार होने लगता है वह भी अक्सर खाली निकलने लगा है ।भगवान का मन भी किसान की दशा पर अब पसीजता नहीं। हमारे बचपन में जब सावन सूखा निकलता दिखाई देता तब गांव वाले कहते अब तो यज्ञ करना पड़ेगा अन्यथा अकाल पड़ेगा। यज्ञ क्या होता था सांझे पैसे एकत्रित करके चावल गुड़ खरीद कर लाये जाते गांव के मंदिर या गुरुद्वारा साहब में पका कर गांव वाले स्त्री पुरुषों खासकर बच्चों को खिलाये जाते तो उस दिन दोपहर तक बरसात जरूर आ जाती थी। यह पवित्र भावना का मामला होता था। अन्न के कड़ाह पानी में तैरने लगते। अब शायद भावना में स्वार्थ का घुन लग गया तभी तो पुन्न दान के बावजूद समय पर बरसात नहीं होती। कह सकते हैं भावना को फल लग रहा है। कुल्फी बेचने वाला तीव्र गर्मी मांगता है फसल उगाने वाला वर्षा। दोनों के विचार, जरूरत और स्वार्थ अलग हैं लेकिन उनके घर दाने होने चाहिये इस पर दोनों सहमत हैं। पिछले दिनों गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। देश में प्रतिदिन तापघात से सैकड़ों लोग मरते रहे। एसी आदि के कम्प्रेसर फटने की खबरें आई फ्रिज आदि ने हाथ खड़े कर दिये थे। वो तो मौसम का घूमता लट्टू लगा कुछ दिन पहले आंधी के बाद मामूली राहत देने वाली बरसात हुई। मानसों के साथ ही चिड़ी जनावर और फसलों को जीवनदान मिला। जिस नरमे के खेत में जाकर देखने को मन नहीं करता था वहां बचे पत्तों पर रौनक आ गयी। फसल ठीक हो तो बीमार किसान भी भला चंगा हो जाता है ।अब तो असली मानसून का इंतजार है तब प्यार का मौसम अपने आप बन जायेगा ।मित्र शक्ति प्रसाद माथुर जी की वाल से ली पंक्तियों का रसास्वादन आप भी करें जो पिछले दिनों की गर्मी के मुत्तलिक लिखी गयी हैं -

**'तपी दोपहरी सास सी**
**सुबह बहू सी मौन।**
**शाम ननद सी चुलबुली**
**गर्म जेठ की पौन।।'**

# फोटो पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित होने पर ही केन्द्र में प्रवेश

» 30 जून को जिले में 36 केन्द्रों पर होगी प्री-डीएलएड परीक्षा, प्रवेश पत्र जारी
» हनुमानगढ़ जिले में कुल 12396 अभ्यर्थी नामांकित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राजस्थान राज्य में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्री-डीएलएड परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। इस वर्ष यह परीक्षा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित की जा रही है। समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष 6 लाख 45 हजार 454 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया हैं जिनकी परीक्षा 30 जून को दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक राजस्थान के 1917 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। सह समन्वयक संदीप हुड्डा ने बताया कि परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया जाएगा। जिला समन्वयक एवं हनुमानगढ़ टाउन के राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामपाल अहरोदिया ने बताया कि हनुमानगढ़ जिले में कुल 36 परीक्षा केन्द्रों पर 12396 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिले में परीक्षा आयोजन संबंधित तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर उसमें लिखे अनुदेशों का अध्ययन कर लें। प्रवेश पत्र में किसी भी तरह की समस्या होने पर अविलंब वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पलाइन नम्बर अथवा समन्वयक कार्यालय में 9116828238 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला समन्वयक डॉ. अहरोदिया ने बताया कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र, नीले-काले रंग की स्याही का पारदर्शी बॉलपेन, एक नवीन रंगीन पासपोर्ट फोटो, वैध फोटो पहचान पत्र लाना आवश्यक है। मतदाता पहचान कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड, फोटो पहचान पत्र की छाया प्रति मान्य नहीं है। परीक्षा केन्द्र के परिसर में किसी प्रकार का मोबाइल फोन, ब्ल्यूटूथ, किसी भी प्रकार की घड़ी, केलकुलेटर, लॉग टेबल, संचार के कोइ भी उपकरण, किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, व्हाइटनर, स्लाइड रूल, ज्योमेट्री बॉक्स, कोई भी पाठ्य सामग्री, नोट इत्यादि एवं किसी भी अनुचित साधन को लाने की अनुमति नहीं है। केन्द्र पर मोबाइल फोन अथवा अन्य कोई गेजेट सुरक्षित रखवाने का दायित्व केन्द्राधीक्षकों का नहीं होगा। इसलिए परीक्षार्थी उक्त सामग्री को परीक्षा केन्द्र पर नहीं लाए। फोटो पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने, गहन तलाशी के उपरान्त ही परीक्षार्थी को केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ही परीक्षार्थी प्रयुक्त प्रश्न पत्र बुकलेट एवं ओएमआर की कार्बन कॉपी अपने साथ ले जा सकेंगे।

# नगरपरिषद आपके द्वार अभियान सम्पन्न, सभापति का अभिनंदन



» फुट ओवर ब्रिज सहित अन्य निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने की रखी मांग

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पिछले दो महीने से चल रहे नगर परिषद आपके द्वार अभियान का समापन शनिवार को हो गया। इस अभियान के दौरान जंक्शन व टाउन शहर के सभी वार्डों का नगर परिषद सभापति सुमित रणवां ने नगर परिषद की पूरी टीम एवं पार्षदों के साथ निरीक्षण कर समस्याएं जानी। वार्डवासियों की ओर से बताई गई समस्याओं के तुरंत समाधान का आश्वासन दिया। अभियान के सफल सम्पन्न होने पर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने रविवार को सभापति सुमित रणवां का उनके निवास पर माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर पार्षद गुरदीप सिंह बराड़, भाजपा नेता विजय कौशिक, राजेंद्र पाल सिंह, मनीष कौशिक, मेघराज सहित अन्य शहरवासी मौजूद थे। सभापति ने प्रबुद्ध नागरिकों की मांग पर रेलवे सेकेंड विंडो के पास गांधीनगरवासियों को मार्ग दिलवाने, फुट ओवर ब्रिज का शीघ्रता से निर्माण करवाने, फुट ओवर ब्रिज तक पीछे से सड़क बनवाने सहित अन्य निर्माण कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद ने गत 3 साल से 4 करोड़ रुपए रेलवे विभाग के खाते में जमा करवा रखे हैं। मगर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा न होने से गांधीनगरवासी पिछले लम्बे समय से परेशान हैं। उन्हें मुख्य बाजार में आने-जाने के लिए रेलगाड़ी के नीचे से जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है। इस दौरान कई जानें भी जा चुकी हैं। रोज दुर्घटनाएं भी हो रही हैं मगर रेल प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा।

# खाली पड़े स्थानों पर पौधारोपण करने का लिया संकल्प



» बलिदान दिवस के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन के रामशरणम आश्रम में भाजपा नगर मण्डल, देहात मण्डल की ओर से रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक, मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा, महेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर इतिहास रच दिया है। जिस कश्मीर के लिए डॉ. मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया, वहां से धारा 370 एवं 53ए हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य कर दिखाया है। प्रधानमंत्री की बदौलत आज देश में एक विधान एक निशान एवं एक प्रधान की परिकल्पना का सपना साकार हुआ है। मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा व महेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रिक्त पड़े स्थान पर पौधारोपण करने की शपथ ली। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सुथार, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शैरी दंदीवाल, मण्डल महामंत्री गजेन्द्र सिंह राठौड़, राम कुक्कड़, इन्द्र निनानिया, उपाध्यक्ष अशोक जुनेजा, राजपाल सोनी, देहात मण्डल महामंत्री राजेश जिनागल, दयाराम शर्मा, मंत्री नरेश, जयसिंह गेदर, पलविन्द्र सिंह, बलवीर सिंह, नरेन्द्र शर्मा, कुलवंत वर्मा, महेश वर्मा, संदीप विर्क, हरीश वर्मा, अमन वर्मा, संदीप छाबड़ा, अमीचंद सारस्वा, संदीप सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।




# स्काउट-गाइड ने पिलाया जल जीरा



**हनुमानगढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ हनुमानगढ़ जंक्शन रोवर स्काउट, रेंजर गाइड ने रविवार को जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जल जीरा की छबील लगाकर यात्रियों की तपती गर्मी में प्यास बुझाई। रोवर लीडर सोहन गोदारा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए रयान कॉलेज 4 जेआरके, अनिका स्वतंत्र रेंजर टीम हनुमानगढ़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोड़कियां, पीर कालम शाह स्वतंत्र पीरकामड़िया के रोवर, रेंजर स्काउट गाइड ने छबील में सहयोग किया।

# एकता मंच ने लगाया 19वां निशुल्क शुगर जांच शिविर




## 125 जनों ने करवाई निशुल्क शुगर जांच

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

स्वयंसेवी संस्था एकता मंच की ओर से चलाए जा रहे शुगर जागरूकता अभियान के तहत रविवार को जंक्शन के सुरेशिया में पुलिस चौकी के पास स्थिल गोल पार्क में निशुल्क शुगर जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 125 महिला और पुरुषों ने शुगर की जांच करवाई और उन्हें मौके पर ही निशुल्क जांच रिपोर्ट दी गई। शिविर सुबह साढ़े छह बजे से आठ बजे तक लगाया गया। एकता मंच के शिविर के उप प्रभारी हेमन्त गोयल ने बताया कि एकता मंच ने शुगर रोग के बढ़ रहे प्रकोप के मद्देनजर निशुल्क शुगर जांच अभियान शुरू किया हुआ है। इसके तहत प्रत्येक रविवार शहर के एक पार्क में जा कर सुबह साढ़े छह बजे से आठ बजे तक निशुल्क शुगर की जांच की जाती है और शुगर रोग को लेकर जागरूक किया जाता है। इस वर्ष फरवरी माह से किए गए इस अभियान में अब तक अठारह शिविर लग चुके हैं। इस कार्य में हनुमानगढ़ जंक्शन की नेशनल लैब एवं टाउन की रिलायबल लैब और निदेशक दिनेश गुप्ता का सहयोग रहता है। रविवार को आयोजित शिविर में पार्षद हेम सिंह, सुनील अमलानी, सिंगाराम, राजेन्द्र चौधरी, निरंजन नायक, पूर्व पार्षद जसपाल सिंह, सौरभ शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता भूप सिंह राठौड़, राजू बिश्नोई, विकास शर्मा आदि मौजूद हुए। पार्षदों ने एकता मंच के सामाजिक सरोकारों को सराहनीय बताया। पार्षदों के अनुसार वार्ड-वार्ड शुगर जांच शिविर लगा कर लोगों को जागरूक करना समय की जरूरत है। शिविर में एकता मंच अध्यक्ष विनोद दुगड़, उपाध्यक्ष राजेश मिढ़ा, कोषाध्यक्ष आशीष गोयल, दीपक अग्रवाल, हरपाल राय गर्ग, भरत सिंह गिरदावर, श्रीप्रकाश शर्मा, मनोज प्रजापत, गुरदीप सिंह, गणेश सोलंकी, सतीश शर्मा, राजेंद्र ग्रोवर, अरुण खुराना 'बॉबी', मुकेश बडगुजर, शंकर सिंह नरुका, संजीव गोयल, अशोक नंदा, भवानी शंकर शर्मा, रविन्द्र डालमिया, आदि शामिल हुए।

# वोट नहीं देने वालों से सहानुभूति मत रखो: राठौड़

» भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा- कांख में डालकर लाना बंद करो, काम भी नहीं करने के संकेत

तेज | रिपोर्टर. चूरू



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अपनी हार की पीड़ा जाहिर करते हुए कार्यकर्ताओं को मैसेज दिया- जो लोग विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हमारे साथ नहीं रहे उन्हें साथ लाना बंद कर दीजिए। कोई न कोई ऐसे लोगों को लेकर आ जाता है (काम करवाने के लिए), जो लोग चुनावों में कभी पार्टी का झंडा उठाते हैं कभी रखते हैं, ऐसे लोगों के प्रति सहानुभूति रखना बंद कर दीजिए। राठौड़ तारानगर में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के साथ जन सुनवाई कर रहे थे। राठौड़ और चूरू लोकसभा भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया ने तारानगर के एक गेस्ट हाउस में जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने कहा- जिन लोगों ने विधानसभा और लोकसभा के चुनावों में भाजपा का साथ नहीं दिया, अब उन लोगों को कांख में डालकर लाना बंद करो। उन्होंने कहा- तारानगर में जन सुनवाई जारी रहेगी। विधानसभा चुनावों से ज्यादा आपने लोकसभा चुनावों में मेहनत की। जिस प्रकार पिछले चुनावों में समाज को तोड़ने की आंधी चली उसको भाजपा कार्यकर्ता रोक नहीं पाए। उम्मीद कार्यकर्ता नेताओं से करते हैं तो नेता भी कार्यकर्ताओं से उम्मीद रखते हैं। राठौड़ ने कहा कि मुंह में राम बगल में छूरी से बचना चाहिए। पूरे प्रदेश में पानी व बिजली का संकट छाया रहा। पिछली कांग्रेस सरकार की विरासत अब भाजपा को मिली है। कांग्रेस सरकार ने लम्बी चौड़ी घोषणाएं कर दी थी। कांग्रेस सरकार ने बिजली उत्पादन पर ध्यान नहीं दिया। मांग और पूर्ति में बहुत ज्यादा अंतर आ गया। गलत समय में नहर बंदी का परिणाम भी हमको भुगतना पड़ रहा है। पात्र व्यक्तियों के कुंड और मकान की स्वीकृतियां निकलेंगी। अभी पूरे देश में तीन करोड़ मकानों की स्वीकृतियां निकलनी हैं। गरीब लोगों का काम हो उसके लिए प्रयास किए जाएंगे। राठौड़ ने कहा- डबल इंजन की सरकार है मन लगाकर काम करेंगे।

### लोगों ने मेरे साथ सेल्फी तो बहुत ली, वोट नहीं दिए: झाझड़िया

चूरू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रहे देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा- लोगों ने मेरे साथ सेल्फी तो बहुत ली, लेकिन उन्होंने वोट नहीं दिए। मैं जमीन से जुड़ा हुआ किसान का बेटा हूं, लेकिन फिर भी मैं अब आपके बीच ही रहूंगा, आपके कार्य करवाएंगे। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, राकेश जांगिड़, जसवंत स्वामी, भाजपा तहसील अध्यक्ष विशाल शर्मा, महावीर पूनियां, सुशील सरावगी, शिवभगवान जोशी, त्रिलोक रेगर, मांगू खां बांय, हरी इन्दौरिया, मोहम्मद फारूख, मोहम्मद तैयब, शिवकुमार शर्मा व लीलाधर बागोरिया आदि मौजूद थे।

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442